संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, बुधवार, 22 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को पश्चिमी चंपारण में राधा मोहन सिंह स्मृति चिन्ह देकर अभिनंदन करते हुए।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 | वर्षः 18 अंकः 140 पृष्ठः 12 | RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं। - भगवत गीता"

## मन की बात



"सब कुछ खोने से ज्यादा बुरा उस उम्मीद को खो देना जिसके भरोसे हम सब कुछ वापस पा सकते हैं।
-स्वामी विवेकानंद"

## ममता के बयान पर भड़के साधु-संत

**टीम एक्शन इंडिया**
**कोलकाता:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी छठे चरण के मतदान से पहले उत्तरी कोलकाता में रोड-शो करने वाले हैं। उनके आगे-आगे साधु-संत नंगे पैर उस रास्ते से पदयात्रा करेंगे।

# इंडी गठबंधन की डूब रही है नाव: पीएम मोदी

● सपा-कांग्रेस ले रहे झूठ का सहारा, सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिनदहाड़े गोली और बम चलते थे

**टीम एक्शन इंडिया**
**प्रयागराज: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी** ने मंगलवार को परेड ग्राउंड में जनसभा को संबोधित किया। इलाहाबाद से भाजपा प्रत्याशी नीरज त्रिपाठी और फूलपुर से प्रत्याशी प्रवीण पटेल को जिताने की अपील करते हुए मोदी ने कहा कि सपा शासन काल में इलाहाबाद में दिन दहाड़े गोली और बम चलते थे। व्यापारी असुरक्षित महसूस करते थे। आज भाजपा सरकार माफिया के महलों को ढहाकर वहां गरीबों के लिए मकान बनवा रही है। उन्होंने कहा कि सपा शासन काल में जाति देखकर नौकरी मिलती थी। यूपीपीएससी का नाम बदलकर परिवार सर्विस कमीशन रख दिया गया था। सपा-कांग्रेस सरकार में प्रयागराज के साथ काफी भेदभाव किया गया था। वोट बैंक के लालच में यह लोग कुंभ की व्यवस्था ठीक तरीके से नहीं करते थे। मोदी ने कहा कि चौबीस का चुनाव तय करेगा कि भारत के भविष्य की त्रिवेणी किधर से बहेगी। पीएम ने करीब 22 मिनट तक भाषण दिया। राम मंदिर के मुद्दे पर भी विपक्ष को घेरा।

**अब एक्सप्रेस वे और डिजिटल इंडिया से होती है भारत पहचान:** पीएम मोदी ने कहा कि आज भारत तेजी से बदल रहा है। विश्व पटल पर भारती की पहचान अब एक्सप्रेस वे से होती है. इंफ्रास्ट्रक्चर से होती है। भारत की डिजिटल टैक्नोलॉजी लेने के लिए विदेशी भी लालायित हैं। भारत आज भारत दुनिया में अपनी आवाज बुलंद कर रहा है। यहां की टी-ट्वेंटी से दुनिया हैरान।

**अलग है प्रयागराज का मिजाज:** पीएम ने कहा कि प्रयागराज का मिजाज हर जगह से अलग है। यहां के लोग किसी से दबकर रहते हैं न किसी से डरकर रहते हैं। जो जिंदादिली मैने में प्रयागराज के लोगों में देखी है वह कम ही देखने को मिलती है। यही मिजाज आज के भारत का मिजाज है। भारत आज तेजी से बढ़ रहा है। हर देशवासी खुश है। सपा-कांग्रेस और इंडी गठबंधन वालों को यह बात हजम नहीं हो रही है। कांग्रेस के शहजादे भारत को गाली देने के लिए विदेश जाते हैं। इंडी गठबंधन का एजेंडा है कि वह सत्ता में आए तो कश्मीर से आर्टिकल 370 और सीएए खत्म कर देंगे।

**पीएम बोले- सपा ने प्रतिभाओं को किया बर्बाद:** प्रधानमंत्री ने युवाओं की नब्ज टटोलते हुए कहा कि प्रयागराज शिक्षा का बड़ा केंद्र। यहां के युवा कभी भूल नहीं सकते कि सपा कैसे उनके सपनों का सौदा करती थी। योग्यता की कद्र नहीं होती थी। किसी और की नौकरी किसी और को मिलती है। जाति देखकर नौकरी दी जाती थी। घूसखोरी चरम पर थी। यूपीपीएससी को परिवार सर्विस कमीशन बना दिया गया था। कितनी प्रतिभाओं का भविष्य बर्बाद कर कर दिया था।



### कुंभ से ज्यादा वोट बैंक की चिंता: पीएम मोदी

**पीएम** ने कहा कि सपा-कांग्रेस को कुंभ से ज्यादा वोट बैंक की चिंता रहती है। इंडी गठबंधन वालों से विकास नहीं हो सकता। सपा-कांग्रेस के समय कुंभ में भगदड़ मच जाती थी। इनका सुशासन और हमारी आस्था से छत्तीस का रिश्ता है। सपा और कांग्रेस ने तुष्टीकरण का कंपटीशन होता था। इन लोगों ने राम मंदिर का बहिष्कार किया। यह लोग सत्ता में आए तो अगले साल होने वाले कुंभ को क्या अच्छे से होने देंगे।

पीएम ने कहा कि आजह हर गांव और जनपद को एक बराबर और भरपूर बिजली मिल रही है। भाजपा शासन काल में समस्या खत्म हो गई है। प्रयागराज, रायबरेली, लखनऊ फोरलेन हाईवे, गंगा एक्सप्रेस, हल्दिया से प्रयागराज तक वाटर वे, अम्रत स्टेशन, वंदे भारत ट्रेन, हर क्रांसिंग पर ओवर ब्रिज, अंडर पास, गंगा आईकोनिक केबिल, बमरौली का कायाकल्प सब भाजपा सरकार की देन है।

### विपक्ष को घेरा

▶▶ कांग्रेस सत्ता में आई तो कश्मीर से आर्टिकल 370 और सीएए खत्म कर देगी: पीएम मोदी

# इंडी गठबंधन चार जून को सरकार बनाएगा: अरविंद केजरीवाल

### दावा

▶▶ अमित शाह कहते हैं कि आम आदमी पार्टी को सपोर्ट करने वाले पाकिस्तानी हैं। यह अहंकार बोल रहा है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार को एक सर्वेक्षण का हवाला देते हुए दावा किया कि चार जून को इंडी गठबंधन 300 से अधिक सीटों के साथ सरकार बनाएगा। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश जारी कर कहा कि लोकसभा चुनाव का पांचवां चरण पूरा हो चुका है। जनता के रूझान से स्पष्ट है कि केंद्र की भाजपा सरकार सत्ता से जा रही है। केजरीवाल ने कहा कि कई लोगों ने सर्वे किया है जिसमें इंडी गठबंधन को 300 से ज्यादा सीटें मिल रही हैं। इंडी गठबंधन देश को साफ सुथरी सरकार देने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। आगे उन्होंने भाजपा नेता अमित शाह और योगी आदित्यनाथ की दिल्ली में चुनावी रैली में दिए बयानों को लेकर हमला बोला।

उन्होंने कहा कि अमित शाह कहते हैं कि आम आदमी पार्टी को सपोर्ट करने वाले पाकिस्तानी हैं। यह अहंकार बोल रहा है।

## लंदन से सिंगापुर जा रहे विमान में टबुर्लेंस की वजह से एक यात्री की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**बैंकॉक:** लंदन से सिंगापुर जा रही सिंगापुर एयरलाइंस की फ्लाइट में एक यात्री की मौत हो गई है। विमान में कई यात्री घायल भी बताए जा रहे हैं। इसकी वजह खतरनाक टबुर्लेंस को बताया गया है। एयरलाइन ने बयान जारी कर घटना की पुष्टि की है। टबुर्लेंस के बाद विमान की बैंकॉक में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई है। एयरलाइन ने एक बयान में कहा कि बोइंग 777-300 ईआर विमान 211 यात्रियों और चालक दल के 18 सदस्यों को लेकर सिंगापुर जा रहा था।

## आजमगढ़: अखिलेश यादव की जनसभा में मची भगदड़

**टीम एक्शन इंडिया**
**आजमगढ़:** आजमगढ़ जिले में मंगलवार को लालगंज लोकसभा क्षेत्र के खरेवां में अखिलेश यादव की जनसभा में अचानक भगदड़ मच गई। हालांकि पुलिस ने मौके पर लोगों को शांत कराया और भीड़ को हटाया। थोड़ी ही देर में माहौल सामान्य हो गया। लोकसभा लालगंज के खरेवां में सपा मुखिया अखिलेश यादव की जनसभा का आयोजन किया गया था। जैसे ही अखिलेश अपना संबोधन शुरू करने के लिए उठे कार्यकर्ता जोश में आ गए, जिससे कुछ देर के लिए भगदड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले को संभाला। इस दौरान पुलिसकर्मियों द्वारा कुछ लोगों पर डंडा चलाने की भी बात सामने आ रही है।









# 1 से 21 जून तक देशभर में लगाए जायेंगे गुरमत कैंप: जसप्रीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी धर्म प्रचार विभाग द्वारा हर साल की तरह इस बार भी गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के लिए पंजाबी सिखलाई एवं इतिहास की जानकारी हेतु गुरमत कैंप का आयोजन किया जा रहा है। देश भर में 1 से 21 जून तक गुरमत कैंप लगाए जाएंगे और 22 और 23 जून को लक्खी शाह बंजारा हाल मे सभी प्रतियोगियों एवं टीचर्स को सम्मानित किया जायेगा। दिल्ली कमेटी धर्म प्रचार के चेयरमैन जसप्रीत सिंह करमसर ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कैंपों की अपार सफलता के बाद देश भर से कैंप लगाने के लिए मांग की जा रही है जिसके चलते कमेटी ने फैसला लिया है कि दिल्ली के साथ साथ हरियाणा, पंजाब, आगरा, रायपुर, बंगाल, पटना, लखनऊ सहित अन्य कई स्थानों पर कैंप का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस बार कैंप में 20 हजार से अधिक बच्चों के भाग लेने की उम्मीद की जा रही है वहीं 600 से अधिक टीचर्स जो कि बच्चों को मातृभाषा और गुरु इतिहास की जानकारी देने के इच्छुक हैं, उनकी अर्जियां धर्म प्रचार विभाग में पहुंच चुकी हैं। सः जसप्रीत सिंह करमसर ने बताया कि कमेटी द्वारा बच्चों के लिए किताबें और अन्य स्टेशनरी भी तैयार करवाई गई है जिससे बच्चों को मातृ भाषा सीखने में मददगार साबित होंगे। उन्होंने कमेटी अध्यक्ष हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो का आभार प्रकट किया जिनके विशेष सहयोग से ही गुरमत कैंप लगाए जायेंगे।




**आभार प्रकट**

▶▶ हरमीत सिंह कालका और महासचिव जगदीप सिंह काहलो का आभार प्रकट किया

## शॉर्ट सर्किट से मकान के तीसरी मंजिल पर लगी आग

**खोड़ा।** थाना क्षेत्र के गीतांजलि विहार में रविवार रात साढ़े ग्यारह बजे मकान के तीसरी मंजिल पर बने दो कमरों में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। सूचना पर दमकलकर्मी दो गाड़ी लेकर रवाना हुए लेकिन गली के घुमावदार व संकरी होने से मौके पर गाड़ियां पहुंच नहीं पाईं। दमकलकर्मियों ने नगरपालिका परिषद के टैंकरों की मदद से करीब चार घंटे में आग पर काबू पाया। गीतांजलि विहार निवासी ईश्वर दयाल मिश्रा किराये के मकान में रहते हैं। वह निजी कंपनी से जुड़कर बाइक चलाकर परिवार का गुजारा करते हैं। घर में पत्नी और दो बेटे हैं। उन्होंने बताया कि रात साढ़े दस बजे वह खाना खाकर सो गए थे।

इस दौरान बिजली के बोर्ड में शॉर्ट सर्किट हुआ और कमरे में आग लग गई। आग की लपटें फैलने के बाद लोगों ने बाल्टी से आग बुझाने का प्रयास किया।

## खोड़ा में खौफनाक वारदात, एसी मैकेनिक की गला रेत कर हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**खोड़ा:** गाजियाबाद के खोड़ा स्थित सरस्वती विहार कॉलोनी में सोमवार रात को अज्ञात लोगों ने एसी मैकेनिक जसवीर (35) की गला रेत कर हत्या कर दी। मृतक का शव मंगलवार सुबह घर के अंदर कमरे में मिला। परिजनों ने दोस्तों पर हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें सामने आ रहा है कि वारदात से पहले इनके बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। खोड़ा कॉलोनी के सरस्वती विहार कॉलोनी में जसवीर परिवार के साथ रहता था। वह एक मैकेनिक का काम करता था। जसवीर की बहन ने बताया कि उनका भाई घर के अंदर अकेला रहता था। सोमवार रात करीब 11:00 बजे घर से कुछ दूरी पर आसपास रहने वाले लड़कों के साथ उनके भाई का किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। झगड़े के बाद कुछ लोग उसके भाई जसवीर को घर ले आए। इसके बाद आरोपी फिर से जसवीर के घर पहुंचे। यहां उन्होंने खाना पीना किया। इसके बाद आरोपी चले गए। बहन का आरोप है कि देर रात आरोपी फिर आए और उनके भाई की गला रेत कर हत्या कर दी। मंगलवार सुबह सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फॉरेंसिक टीम ने सबूत एकत्रित किए। परिजनों ने जिन लोगों पर आरोप लगाए हैं, वह फरार हैं।



## जयमाला पर दुल्हे ने दुल्हन को किस कर दिया

**टीम एक्शन इंडिया**

**हापुड़:** थाना देहात क्षेत्र के मोहल्ला अशोकनगर में शादी के दौरान जयमाला पर दुल्हे ने दुल्हन को किस कर दिया। इस पर दुल्हन पक्ष के लोग भडक गए और दोनों पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दुल्हे पक्ष के लोगों ने दुल्हन पक्ष के लोगों पर लाठी डंडों, सरिया से हमला कर पथराव कर दिया। इसमें दुल्हन पक्ष के करीब छह लोग घायल हुए हैं। झगड़े की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराकर दोनों पक्षों के सात लोगों को हिरासत में ले लिया। वहीं, बारात भी बिना दुल्हन के बैरंग लौट गई। मोहल्ला निवासी व्यक्ति ने बताया कि उसकी दो पुत्रियों की सोमवार की रात शादी थी। उसकी बड़ी पुत्री की मोहल्ला सुभाषनगर व छोटी पुत्री की मोहल्ला शिवनगर से बारात आई थी। व्यक्ति की बड़ी पुत्री की शादी तो सुभाषनगर निवासी एक युवक से सकुशल संपन्न हो गई। लेकिन उसकी छोटी पुत्री की शादी में जयमाला पर दुल्हे ने उसकी पुत्री को किस कर दिया। इस पर दुल्हन पक्ष के लोग भडक गए और दोनों पक्षों में कहासनुी हो गई। कहासुनी के बाद विवाद इतना बढ़ा कि दुल्हे पक्ष के लोगों ने दुल्हन पक्ष के लोगों पर लाठी डंडों व सारियों से हमला कर जमकर पथराव कर दिया। इसमें दुल्हन के पिता समेत छह लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। झगड़े की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया।



## 22 बिल्डरों ने जमा किए बकाया, 1700 रजिस्ट्री का रास्ता खुला

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडा।** नोएडा में अब तक 22 बिल्डरों ने 245 करोड़ रुपए की राशि जमा की है। बकाया जमा करने के बाद 1700 रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। इनमें से अब तक करीब 650 रजिस्ट्री हुई है। नोएडा प्राधिकरण की ओर से रजिस्ट्री शिविर के माध्यम से काम पूरा करने की कवायद की जा रही है। प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक 22 बिल्डरों ने कुल बकाये की 25 प्रतिशत राशि जमा की है। इनकी बकाये की जमा हो चुकी राशि के आधार पर 1700 रजिस्ट्री हो सकती है। वहीं, आठ बिल्डरों ने कुल बकाये के 25 प्रतिशत राशि का कुछ हिस्सा जमा किया है। लिहाजा इनकी रजिस्ट्री की गणना अब तक नहीं की गई है। जब इनकी ओर से 25 प्रतिशत राशि जमा करा दी जाएगी तब रजिस्ट्री की संभावना वाले यूनिट की गणना की जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि रजिस्ट्री विभाग के आंकड़ों के मुताबिक वर्तमान समय तक करीब 650 रजिस्ट्री हो चुकी है। वहीं, आज एक बिल्डर की ओर से 40-50 रजिस्ट्री कराने की उम्मीद है।

**रजिस्ट्री**

▶▶ बकाया जमा करने के बाद 1700 रजिस्ट्री का रास्ता खुल गया है। इनमें से अब तक करीब 650 रजिस्ट्री हुई है


# एक्शन इंडिया

## (राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक)

**समाचार पत्र में वर्गीकृत, अदालती सूचना, पासपोर्ट में नाम परिवर्तन, खोया-पाया, नाम परिवर्तन, नाम सुधार, बेदखली सूचना, मजहब परिवर्तन, बैंक नोटिस सहित सभी प्रकार की सूचना एवं विज्ञापन प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें :-**

**एक्शन इंडिया मीडिया हाउस**

शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042

संपर्क सूत्रः 8447314925, 9999889104

विज्ञापनों के लिये भारत सरकार सहित दिल्ली सरकार, हरियाणा सरकार, उत्तराखंड सरकार, उत्तर प्रदेश सरकार, हिमाचल प्रदेश सरकार, राजस्थान सरकार सहित सभी सरकारी विभागों द्वारा मान्यता प्राप्त।


## 12 बिल्डर न तो सहमति दे रहे न ही जमा करा रहे राशि

**नोएडा :** प्राधिकरण के बकायेदार बिल्डरों में से 12 न तो पैसे जमा कराने की सहमति दे रहे हैं और न ही पैसे जमा कराने के लिए आगे आ रहे हैं। इन पर करीब 1696 करोड़ रुपए का बकाया है। इनकी बैठक तो हुई है लेकिन इनकी ओर से अभी तक सकारात्मक संदेश नहीं दिया गया है। इन बिल्डरों में सेक्टर-50 का टीजीबी इंफ्रास्ट्रक्चर, सेक्टर-137 का एमपीजी रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-121 का रियल्टी प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-77 का सिविटेक डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, सेक्टर-61 का मनीषा कीबी प्रोजेक्ट प्राइवेट प्राइवेट लिमिटेड और सेक्टर-77 का शामिल हैं। इन बिल्डरों को बीते 7 मई को प्राधिकरण ने नोटिस भेजा है।


**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**TENDER NOTICE**

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railways, Ambala Cantt-133001 for and behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item.

| S. N. | E-Tender No. | Description | Qty. | Tender Closing Date & Time | EMD (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 98245261 | संलग्न विनिर्देशों के रूप में आरएफआईडी (रेडियो फ्रीक्वेंसी पहचान)। | 25 Nos. | 18.06.24 at 11:00 hrs | 1,74,950/- |
| 2. | | एसएमसी (स्मार्ट कार्ड रीडर) जैसा विनिर्देश संलग्न है। | 25 Nos. | | |
| 3. | | एटीवीएम-स्मार्ट कार्ड संचालित टिकट वेंडिंग मशीन (विनिर्देश संलग्न)। | 45 Nos. | | |

NOTE-1. Vendors may visit the IREPS website i.e. www.ireps.gov.in for details. 2. No Manual offer will be entertained.

E-Tender Notice No. सं 98245261 Dated: 20.05.2024 1524/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**शुद्धिपत्र**

**संदर्भ: निविदा सूचना संख्या 101/2023-2024 दिनांक 20.03.2024. क्र.सं. 13 निविदा संख्या 77239072RGC खुलने की तिथि 21.05.2024**

उपरोक्त संदर्भित निविदा की खुलने की तिथि 21.05.2024 से बढ़ाकर 06.06.2024 कर दी गई है। अन्य सभी नियम एवं शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। शुद्धिपत्र वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर प्रकाशित किया गया है। **नोटः** उपरोक्त संदर्भित निविदा में यह पहला शुद्धिपत्र है। **दिनांक : 20.05.2024** **1533/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

उप मुख्य अभियन्ता/निर्माण, उत्तर रेलवे, तिलक ब्रिज, नई दिल्ली द्वारा कार्य के लिए निर्धारित प्रोफार्मा पर **एकल पैकेट खुली ई-निविदा** आमंत्रित करते हैं।

| | |
|---|---|
| 1 | **कार्य का नाम व स्थानः** रोहतक-महम-हांसी नई लाइन के महम-हांसी खंड में 03 नंबर एलएचएस (चेनेज किमी 38/497, किमी 44/575 और किमी 53/488) पर कवर शेड, रिटेनिंग वॉल और सड़क का प्रावधान। |
| 2 | **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 4.34 करोड़ |
| 3 | **धरोहर राशिः** रु. 3,67,100/- |
| 4 | **कार्य निष्पादन की अवधिः** 06 (छह) माह |
| 5 | **ई-निविदा जमा करने व खुलने का समय, तारीख व स्थानः** निविदा दिनांक 12.06.2024 तक आईआरईपीएस वेबसाइट www.ireps.gov.in पर 11.30 बजे तक अपलोड की जा सकती हैं। निविदाकर्ता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं, जो 12.06.2024 को 11.30 बजे खोली जाएगी। |
| 6 | **विस्तृत निविदा सूचना एवं निविदा दस्तावेजः** विस्तृत ई-निविदा दस्तावेज www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं के दस्तावेज आईआरईपीएस वेबसाइट पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए दिनांक 29.05.2024 से 12.06.2024 तक उपलब्ध होगें। उपरोक्त निविदाओं के संबंध में अन्य सभी नियम और शर्तें निविदा दस्तावेज में दी गयी हैं। विस्तृत निविदा सूचना को उपरोक्त कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर भी देखा जा सकता है। |

**संख्याः 488-एसीएस-सी-आरओके-एचएनएस-एलएचएस-टीकेजे दिनांकः 20.05.2024** **1527/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**आवेदन आमंत्रित करने हेतु सूचना**

दिल्ली मंडल के 37 हॉल्ट स्टेशनों पर हॉल्ट ठेकेदार की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करने की सूचना।

| | |
|---|---|
| 1 | **आवेदन क्रमांक आमंत्रण सूचना :** 631-CP-231-Halt Tender-2023 |
| 2 | **कार्य का नाम एवं स्थान :** दिल्ली मंडल में पांच साल (05) की अवधि के लिए कमीशन के आधार पर अनारक्षित टिकटों की बिक्री के लिए 37 हॉल्ट स्टेशनों पर "37" हॉल्ट ठेकेदारों की नियुक्ति हेतु। |
| 3 | **निविदा प्रकार :** खुली आवेदन |
| 4 | **निविदा जमा करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** आवेदन, सीलबंद लिफाफे में वाणिज्यिक शाखा, डी आर एम कार्यालय, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली-110055 में दिनांक 21.05.2024 से 11.06.2024 (प्रातः 10:00 बजे से शाम 17:00 बजे तक) तथा दिनांक 12.06.2024 को 14:00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे और दिनांक 12.06.2024 को ही 15:00 बजे खोले जाएंगे। |
| 5 | **सम्पूर्ण निविदा सूचना कहाँ देखी जा सकती है :** निविदा निमंत्रण की सूचना तथा निविदा प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किये जा सकते हैं। |

**सं.: 631-CP-231-Halt Tender-2023 दिनांक: 17.05.2024** **1520/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा आमंत्रण सूचना**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कार्य का नाम और इसकी स्थिति | 30-Elect-21-T-2024-25-E3 दादरी और चिपियाना बुजुर्ग के बीच शेड की प्रस्थान लाइन को चौथी मुख्य लाइन में विलय के बाद ईएमयू कार शेड जीजेडबी में बुनियादी ढांचे के उन्नयन के संबंध में विद्युत कार्य। | | |
| निविदा की अनुमानित लागत | ₹361.47 लाख | बयाना राशि | ₹3,30,700/- |
| कार्यालय का पता | वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी., स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली | | |
| निविदा निवेदन/खोलने की दिनांक व समय | 24.06.2024 at 12:00 hrs. | | |
| वेबसाइट व नोटिस बोर्ड | www.ireps.gov.in वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/जी. नई दिल्ली | | |

**1530/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**उत्तर रेलवे** — आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला छावनी द्वारा ई-नीलामी की जाएगी (टेबल अनुसार) जिसका विवरण वेबसाईट IREPS पर मौजूद है। ई-नीलामी की धरोहर राशि, बोली की 5% होगी तथा बोली, कम से कम बोली मूल्य से 0.2% बढ़ा कर लगानी होगी।

(नीलामी केटलॉग सं.: UMB-Ctg-02-24) रेट यूनिटः वार्षिक लाइसेंस फीस

| क्र सं. | लॉट सं. एवं विवरण | नीलामी प्रारंभ होने की तिथि व समय | नीलामी समाप्त होने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1 | Catg-UMB-NBA-GMU-64-21-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) सभी श्रेणी के लिए स्टाल सं.2 प्लेटफार्म नं. 1 नाभा रेलवे स्टेशन पर) | 03.06.2024 को 10:00 बजे | 03.06.2024 को 10:30 बजे |
| 2 | Catg-UMB-NBA-GMU-63-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) महिला श्रेणी के लिए स्टाल सं.2 प्लेटफार्म नं. 1 नाभा रेलवे स्टेशन पर) | | 03.06.2024 को 10:40 बजे |
| 3 | Catg-UMB-BOF-GMU-66-24-1 (खान पान-जनरल माइनर यूनिट (GMU) रिफ्रेसमेंट रूम सभी श्रेणी के लिए बरोग रेलवे स्टेशन पर) | | 03.06.2024 को 10:50 बजे |
| 4 | Catg-UMB-DUI-SMU-62-24-1 (खान पान-स्पेशल माइनर यूनिट (SMU) अनुसूचित जनजाति (स्वतंत्रता सेनानी, युद्ध में शहीद की विधवा, रेल कर्मचारी की विधवा) श्रेणी के लिए सर्कुलेटिंग एरिया धूरी रेलवे स्टेशन पर) | | 03.06.2024 को 11:00 बजे |

ई-नीलामी की अधिक जानकारी हेतु सभी भावी निविदाकर्ता रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in को देखें। **1521/2024**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



## गुमशुदा की तलाश/अपहृत



हेमलता

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शायी गई) जिसका नाम **हेमलता पुत्री जय लाल निवासी 2/21, डीडीए फ्लेट, गूदड़ बस्ती, आर्या पुरा, दिल्ली** जो अपने घर से दिनांक **15.05.2024, दोप. 02.30 बजे** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक एफआईआर नं./डीडी नं. **63-ए, दिनांक 17.05.2024 को थाना सब्ज़ी मंडी, (उत्तरी जिला) दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है। जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः-

**लिंगः** स्त्री, **आयुः** 45 वर्ष, **कदः** 5' 3" फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मज़बूत, **पहचान चिन्हः** दाहिने पैर पर जन्मचिह्न, **पहनावाः** गुलाबी रंग की सलवार, क्रीम रंग का कुर्ता और पैरों में चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत महिला के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें:-

**थाना प्रभारी**
**थानाः सब्ज़ी मण्डी, दिल्ली**
**फोनः 011-23827354**
**मोबाइलः 8750870186**

**वेबसाइटः http://cbi.nic.in**
**ई-मेलः cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/5897/N/2024**



## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P. C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अविनाश उर्फ खोपड़ी पुत्र शंकर,** निवासी मकान नंबर C-40, विजय विहार फेज-1 सेक्टर-4, रोहिणी, दिल्ली ने **FIR. No. 117/19. U/s 356/379/411/34 IPC.,** के अंतर्गत थानाः **नॉर्थ रोहिणी,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **अविनाश उर्फ खोपड़ी** मिल नही रही है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **अविनाश उर्फ खोपड़ी** फरार हो गई है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रही है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 117/19. U/s 356/379/411/34 IPC.,** थानाः **नॉर्थ रोहिणी,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **अविनाश उर्फ खोपड़ी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **08.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**एब्नी अग्रवाल, MM(NW),**
कमरा नंबर 107, 1st फ्लोर रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/5911/RD/2024



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 73476708**

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन : 7087033731**

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## नाम परिवर्तन

**मै, मयंक पुत्र प्रवीन त्यागी निवासी गांव बड़ी, तहसील गन्नौर, जिला सोनीपत ने अपना नाम मयंक से बदलकर मयंक त्यागी रख लिया है। भविष्य मे मुझे इसी नाम से जाना जाए।**

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# स्वाति बदसलूकी मामले में मुबंई रवाना हुई पुलिस

**जांच पड़ताल**

▶▶ बिभव ने अपना मोबाइल अपने किसी जानकार के द्वारा मुबंई भेजकर उसका डाटा डिलीट करवाया है



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल बदसलूकी मामले की जांच के लिए दिल्ली पुलिस ने एसआईटी का गठन किया है। मंगलवार को बिभव को लेकर पुलिस मुबंई जा रही है। सूत्रों की मानें तो बिभव ने अपना मोबाइल अपने किसी जानकार के द्वारा मुबंई भेजकर उसका डाटा डिलीट करवाया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार राज्यसभा सांसद स्वाति मालीवाल पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर बिभव कुमार द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के एक हफ्ते बाद, मामले की जांच विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई है। एसआईटी का नेतृत्व एडिशनल डीसीपी (नॉर्थ) अंजिता चेप्याला कर रही हैं। इस बीच, बिभव कुमार को क्राइम सीन को रीक्रिएट करने के लिए मुख्यमंत्री आवास ले जाया गया, जबकि मामले की जांच कर रही दिल्ली पुलिस ने कई स्टाफ सदस्यों के बयान भी दर्ज किये हैं। दिल्ली पुलिस शाम करीब 5 बजकर 45 मिनट पर बिभव को सीएम आवास पर ले गई थी।

## 'केजरीवाल की चुप्पी बताती है महिला सुरक्षा पर उनका रुख'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ हुई कथित मारपीट के मामले में गहरा दुख जताते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल खड़े किए हैं। उपराज्यपाल कार्यालय की ओर से आज जारी वक्तव्य में बताया गया है कि स्वाति मालीवाल ने फोन पर उपराज्यपाल को घटना की विस्तृत जानकारी दी है। साथ ही मामले में सबूतों से छेड़छाड़ की आशंका जताई है। उपराज्यपाल ने कहा कि उन्हें उम्मीद थी कि कम से कम मयार्दा के लिए ही मुख्यमंत्री इस मामले में अपनी बात साफ-साफ कह देते, न कि टालमटोल और संदिग्ध रवैया अपनाते। उनकी चुप्पी महिलाओं की सुरक्षा के मामले में उनके रुख को बयां करती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है और यहां दुनिया भर के राजनयिक समुदाय आते हैं। महिला सुरक्षा के मुद्दे पर ऐसी शर्मनाक घटनाएं और असंवेदनशील तथा षड्यंत्रकारी अवमाननापूर्ण सरकारी प्रतिक्रिया दुनिया भर में भारत की छवि को धूमिल करती है। अगर देश में किसी अन्य मुख्यमंत्री के घर पर ऐसी घटना हुई होती, तो भारत के प्रति शत्रुता रखने वाले निहित स्वार्थी बाहरी ताकतें भारत में महिला सुरक्षा को लेकर एक तीखी वैश्विक कहानी गढ़ देते।

# मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ी



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के मनी लांड्रिंग मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 31 मई तक बढ़ा दी है। सिसोदिया की न्यायिक हिरासत आज खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोर्ट में पेश किया गया। आज दिल्ली हाई कोर्ट मनीष सिसोदिया की ईडी और सीबीआई मामले में जमानत याचिका पर फैसला सुनाने वाला है। इस मामले में आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट नियमित जमानत दे चुका है। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। इससे पहले सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।

# दिल्ली पुलिस के बेड़े में शामिल हुए 1427 नए कांस्टेबल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली पुलिस अकादमी वजीराबाद में पासिंग आउट परेड का आयोजन किया गया। जिसमें 1270 ड्राइवर/कांस्टेबल और 157 कांस्टेबल विधिवत रूप से दिल्ली पुलिस में शामिल हुए। अब तक का यह सबसे बड़ा बैच ड्राइवर का माना जा रहा है। इन्हें न्यू क्रिमिनल लॉ के बारे में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई है, ट्रेनिंग के दौरान। साथ ही राजधानी दिल्ली में किस तरीके से काम करना है, इसको लेकर भी उन्हें ट्रेंड किया गया है। डिप्टी डायरेक्टर - 2 उमाशंकर के अनुसार जो 157 कांस्टेबल भर्ती हुए हैं, उनमें 38 महिला शामिल हैं। आज अकादमी में आयोजित पासिंग आउट परेड में स्पेशल पुलिस कमिश्नर (एचआरडी) एसके गौतम ने परेड की सलामी ली। जिसमें इन पुलिस कर्मियों का हौसला देखते ही बन रहा था। दिल्ली पुलिस अकादमी के ज्वाइंट डायरेक्टर आसिफ मोहम्मद अली के अलावा गुजरात के नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के गेस्ट और दिल्ली पुलिस के कई सीनियर ऑफिसर भी मौजूद रहे। आज भर्ती हुए कांस्टेबल में अलग-अलग राज्यों से शामिल हैं। इनमें से 122 पोस्ट ग्रेजुएट हैं, 788 ग्रेजुएट हैं। जबकि टेक्निकल पढ़ाई कर चुके कांस्टेबलों की संख्या 58 है। इन कांस्टेबलों को नए कानून के अलावा राजधानी दिल्ली में लॉ एंड ऑर्डर मेंटेन करने के दौरान किस तरीके से काम किया जाता है, उसके बारे में। ट्रैफिक रूल्स, कंप्यूटर के बारे में, किसी भी इमरजेंसी स्थिति में फर्स्ट एड कैसे दिया जाता है।

# आम आदमी पार्टी ने करोल बाग में सिग्नेचर कैंपेन चलाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को करोल बाग मार्केट में जेल का जवाब वोट से कैंपेन के तहत सिग्नेचर अभियान चलाया। एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय के नेतृत्व में चलाए गए इस अभियान में पार्टी कार्यकताओं ने लोगों को जागरूक किया। इस दौरान ह्यआई सपोर्ट केजरीवालह्न लिखे बोर्ड पर लोगों ने हस्ताक्षर कर मुख्यमंत्री के समर्थन में संदेश लिखे। डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि जिस तरह से भाजपा पूरे देश में तानाशाही चला रही है, आज जनता उसका जवाब देने के लिए तैयार है। जनता समझ चुकी है कि किस प्रकार से विपक्ष को खत्म किया जा रहा है। हमें जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है और लोग देश से तानाशाही का अंत करने जा रहे हैं।



करोल बाग मार्केट में आई सपोर्ट केजरीवाल का पोस्टर लगाया गया था, जिसपर बड़ी संख्या में लोगों ने अपने हस्ताक्षर किए और अरविंद केजरीवाल के नाम संदेश लिखकर अपना समर्थन जताया। कई समर्थन जेल का जवाब वोट से का ह्यूमन बैनर बनकर लोगों को जागरूक कर रहे थे।

इस दौरान मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने भी पोस्टर पर हस्ताक्षर कर लोगों से अरविंद केजरीवाल का समर्थन करने की अपील की। इस दौरान समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जेल का जवाब वोट से और लड़ेंगे-जीतेंगे के जमकर नारे लगाए। इस दौरान एमसीडी की मेयर डॉ. शैली ओबेरॉय ने कहा कि आज हम करोल बाग मार्केट में सिग्नेचर के माध्यम से जनता का समर्थन ले रहे हैं।

**नारे लगाए**

▶▶ समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने जेल का जवाब वोट से और लड़ेंगे-जीतेंगे के जमकर नारे लगाए

# दिल्ली-एनसीआर में चढ़ता पारा कर रहा परेशान

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और नसीआर में चढ़ता पारा लोगों को परेशान कर रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग का पूर्वानुमान है कि दिल्ली-एनसीआर, पंजाब और राजस्थान के कुछ हिस्सों में कुछ दिन तक हालात ऐसे ही रहेंगे। केरल सबसे गर्म राज्य रहने वाला है। सोमवार को दिल्ली में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पार कर गया। आज भी ऐसे ही हालात रहेंगे। उधर, तमिलनाडु के तिरुचि और डेल्टा क्षेत्र के कई हिस्सों में सोमवार को मध्यम से भारी बारिश हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने केरल में अत्यधिक भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया है। विभाग के अनुसार, आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और दिन में तेज सतही हवा चलेगी, जो भीषण हीटवेव के साथ और परेशान करेंगी। इस हफ्ते शुक्रवार तक यही स्थिति बनी रहेगी। शनिवार से हीटवेव से थोड़ी राहत मिल सकती है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश और बिहार के ज्यादातर हिस्सों में भी लू कहर बरपाएगी।



इसके अलावा दक्षिण के कई राज्यों में बारिश का अनुमान है। तटीय और दक्षिणी आंतरिक कर्नाटक के कुछ में भारी बारिश होगी। तमिलनाडु और केरल में भारी वर्षा होगी। विभाग ने मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, झारखंड, बंगाल और कनार्टक में तेज आंधी और आकाशीय बिजली की चेतावनी जारी की है। इस बीच तमिलनाडु के तिरुचि और डेल्टा क्षेत्र के कई हिस्सों में सोमवार को मध्यम से भारी बारिश हुई है। तिरुचि शहर में शाम को एक घंटे से अधिक समय तक बारिश हुई, जिससे कई मुख्य सड़कें जलमग्न हो गईं और यात्रियों को कठिनाई का सामना करना पड़ा। कैंटोनमेंट के पास सेशन कोर्ट पुलिस स्टेशन में बारिश का पानी घुस गया। भारी बारिश के बाद करूर जिले के कई घरों में पानी घुस गया।

**तपिश**

▶▶ दिल्ली में कुछ स्थानों पर अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पार कर गया

## ईडी का डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मंगलवार को सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी और आंतरिक व्यापार विभाग (डीपीआईआईटी) के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के ठिकानों पर छापेमारी की है। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी धनशोधन जांच के तहत मनी लॉन्ड्रिंग जांच के तहत डीपीआईआईटी के पूर्व सचिव रमेश अभिषेक के परिसरों की तलाशी ले रही है। ईडी की यह कार्रवाई केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से हाल ही में दर्ज एक प्राथमिकी पर आधारित है। इससे पहले सीबीआई ने फरवरी में 1982 बैच के आईएएस रमेश अभिषेक के यहां छापेमारी की थी।

# भाजपा ने स्वाति मालीवाल प्रकरण में केजरीवाल की चुप्पी पर उठाए सवाल

**बदसलूकी**

▶▶ निजी सचिव बिभव कुमार के बचाव में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं लेकिन स्वाति मामले में चुप्पी साधे रखते हैं



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने आम आदमी पार्टी की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास पर हुई मारपीट एवं बदसलूकी के मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं। भाजपा ने कहा कि केजरीवाल अपने निजी सचिव बिभव कुमार के बचाव में प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं लेकिन स्वाति मामले में चुप्पी साधे रखते हैं। यह समझ से परे है। पार्टी ने कहा कि केजरीवाल को जनता के सवालों का जवाब देना चाहिए कि कैसे उनके घर में एक महिला के साथ बदसलूकी हुई। भाजपा प्रवक्ता डॉ. सुधांशु त्रिवेदी ने पार्टी मुख्यालय में मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में केजरीवाल से पूछा कि पहले तो वो आम आदमी की तरह सबसे मिलने की बातें किया करते थे, अब वे अपने शीश महल में ऐसे बंद होकर बैठें हैं कि उनसे मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना पड़ता है। जिस दिन स्वाति के साथ मारपीट हुई उस दिन के सभी अपॉइंटमेंट जनता के सामने आना चाहिए कि वे काफी व्यस्त थे। उन्होंने पूछा कि मुख्यमंत्री के पास जेड श्रेणी की सुरक्षा है तो ऐसे व्यक्ति के घर के अंदर कोई भी बिना अनुमति के कैसे अंदर जा सकता है।

# विदेशी फंडिंग को लेकर भाजपा ने केजरीवाल से पूछे सवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** भारतीय जनता पार्टी ने विदेशी फंडिंग को लेकर आम आदमी पार्टी और उसके राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा है। पार्टी ने केजरीवाल से सवाल किया कि कहीं यह पैसा खालिस्तान से फंडिंग का तो नहीं है? देश यह जानना चाहता है। इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए।

भाजपा के राष्ट्रीय महाचिव तरुण चुघ ने मीडियाकर्मियों से कहा कि यह देश की एकता और अखंडता पर एक तरह से हमला है। जॉर्ज सोरोस जैसे लोग भारत को बर्बाद करना चाहते हैं और केजरीवाल एवं उनकी पार्टी उनके हाथों में खेल रहे हैं।

चुघ ने कहा कि ईडी के इन आरोपा का केजरीवाल को जवाब देना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रवर्तन निदेशालय ने केंद्रीय गृह मंत्रालय को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि दिल्ली और पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने विदेशी अंशदान विनियमन अधिनियम (एफसीआरए) का उल्लंघन कर सात करोड़ रुपये से अधिक का विदेशी धन हासिल किया है।

# मेरे पास बेगुनाही के सबूतः बृजभूषण सिंह

**यौन उत्पीड़न**

▶▶ पूर्व प्रमुख बृजभूषण के खिलाफ यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय कर दिए



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को महिला पहलवानों द्वारा दायर एक आपराधिक मामले में भाजपा सांसद व भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ यौन उत्पीड़न, धमकी और महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के आरोप तय कर दिए। अदालत ने अभियोजन पक्ष को आरोपियों के खिलाफ मुकदमा शुरू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट से बाहर आने पर बृजभूषण ने कहा कि मैं पहले ही अपनी बेगुनाही का सबूत दे चुका हूं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत के समक्ष पेश आरोपियों ने पूछने पर अपना अपराध स्वीकार करने से इनकार करते हुए स्वयं को बेकसूर बताते हुए मुकदमे का सामना करने का तर्क रखा।

सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप भी तय किया गया है। कोर्ट से बाहर आने पर पत्रकारों के सवालों के जवाब देते हुए बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि मेरे ऊपर अभी चार्ज फ्रेम हुआ, जो आरोप लगाए गए हैं उसे अब पुलिस को साबित करना है। मेरे पास अपनी बेगुनाही के पूरे सबूत हैं। उनकी टिकट काटे जाने को लेकर किए गए एक सवाल पर बृजभूषण ने कहा कि मेरे बेटे टिकट मिल गया है।

# कन्हैया कुमार पर हमला करने वाला आरोपित

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** उत्तर पूर्वी जिले की लोकसभा सीट इन दिनों पूरी तरह से हॉट सीट बनी हुई है। 17 मई को न्यू उस्मानपुर इलाके में कांग्रेस कैंडिडेट कन्हैया कुमार पर एक शख्स ने स्याही फेंक कर हमला किया था। दिल्ली पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई की करते हुए अजय कुमार उर्फ रणबीर भट्टी (41) को गिरफ्तार किया है। आरोपित न्यू उस्मानपुर इलाके का रहने वाला है। साथ ही पुलिस इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश कर रही है। कन्हैया कुमार के समर्थन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भजनपुरा में एक बड़ा रोड शो करने जा रहे हैं। रोड शो से पहले भट्टी की गिरफ्तारी को काफी अहम माना जा रहा है। उत्तर पूर्वी जिले के डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि कन्हैया पर हमला करने के मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपित को पकड़ा है। इस मामले में आईपीसी की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया था। इस मामले में आम आदमी पार्टी की निगम पार्षद छाया शर्मा और उनके पति गौरव शर्मा की ओर से पुलिस में लिखित शिकायत की गई थी।



# बीआरएस नेता कविता के खिलाफ चार्जशीट पर 31 मई को फैसला

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली:** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शराब घोटाले से जुड़े मनी लांड्रिंग के मामले में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) नेता के कविता के खिलाफ दाखिल ईडी की चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर फैसला सुरक्षित रख लिया है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने के कविता के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 31 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया। कोर्ट आम आदमी पार्टी और अरविंद केजरीवाल के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 28 मई को सुनवाई करेगा। ईडी ने 17 मई को सातवीं पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें आम आदमी पार्टी और मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया है। ईडी ने 10 मई को छठी पूरक चार्जशीट दाखिल की थी जिसमें बीआरएस नेता कविता, चनप्रीत सिंह, दामोदर शर्मा, प्रिंस कुमार, अरविंद सिंह को आरोपित बनाया गया है।



इस मामले में अब तक 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार होने वाले लोगों में मुख्यमंत्री केजरीवाल, पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, आम आदमी पार्टी के सांसद संजय सिंह, बीआरएस नेता कविता शामिल हैं।

**आरोपित**

▶▶ के कविता के खिलाफ चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 31 मई को फैसला सुनाने का आदेश दिया

# 'सिसोदिया का आचरण लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ बड़ा विश्वासघात'

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आबकारी नीति घोटाला से** जुड़े भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग मामले मनीष सिसोदिया को बड़ा झटका लगा है। दिल्ली हाईकोर्ट ने दोनों ही मामले में नियमित जमानत याचिका खारिज कर दी है। जमानत देने से इनकार करने के निर्णय को सिसोदिया ने चुनौती दी थी। याचिकाएं खारिज करते हुए हाईकोर्ट ने सख्त टिप्पणी करते हुए कहा कि सिसोदिया का आचरण लोकतांत्रिक सिद्धांतों के साथ बड़ा विश्वासघात है। अदालत ने कहा कि यह मामला मनीष सिसोदिया द्वारा सत्ता के गंभीर दुरुपयोग और विश्वास के उल्लंघन को दशार्ता है। यह भी कहा कि मामले में एकत्र की गई सामग्री से पता चलता है कि सिसोदिया ने अपने लक्ष्य के अनुरूप सार्वजनिक फीडबैक तैयार करके उत्पाद शुल्क नीति बनाने की प्रक्रिया को विकृत कर दिया।



**पॉलिसी में हेरफेर की कोशिश:** अदालत ने कहा कि सिसोदिया ने नीति निर्माण में हेरफेर करने की कोशिश की और उनके द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति की रिपोर्ट को नकार दिया। अदालत ने पाया कि सीबीआई मामले में जमानत के लिए सिसोदिया ट्रिपल टेस्ट पास नहीं कर सके, क्योंकि वह अपने द्वारा इस्तेमाल किए गए दो फोन पेश करने में विफल रहे हैं।

**सबूतों से छेड़छाड़ की संभावना:** ऐसा दावा किया गया है कि वे क्षतिग्रस्त हो गए थे। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया द्वारा सुबूतों के साथ छेड़छाड़ की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है।

**गवाहों को कर सकते हैं प्रभावित:** निर्णय सुनाते हुए न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा की पीठ ने कहा कि सिसोदिया एक प्रभावशाली व्यक्ति हैं और उपमुख्यमंत्री रहने के दौरान उनके पास 18 मंत्रालयों की जिम्मेदारी थी। इस मामले में कई गवाह लोक सेवक हैं और उन्होंने आवेदक के खिलाफ बयान दिए हैं। ऐसे में गवाहों को प्रभावित करने की कोशिश की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं, अदालत ने सिसोदिया को हर हफ्ते अपनी पत्नी से मिलने की अनुमति के मामले पर राहत दी और कहा कि ट्रायल कोर्ट का उन्हें ऐसा करने की अनुमति देने वाला आदेश जारी रहेगा।

**14 मई को सुरक्षित रखा था फैसला :** सीबीआई व ईडी के साथ ही सिसोदिया की लंबी जिरह सुनने के बाद अदालत ने 14 मई को निर्णय सुरक्षित रख लिया था। एक तरफ जहां ईडी ने यह कहते हुए याचिका का विरोध किया था कि आने वाले दिनों में मामले में आम आदमी पार्टी (आप) व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया जाएगा।

**गवाहों को प्रभावित**

▶▶ आम आदमी पार्टी (आप) व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आरोपित बनाया जाएगा।

# हुड्डा के घर रोहतक में नड्डा के रोड शो से किया शक्ति प्रदर्शन

## जनसमर्थन बता रहा एक बार फिर मोदी सरकार, उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार और देश में एक मजबूत सरकार

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के घर रोहतक में शक्ति प्रदर्शन किया। इस मौके पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने रोहतक लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में भव्य रोड शो निकाला और भाजपा के पक्ष में वोट देने की अपील की। इस दौरान उन्होंने विपक्ष पर भी तीखे हमले किए। श्री नड्डा ने कहा कि भीषण गर्मी के बीच रोड शो में उमड़े जनसैलाब ने बता दिया कि देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि जनसमर्थन बता रहा एक बार फिर मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि इस बार 400 पार और देश में एक मजबूत सरकार। जेपी नड्डा ने कांग्रेस नेता पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा पर निशाना साधते हुए कहा कि हुड्डा को प्रदेश और रोहतक का नहीं, बल्कि सिर्फ अपने बेटे का विकास चाहिए। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रोहतक के पावर हाउस से अंबेडकर चौक तक करीब दो किलोमीटर लंबा रोड शो निकाला। इस दौरान उनके साथ रथ पर भाजपा उम्मीदवार अरविंद शर्मा, भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओमप्रकाश धनखड़, राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा, पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर, अरविंद यादव और रणबीर ढाका मौजूद रहे।



रोहतक में भीषण गर्मी के बीच रोड शो के दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष का जगह-जगह फूल मालाओं और फूल बरसाकर स्वागत किया गया। रोड शो मॉडल टाउन, कोऑपरेटिव बैंक, अशोका चौक, सुभाष चौक, सोनीपत स्टैंड होते हुए डॉ. अंबेडकर चौक पर संपन्न हुआ। यहां श्री नड्डा ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।



**रोड शो में उमड़ी भारी भीड़**
रोहतक में भीषण गर्मी के बीच भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी और लोगों ने भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा के समर्थन में वोट देने का संकल्प लिया। जिले में 47 डिग्री तापमान के बीच भाजपा कार्यकर्ता और लोग सड़क पर लंबी-लंबी कतारों में खड़े देखे गए। रोड में महिलाओं ने भी बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस दौरान महिलाएं और बच्चे भाजपा के झंडे लिए दिखाई दिए। सभी ने श्री नड्डा का भव्य स्वागत किया और रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार डॉ अरविंद शर्मा को भारी मतों से जिताने का वादा किया।

**जय श्रीराम के नारे लगे**
रोहतक में आयोजित रोड शो के दौरान भारत माता की जय, जय श्रीराम, अबकि बार 400 पार और तीसरी बार फिर मोदी सरकार के नारे भी लगते रहे। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष ने लोगों से आह्वान किया कि वे आने वाली 25 मई को रोहतक लोकसभा सीट से उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा को बड़े मार्जन से जीत दिलाकर दिल्ली भेजें, वे आपकी आवाज उठाएंगे। आदरणीय नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत लगातार तेज गति से विकास कर रहा है। दुनिया में भारत का नाम बढ़ा है। इसलिए आप इस बार मोदी जी को 400 पार सीटें देकर मजबूत बनाएं, एक मजबूत सरकार ही मजबूत फैसले लेने में सक्षम होती है। भारत माता की जय, जय श्रीराम के नारों के साथ रोड शो का समापन हुआ।

**हल्लाबोल**
**▶▶ रथ पर अरविंद शर्मा, ओमप्रकाश धनखड़, मनीष ग्रोवर, अरविंद यादव, रणबीर ढाका मौजूद रहे**

# चिलचिलाती धूप में प्रचार में जुटे मनोहर लाल खट्टर

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़: प्रदेश में लोक**सभा चुनाव की सियासी गर्मी के बीच अधिकांश जिलों में तापमान भी 46 डिग्री सेल्सियस के पार चल रहा है। ऐसे में करनाल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार और हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल कई दिनों से तबीयत खराब होने के बावजूद लोकसभा के गांवों में लगातार रोड शो और जनसभा के जरिये लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील कर रहे हैं। गांव के लोग भी पूरी गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत कर रहें हैं और भारतीय जनता पार्टी को भारी मतों से जिताने का वादा कर रहे हैं। मनोहर लाल सुबह आठ बजे से ही अपने चुनावी रथ पर सवार होकर अपने क्षेत्र में निकल लेते हैं और बिना रुके, बिना थके शाम तक लोगों से संपर्क साधते हैं। वे बीच-बीच में जनता को बता रहे थे कि उनका स्वास्थ्य पूरी तरह से ठीक नहीं है। गला भी बैठ गया है। लेकिन चुनाव में किसी तरह की ढिलाई नहीं बरतेंगे। मतदान समाप्त होने से पहले तक उन्होंने सभी को मुस्तैदी से खडे. रहने को कहा है।

**वोट मांगे**
**▶▶ कोई कार्यक्रम रद्द नहीं किया, हर प्रत्याशी को दे रहे संजीवनी, दिख रही भाजपा समर्थकों की लंबी लंबी लाइन**

**रोड शो में शामिल होने के लिए लोगों में भारी उत्साह:** मनोहर लाल के रोड शो में लोगों की भी लंबी लाइनें लग रही हैं। जैसे वे गावों में पहुंचते हैं। लोग भी उन्हें फूलमाला पहनाकर, पगड़ी पहनाकर और फूल बरसाकर उनका स्वागत कर रहे हैं। मनोहर के रोड शो में शामिल होने के लिए लोगों में भी भारी उत्साह दिखाई दे रहा है। मई की चिल चिलाती भीषण गर्मी में लोग सड़कों पर लंबी-लंबी लाइनें लगाकर मनोहर लाल का समर्थन कर रहे हैं।

# नवीन के नेतृत्व में तेज रफ्तार से दौड़ेगी विकास की गाड़ी: धामी




**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/कैथल:** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कहा कि कुरुक्षेत्र, कैथल और रादौर के लोगों ने विकास के जो सपने देखे हैं, उसकी गाड़ी नवीन जिन्दल के कर्मठ नेतृत्व में तेज रफ्तार से दौड़ेगी। नवीन जिन्दल ने राजनीति के माध्यम से सामाजिक कार्य करते हुए कुरुक्षेत्र का नाम अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पहुंचाया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में नवीन जिन्दल इस क्षेत्र की जनता के साथ मिलकर डबल इंजन सरकार के प्रतिनिधि के रूप में जनकल्याणकारी योजनाओं को जनता तक पहुंचा कर एक नए कुरुक्षेत्र का सपना साकार करेंगे। उन्होंने इस अवसर पर इंडी एलायंस पर भी हमला बोला।
यहां आज प्रबुद्ध सम्मेलन के मंच से संबोधित करते हुए धामी ने कहा कि वे कुरुक्षेत्र लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी नवीन जिन्दल के पक्ष में वोट की अपील करने आए हैं। कैथल और कुरुक्षेत्र महाभारत की भूमि है, जिसमें भारतीय जनता पार्टी पांडवों और इंडी एलायंस कौरवों की भूमिका में है। आज देश जिन हालात से गुजर रहा है, उसमें बहुत ही सूझबूझ से अपनी वोट की ताकत के इस्तेमाल की आवश्यकता है। एक तरफ नवीन जिन्दल की सेवा लोगों के सामने है, जबकि दूसरी ओर तुष्टीकरण की नीतियां अपनाई जा रही हैं। नवीन जिन्दल धर्म ध्वजा उठाए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रवाद, विकासवाद और देश के लिए जनहितकारी नीतियां बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कुरुक्षेत्र और कैथल के लोगों के लिए उनसे अच्छा प्रत्याशी कोई नहीं हो सकता, क्योंकि विपक्ष परिवार वाद का झंडा उठाए हुए है। लोगों के कल्याण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक दिन की भी छुट्टी नहीं ली है।

**वोट मांगे**
**▶▶ नवीन जिन्दल कर्मठ व्यक्ति और सेवा समर्पित, राजनीति को समाजसेवा में परिभाषित किया**

# राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर प्रदेश का मान बढ़ा रहे खिलाड़ी: सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/दीपिका शर्मा**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को रोहतक में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत माता का मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करना और उनसे संवाद करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस मौके पर श्री सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को खेलों में मिलने वाले 50 फीसदी मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। हरियाणा सरकार ने युवाओं के लिए ऐसी खेल नीति बनाई है, जिससे गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में खिलाड़ी अपना कौशल दिखाकर मेडल जीत रहे हैं। नायब सैनी ने कहा कि खिलाड़ियों के मेडल लाने से प्रदेश का मान भी बढ़ता है। सीएम नायब सैनी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 2036 में भारत में ओलंपिक खेल करवाने की योजना बना रहे हैं। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों को और मजबूती मिलेगी।



श्री सैनी ने हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार कार्यक्रम में कहा कि ओलंपिक और पैरा ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार नौकरियों के साथ-साथ 4.50 करोड़ से 6 करोड़ रुपये तक नकद पुरस्कार देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भविष्य में खिलाड़ियों के लिए और भी अधिक बेहतर करेगी।
मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम कर रही है। हरियाणा की खेल नीतियां देश में पहले नंबर पर है। सोनीपत में खेल यूनिवर्सिटी का निर्माण करवाया जा रहा है। प्रदेश सरकार खेल नीति बनाकर जीरो ग्राउंड से लेकर ओलंपिक खेलों में भागीदारी के लिए खिलाड़ियों का पूरा सहयोग कर रही है। खिलाड़ियों की समस्या को लेकर सरकार संवेदनशील है। चार जून को आचार संहिता खत्म होने के बाद खिलाड़ियों के प्रतिनिधिमंडल से मिलकर उनकी समस्याओं को दूर किया जाएगा।

**विकास-संस्कृति**
**▶▶ मुख्यमंत्री बोले, भारत माता का मस्तक विश्व में ऊंचा करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं**

**हरियाणा के खिलाड़ी ह्यनायाबह्ण हैं : डॉ. सतीश पूनिया**
रोहतक में आयोजित हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार समारोह में हरियाणा भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी प्रदेश की शान हैं। यह हरियाणा की ताकत है। देश में जवानों के बाद दूसरी शान खिलाड़ी ही हैं। आज यहां प्रदेश की शान हमारे सामने बैठी है। इन खिलाड़ियों ने दुनिया में हरियाणा का नाम चमकाया और देश के तिरंगे की शान बढ़ाई है। ये सभी खिलाड़ी कमाल के लोग हैं।

# ब्राह्मण समाज भाजपा को करेगा वोट, मनोहर लाल खट्टर को भेजेगा संसद: ब्राह्मण सभा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत कमाल हुसैन**
पानीपत स्थित शुगर मिल के सामने भगवान परशुराम धर्मशाला में ब्राह्मण समाज की बैठक समस्त ब्राह्मण समाज के प्रधान सतीश शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें जिले भर से सैकड़ो ब्राह्मण समाज के गणमान्य लोगों ने भाग लिया इस दौरान 19 मई रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के कार्यक्रम के दौरान हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री एवं लोकसभा करनाल के प्रत्याशी मनोहर लाल खट्टर के भाषण के दौरान कुछ शरारती तत्व ने भगवान परशुराम की जय हो, से भाषण में बाधा डालने की कोशिश की थी, जिसके कारण समाज ने इसकी कड़े शब्दों में घोर निंदा की और प्रधान सतीश शर्मा ने पूरी कार्यकारिणी व समाज के गणमान्य लोगों से विचार विमर्श कर निर्णय लिया कि पूरा ब्राह्मण समाज भारतीय जनता पार्टी को समर्थन करेगा उन्होंने ब्राह्मण समाज से अपील करते हुए कहा कि मनोहर लाल खट्टर को बड़े मतों से जितवाकर संसद में भेजने का कार्य ब्राह्मण समाज करेगा, उन्होंने विश्वास दिलाते हुए कहा कि पूरा ब्राह्मण समाज बीजेपी के साथ है और हमेशा बीजेपी के साथ ही रहेगा, इस मौके पर जिला प्रधान सतीश शर्मा, राजेंद्र शर्मा हल्दाना, मास्टर नरेश शर्मा कालका,मास्टर हवा सिंह डिडवाड़ी, सरपंच सतनारायण शर्मा छतिया, गंगा स्वरूप छतिया, रामनिवास ग्वालाड, रघुवीर मंडी, धरमवीर शेरा,प्रदीप गौतम कवि, मुकेश शर्मा, जिला युवा प्रधान शिव शंकर शर्मा उर्फ बिल्लू, वीरेंद्र अत्री, बबलू शर्मा, शीशपाल किवाना, बलजीत शर्मा, जैसमेर शर्मा,मोहन शर्मा, महेश शर्मा, ओम प्रकाश शास्त्री,सुभाष शर्मा, परशुराम जी महाराज, पालेराम मौजूद रहे।

# कांग्रेस का घोषणापत्र बाउंस चेक की तरह है, जो कभी कैश नहीं होगा: धनखड़

**हमला बोला**
**▶▶ कांग्रेस प्रत्याशी को चुनौती दी कि दम है तो कांग्रेस के घोषणापत्र पर वोट मांगकर दिखाएं**



**टीम एक्स्शषन इंडिया**
**चंडीगढ़/काजल रानी**
भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव और प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री ओमप्रकाश धनखड़ ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोला और कहा कि कांग्रेस झूठ के दम पर राजनीति कर रही है। कांग्रेस का चुनावी घोषणापत्र बाउंस चेक की तरह है, जो कभी कैश नहीं होगा। कांग्रेस ने जो भी घोषणाएं की हैं, वे कभी पूरी नहीं हो सकती। उदाहरण के तौर पर बिहार को ही लें तो वहां वादा कर रहे हैं कि एक करोड़ युवाओं को नौकरी देंगे। 20 हजार रुपये महीना भी नौकरी दी तो सालाना 2.40 लाख करोड़ रुपये बनते हैं, जबकि बिहार का कुल बजट ही पौने तीन लाख करोड़ है। अब सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि ऐसा घोषणा पत्र पूरा कैसे होगा। रोहतक में भाजपा के मंगल कमल कार्यालय में प्रेस कांफ्रेंस करते हुए श्री धनखड़ ने रोहतक लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी को चुनौती दी कि दम है तो कांग्रेस के घोषणापत्र पर वोट मांगकर दिखाएं। अपने नेताओं के नाम पर वोट मांगकर दिखाएं। कांग्रेस के ऐजेंडे को लोगों के बीच में लेकर जाएं और विरासत टैक्स लगाने, धारा 370 दोबारा लागू करने जैसे कांग्रेस के मंसूबों पर वोट मांगकर दिखाएं। धनखड़ ने कहा कि हालत ये है कि हरियाणा में चुनावी बैनर पर इनके बड़े नेताओं के फोटो तक नहीं हैं। श्री धनखड़ ने कहा कि हरियाणा ही नहीं, पूरे देश में भाजपा को पूर्ण समर्थन मिल रहा है और तीसरी बार मोदी सरकार बनने जा रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान ओमप्रकाश धनखड़ के साथ भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी, सह मीडिया प्रभारी शमशेर खरक, रोहतक जिला मीडिया प्रभारी तरुण सन्नी शर्मा मौजूद रहे।

**कांग्रेस ने झूठ बोला सरकार पलट गई:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा झूठ बोला है और अब जनता उनके झूठ को पहचानने लगी है। कांग्रेस ने राजस्थान में झूठ बोला तो वहां की जनता ने उन्हें नकार दिया। मध्यप्रदेश में झूठ बोला तो वहां इनकी सरकार पलट गई। 2014 और 2019 में हरियाणा की जनता ने इन्हें सत्ता में नहीं आने दिया। कांग्रेस कहती है कि हमने किसानों का 72 हजार करोड़ रुपये कर्ज माफ किया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार 72 हजार करोड़ रुपये किसानों को हर साल सम्मान के रूप में दे रही है। किसानों को मुआवजे की बात करें तो हरियाणा में कांग्रेस की सरकार में 5-5 रुपये के चेक मिलते थे। लेकिन हमारे जितना तो कांग्रेस ने मुआवजा अपने दस साल के कार्यकाल में नहीं दिया।

# कांग्रेसियों को एससी-बीसी समाज पर भरोसा नहीं: ज्ञान चंद गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**पंचकूला: हरियाणा विधान** सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को पंचकूला विधान सभा क्षेत्र के बतौड़, खंगेसरा, कुंडी, बीड़ घग्गर समेत अनेक गांवों में पहुंच भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने डोर-टु-डोर अभियान के साथ-साथ ग्रामीणों के छोटे-छोटे समूहों में व्यक्तिगत बातचीत भी की। बतौड़ के लोगों ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र ने विकास की नई कहानी गढ़ी है। इसलिए यहां के लोग पूरी तरह से भाजपा की नीतियों के साथ हैं। ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलेआम एससी-बीसी आरक्षण को मुसलमानों में बांटने की बात करने लगे हैं। कांग्रेस पिछड़े वर्गों का भरोसा खो चुकी है और हार के डर से अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रही है। गुप्ता ने कहा कि भाजपा सदा से समाज के सभी वर्गों का साथ लेकर चली है, लेकिन विकास की धारा में पीछे रह चुके लोगों के लिए भाजपा विशेष रूप से वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा का वैचारिक अधिष्ठान पं. दीन दयाल के अंत्योदय पर आधारित है। यह विचार पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्तियों को विकास में प्राथमिकता देने की बात करता है। ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि इंडी एलायंस ने भारत को दशकों पीछे धकेला है, देश उन्हें नकार चुका है। देश भूला नहीं है, जब दुनिया तेजी से विकास कर रही थी, तब कांग्रेस भ्रष्टाचार और घोटालों के कीर्तिमान गढ़ रही थी। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी युवा पीढ़ी को पीछे धकेलने में लगी थी। कांग्रेस ने 60 साल तक गरीबी हटाओ के नारे लगाती रही, किन्तु गरीबी हटने की दिशा में कुछ भी नहीं किया। देश जानता है ये मोदी है जिसने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और दशकों पुरानी धारा 370 जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान किया। कश्मीर में आतंकवाद अब आखिरी सांस ले रहा है। मोदी ने ही पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया, नक्सलवाद की कमर तोड़ी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। मोदी एक गरीब का बेटे है, जिसने गरीबों की सुख-दुख की चिंता की है। अब गरीबों को बिना कट और कमीशन के विभिन्न जन कल्याण योजनाओं की पैसे सीधे उनके खाते में मिलने लगे है। पहली बार 4 करोड़ गरीबों को पक्के मकान मिले, 50 करोड़ से ज्यादा गरीबों के बैंक के खाते खुले, माताओं-बहनों को शौचालय मिले, उज्जवला सिलेंडर मिले, धुएं से आजादी मिली और ये सब जनता के प्रत्येक वोट ने किया है।



**वोट की अपील**
**▶▶ भाजपा पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्तियों के विकास को देती है प्राथमिकता, 10 साल में इलाके का हुआ विकास**

# दसवीं कक्षा के परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले छात्रों को किया सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
क्षेत्र के गांव गढ़ी बेसिक स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के हाल ही में घोषित दसवीं कक्षा के वार्षिक परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को फूलमाला व मेडल पहनाकर व मिठाई खिलाकर उनका उत्साह वर्धन किया गया। प्रधानाचार्य पवन अत्री ने बताया कि विद्यालय में अबकी बार दसवीं कक्षा के कुल 58 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 27 विद्यार्थी 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर मेरिट सूची में स्थान बनाया है जबकि 30 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी व एक विद्यार्थी ने द्वितीय श्रेणी में परीक्षा पास की है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक रूप से पिछड़े इस क्षेत्र में विद्यालय का परीक्षा परिणाम अन्य वर्षो की अपेक्षा बहुत अच्छा रहा है। जिसके चलते यह कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि इन बच्चों का सम्मान होते देख अन्य विद्यार्थी भी इनसे सबक लेकर पढ़ाई में निरंतर आगे बढ़ते रहें। उन्होंने बच्चों के अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों को राजकीय विद्यालय में दाखिला दिलवाकर उनका भविष्य उज्जवल बनाएं एवं सरकारी सुविधाओं का लाभ उठाएं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी सनवर खान मौजूद रहे।

जिन्होंने विद्यार्थियों को फूल माला व मेडल पहनाकर तथा मिठाई खिलाकर बधाई दी। इस अवसर पर मुकेश शर्मा, मोनिका, पूनम, रीना, सीमा, दिनेश, नरेंद्र शर्मा,कपिल कुमार, यशपाल मलिक, नरेश कुमार, विकास, अक्षय कुमार आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहे। इसके साथ ही सभी मेद्यावी विद्यार्थियों को एक वाहन में बैठकर ढोल के साथ गांव की गलियों में जुलूस के रूप में ले जाया गया।

# कैथल में बीजेपी के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम होने लगे फ्लॉप : अनुराग

**टीम एक्शन इंडिया**
**कलायत/कैथल**
**आम** आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के तहत प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में पुंडरी के गांव पबनावा, कलायत के गांव ढुंढवा और देवबन में जनसभा की। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा में हर जगह बीजेपी उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है।बीजेपी ने एक भी काम ऐसा नहीं किया जिसके दम पर उनके नेता वोट मांग सके। इसी कारण आज हरियाणा के किसी गांव में बीजेपी उम्मीदवारों को घुसने नहीं दिया जा रहा। बीजेपी उम्मीदवार नवीन जिंदल पर धोखाधड़ी और भ्रष्टाचार से संबंधित तीन सीबीआई मामले चल रहे हैं। वहीं तीन मामले ईडी के पास चल रहे हैं। जिससे साबित होता है ईडी, सीबीआई और करोड़ों के कर्ज माफी के लिए नवीन जिंदल ने बीजेपी ज्वाइन की है। ताकि जेल जाने से बचा जा सकें।



उन्होंने कहा कि कैथल में बीजेपी के स्टार प्रचारकों के कार्यक्रम पूरी तरह से फ्लॉप रहे हैं। वोटिंग से पहले ही नवीन जिंदल हताश हो चुके हैं। जनता बीजेपी को पूरी तरह से नकार चुकी है। उन्होंने कहा वोट काटने के लिए कुरुक्षेत्र आए अभय चौटाला की जमानत जब्त होगी, जिसके बाद उनकी ऐलनाबाद से भी हार तय है। उन्होंने वोटिंग से पहले ही कुरूक्षेत्र का मैदान छोड़ दिया है। लोकसभा चुनाव में इनेलो को सभी सीटों पर जमानत जब्त होगी।
उन्होंने कहा कि बीजेपी के राज में अपने मान सम्मान की लड़ाई लड़ रही हमारी बहन बेटियों को सड़कों पर घसीटा गया। जिस सरकार की नजर में बहन बेटियों के मान सम्मान की कोई इज्जत नहीं उस सरकार को उखाड़ फेंकना चाहिए। ये चुनाव बेटियों के मान सम्मान की लड़ाई है। इसलिए हरियाणा ही नहीं देश से बीजेपी का सूपड़ा साफ करना जरूरी है।
उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शानदार स्कूल बनाकर हर गरीब के बच्चे को पढ़ाई अधिकार दिया है। दिल्ली सरकार जनता को बिजली, पानी, स्कूल, अस्पताल, महिलाओं को बस यात्रा और बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा मुफ्त दे रही है। अरविंद केजारीवाल ने दिल्ली में 12 लाख रोजगार का इंतजाम किया है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने 50 हजार सरकारी नौकर दी और 3 लाख प्राइवेट नौकरी का इंतजाम किया है। बीजेपी चाहती है कि गरीब का बच्चा अनपढ़ रहे। यदि 25 मई को जनता झाड़ू के निशान पर बटन दबाएगी तो अरविंद केजरीवाल को जेल नहीं जाना पड़ेगा।

**साधा निशाना**
**▶▶ आज हरियाणा में हर जगह बीजेपी उम्मीदवारों का विरोध हो रहा है। बीजेपी ने एक भी काम नहीं किया**

## न्यूज फ्लैश

### धारा 144 के तहत पूरे जिला में आदेश जारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**
जिलाधीश डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने मतदान और मतगणना केन्द्रों पर कानून व्यवस्था को सुचारू रूप से सुनिश्चित करने के दृष्टिगत दण्ड प्रक्रिया नियमावली 1973 की धारा 144 के तहत पूरे जिला में आदेश जारी किए हैं। आदेशानुसार राजनीतिक दलों/उम्मीदवारों द्वारा मतदान केंद्र से 200 मीटर की दूरी के भीतर कोई बूथ स्थापित नहीं किया जाएगा। यहां तक कि जहां एक ही मतदान केंद्र परिसर में एक से अधिक मतदान केंद्र स्थापित किए गए हैं, ऐसे परिसर से 200 मीटर की दूरी से परे मतदान केंद्रों के ऐसे समूह के लिए एक उम्मीदवार का केवल एक बूथ होगा। ऐसे प्रत्येक बूथ पर केवल एक मेज और दो कुर्सियाँ प्रदान की जाएंगी, साथ ही बूथ पर उन कुर्सियों पर बैठे दो लोगों को मौसम की स्थिति से बचाने के लिए एक छाता या तिरपाल या कपड़े का एक टुकड़ा उपलब्ध कराया जाएगा। ऐसा बूथ कनाट्स या टेंटेज आदि से घिरा नहीं होगा। ऐसे बूथ स्थापित करने के इच्छुक प्रत्येक उम्मीदवार को पहले से ही रिर्टनिंग अधिकारी को नाम और क्रम संख्या के बारे में लिखित रूप से सूचित करना होगा। उन मतदान केन्द्रों की जहां उसके द्वारा ऐसे बूथ स्थापित करने का प्रस्ताव है। उसे संबंधित सरकारी प्राधिकारियों या स्थानीय प्राधिकारियों जैसे निगम, नगर पालिकाओं, जिला परिषद, नगर क्षेत्र समितियों, पंचायत समितियों, ग्राम पंचायत आदि की पूर्व लिखित अनुमति भी प्राप्त करनी होगी। ऐसे बूथ स्थापित करने से पहले स्थानीय कानूनों के तहत लिखित अनुमति होनी चाहिए। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होंगे और चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक जारी रहेगा।

### खरखौदा में महिला को सम्मोहन कर छीन ले गए सोने के आभूषण

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
**खरखौदा थाना को गाँव** बरोणा की महिला संतोष ने शिकायत देते हुए बताया कि शाम करीब साढ़े 6 बजे गाँव के ही मंदिर घूमने के लिए आई थी। इसी दौरान जब वह महिला जाट मेहर सिहं की समाधी के पास पहुँची तो एक लाल रंग की कार आई। जिसके अंदर 2 आदमी और 1 औरत सवार थी। जो गाडी से नीचे उतरकर मेरे से बातचीत करने लगे और बातो ही बातो में मुझे सम्मोहन कर लिया। फिर तीनो ने सम्मोहन करके मेरे दोनो हाथो के सोने के कडे करीब दो तोला व एक सोने की अंगुठी ले ली। और मुझे एक कपडे में लपेटकर कागज के टुकडे जिसमें एक पांच सौ का नोट दे गए जिसको मैने बाद में चेक किया, तो इसके अंदर कागज के टुकडे और एक पाँच सो का नोट और एक स्टील का कडा निकला। फिलहाल उपरोक्त महिला की शिकायत पर खरखौदा पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जाँच शुरू कर दी है।

### फैक्टरी से सिलिकॉन की पेटी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**सोनीपत:** कुंडली थाना क्षेत्र स्थित फैक्टरी से के स्टोर से सिलिकॉन की पेटी चोरी होने का मामला सामने आया है। फैक्टरी के मैनेजर ने मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। चोरी की वारदात सीसीटीवी में कैद हो गई। पुलिस ने इस संबंध में जांच शुरू कर दी है।
कल्याणपुर बिहार हाल में सिटी बारोटा निवासी संजय कुमार ने बताया कि वह कंपनी में बतौर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। गत 15 मई को सुबह स्टोर का शीशा टूटा हुआ मिला। इस बारे में कोई ध्यान नहीं दिया गया। गत 20 मई को सुबह स्टोर से सिलिकॉन की पेटी गायब मिली। अपने स्तर पर फैक्टरी में सामान की तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। उसने फैक्टरी में लगे सीसीटीवी की जांच की तो उसने 17 व 18 की रात को कुछ लड़के फैक्टरी से सिलिकॉन की पेटी चोरी करते हुए पाए गए। मामले को लेकर पुलिस को अवगत करवाया। पुलिस ने इस संबंध में चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया है। जांच अधिकारी एसआई अशोक कुमार ने बताया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

# समालखा में जनसंपर्क यात्रा के दौरान कांग्रेस पर बरसें मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**



**पूर्व मुख्यमंत्री एवं** भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल ने मंगलवार को समालखा में अपने जन सम्पर्क यात्रा की शुरूआत जाट बाहुल्य गांव मनाना से की और करीब 15 गांव में वोटों की अलख जगाते हुए दोपहर एक बजे समालखा के कुहाड़ पाना में यात्रा का समापन किया। जनसंपर्क यात्रा के दौरान पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव वासियों को मोदी की राम राम देते हुए कहा कि पीएम मोदी ने आपके भाई मनोहर लाल को करनाल लोकसभा से प्रत्याशी बना कर भेजा है। इसलिए आने वाली 25 तारीख को कमल के फूल वाला बटन इतना दबा देना कि जब वोटिंग मशीन खुले तो कमल का फूल,कमल का फूल इतना कमल का फूल निकले की गिनती करने वाले भी हैरान हो जायें। मनोहर लाल ने कहा कि लोकसभा चुनाव के पांच चरण हो चुके हैं और छुट्टा चरण 25 मई को है।अभी तक के आ रहे चुनावी सर्वे में हम 272 पर तो पहुंच चुके हैं और अभी 400 पार का आंकड़ा छूना है। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने जनसंपर्क यात्रा के दौरान अपने काम कम और पीएम मोदी के कामो को ज्यादा गिनवाया। धारा 370, राम मंदिर व तीन तलाक जैसे मुद्दों को उठाते हुए उन्होंने जहां कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा, वहीं मोदी को तीसरी बार पीएम बनाने के लिए वोट मांगे। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस ये काम चार जन्मों तक नहीं कर सकती थी क्योंकि कांग्रेसी डरते थे कि धारा 370 को हाथ लगाया तो देश में खून की नदियां बह जायेंगी, लेकिन पीएम मोदी ने हिम्मत से काम लिया और एक झटके में इसे हटा दिया ओर खून का एक कतरा भी नहीं बहा। उन्होंने कहा कि भारत को पहली बार मोदी के रूप में ऐसा दृढ़ निश्चयी प्रधानमंत्री मिला है। पूर्व सीएम मनोहर लाल ने गांव वासियों से कहा कि उन्होंने भी हरियाणा सरकार के माध्यम से आपकी सेवा की है और इस दौरान कई बदलाव किए। आज बिना पर्ची और बिना खर्ची के नौकरियां दी जा रही है जबकि कांग्रेस के राज में एक नौकरी लगवाने के लिए नेताओं की जी हुजूरी करनी पड़ती थी। पहली बार किसान की 14 फसलों को एमएसपी पर खरीदा और खरीदी गई फसलों की पेमेंट 72 घंटे में सीधे किसान के खाते में भेजी जा रही है जबकि पहले किसान को आढ़तियों के चक्कर काटने पड़ते थे।

## सनातन से ही देश एवं संस्कारों की मजबूतीः महंत राजेंद्र पुरी



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र : जग ज्योति दरबार** के महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि मानवीय शरीर परमात्मा द्वारा दी गई अनमोल कृति एवं अनुपम उपहार है। उन्होंने कहा कि मानव तब तक मानव नहीं है, जब तक उसमें मानवता का वास नहीं होता है। इस अवसर पर महंत राजेंद्र पुरी के साथ अन्य संत महापुरुष भी मौजूद रहे। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि सनातन से ही देश, राष्ट्रीयता एवं संस्कारों की मजबूती मिलती है। सनातन कभी तोड़ने की नहीं बल्कि आपसी प्रेम एवं एकता की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि हर मानव को मानवीय मूल्यों से अपने को अलंकृत करते हुए अपना जीवन जीना चाहिए। यही सही अर्थ में परमपिता परमेश्वर की सच्ची आराधना है। महंत राजेंद्र पुरी ने कहा कि जल और भोजन की तरह ही मानव में राष्ट्र के लिए संस्कार और संस्कृति की भावना जरूरी है। 16 संस्कारों पर आधारित वैदिक सनातन संस्कृति में मानव की रुचि होना आवश्यक है।

## समाजसेवकों ने बहालगढ़ रोड पर पड़े पत्थर व पेड़ के डाहले को हटाया



**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः दिलबाग सिंह** हिंदी प्रवक्ता सोनीपत से फरीदाबाद प्रतिदिन स्कूल जाते हैं बहालगढ़ रोड पर जाट जोशी कट व हुंडई के समीप कट पर भारी पत्थर डिवाइडर से 3 फीट सड़क की तरफ पड़े थे। तो प्रवक्ता के मन में उनको हटाने का विचार आया ' स्कूल से आने के बाद समाजसेवी रंधावा मान से बात हुई उन्होंने अपने वरिष्ठ नागरिकों के साथ मिलकर पत्थरों को हटाने व डाहले को काटने का विचार बनाया ' शाम को जाकर राहगीरों की मदद से पत्थरों को हटाया गया व डा हले को काटा गया ' समाज सेवी हवा सिंह पहलवान ने बताया कि अगर ये पत्थर हटाए नहीं गए होते तो बड़ा हादसा हो सकता था ' हम सभी का कर्त्तव्य हैं कि इस प्रकार की समस्या को दूर करना चाहिए ' इस अवसर पर इंद्र सिंह दहिया, सेवानिवृत्ति मुख्य अध्यापक संसार सिंह मलिक ,जसवीर सिंह राणा व राहगीर आदि उपस्थित रहे।

## हुड्डा बाप-बेटे के भ्रष्टाचार का हिसाब जनता करेगीः नड्डा

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपतः भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष** जेपी नड्डा ने मंगलावार को सोनीपत के जींद विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में रोड शो किया। रोड शो में मोहन लाल बडौली भी जेपी नड्डा के साथ जनता से हाथ जोडकर वोट देने के अपील की। आयोजित रोड शो में जींद के विधायक कृष्ण लाल मिड्ढा और भारतीय जनता पार्टी के सभी स्थानीय नेता, पदाधिकारी और बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे। छठवें चरण के तहत 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए गुरुवार शाम छह बजे से चुनाव प्रचार थम जाएगा। इससे पहले सभी प्रत्याशियों ने चुनाव में हैट्रिक लगाने के लिए पूरा जोर लगा दिया है। भाजपा प्रत्याशी मोहन लाल बडौली के समर्थन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर भाजपा के कई



अन्य बड़े नेताओं का कार्यक्रम सोनीपत में हो चुका है। इसी क्रम में मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने जींद विधानसभा में रोड शो के जरिए मोहन लाल बडौली के लिए वोट मांगा। रोड शो के दौरान जेपी नड्डा ने कहा की रोड शो में इतनी भारी संख्या में मिल रहा जन समर्थन इस बात की गवाही दे रही है कि, इस बार संसद में सोनीपत लोकसभा क्षेत्र का नेतृत्व मोहनलाल बडौली करने वाले हैं। साथ ही पीएम मोदी के 400 पार संकल्प को पूरा करने के लिए सोनीपत की जनता पूरी तरह से तैयार हो चुकी है। रोड शो में शामिल होने से पहले जेपी नड्डा और मोहन बडौली ने हाथ जोड़कर जनता का अभिवादन किया। कार्यकताओं ने जय श्रीराम और जेपी नड्डा-मोहन लाल बडौली जिंदाबाद के नारों से उनका स्वागत किया। इस रोड शो के चलते सुरक्षा व्यवस्था का भारी इंतजाम किया गया था।

जेपी नड्डा का रोड शो पुराना बस स्टैंड से शुरू होकर रानी तालाब होते हुए गोहाना रोड पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र हुड्डा पर तंज कसते हुए कहा की हुड्डा साहब ने अपने बेटे के विकास के लिए पूरे हरियाणा के विकास को गर्त में डाल दिया था। भूपेंद्र हुड् के गढ़ में एक किलो मीटर से अधिक लंबे रोड शो में मोदी-मोदी के नारे ने कांग्रेस की टेंशन बढ़ा दी है। नड्डा ने कहा की बाप-बेटे के भ्रष्टाचार का हिसाब सोनीपत की जनता 25 मई को करने वाली है। कांग्रेस के भ्रष्टाचार का अंत हरियाणा से ही नहीं पूरे देश से होने वाला है।

## भाजपा ने हर वर्ग के विकास किया, प्रदेश से भ्रष्टाचार खत्म हुआ : मनोहर

**पानीपत , कमाल हुसैन**
**जमीन पर लगभग** 45 डिग्री तापमान के बावजूद हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और करनाल लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार मनोहर लाल ने मंगलवार को पानीपत के कई गांवों में रोड शो निकालकर चुनाव प्रचार अभियान चलाया और भाजपा के पक्ष में मतदान करने अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि भाजपा ने हर वर्ग के विकास का काम किया है। अब युवाओं को बिना खर्ची, बिना पर्ची के नौकरी दी रही हैं। प्रदेश में भ्रष्टाचार खत्म हुआ है। मैं आप लोगों से अपील करता हूं कि 25 मई को भाजपा को बड़े मार्जन से जिताने



का काम करें और अबकि बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करने में सहयोग दें। मैं सबको मोदी की ह्यराम रामह्न देने आया हूं, मनोहर की राम राम देने आया हूं। मोदी जी के नेतृत्व में भारत का नाम दुनिया में चमक रहा। उनके हाथों को और मजबूत करें। देश में नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे। देश के विकास के लिए मोदी 400 से अधिक सीटें देकर देश की सबसे बड़ी पंचायत में भेजें। इससे पहले हर गांव में मनोहर लाल का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। उन्हें पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। मनोहर लाल ने गांव में पहुंचते ही सबसे पहले लोगों को ह्यमोदी की राम रामह्न दी। भीषण गर्मी के बीच लोग मनोहर लाल के रोड शो में शामिल हुए। रोड शो में सैकड़ों की संख्या में कार्यकताओं ने भाग लिया। उन्हानें कहा कि 25 मई को अपने भाई मनोहर लाल को भारी मतों से जिताकर दिल्ली भेजें और एक मजबूत सरकार बनाने में योग दान दें। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार तरक्की कर रहा है। उनके नेतृत्व में कश्मीर से धारा 370 हटी, भ्रष्टाचार खत्म हुआ, अयोध्या में राम मंदिर बना और दुनिया में भारत का नाम चमका है। इस बार हम पाक अधिकृत कश्मीर यानी पीओके को भी लेकर रहेंगे। इसलिए आप सभी से अपील है कि आप 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करें और आदरणीय मोदी को और मजबूत बनाए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, रफाकत हसन, मेहरबान, शशिकांत कौशिक, बिट्टू रावल, रिषिपाल, विनोद छौक्कर, कृष्ण छौक्कर, कुलदीप जांगड़ा, मनजीत डीकाटला, बिजेन्द्र आटा सहित अन्य मौजूद रहे।

**कांग्रेस पर साधा निशाना**
मनोहर लाल ने पूर्व की कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस समय में प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर था। सिफारिश पर नौकरियां मिलती थी। स्वास्थ्य और शिक्षा दीवाला पिटा हुआ था।

## सर्व कर्मचारी संघ की हुई बैठक



**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**ऑल हरियाणा पावर** कारपोरेशन वर्कर यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ की बैठक समालखा के बिजली कार्यालय में हुई बैठक में मुख्य रूप से यूनियन के चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा व राज्य महासचिव नरेश कुमार मुख्य रूप से पहुंचे और बिजली कर्मचारियों की विभिन्न मांगों पर चर्चा की बैठक को संबोधित करते हुए राज्य चेयरमैन देवेंद्र हुड्डा ने कहा कि बिजली कर्मचारी पिछले काफी समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं लेकिन सरकार कर्मचारियों के अधिकार देने की बजाय लगातार वायदा से मुकर रही है उन्होंने कहा कि बिजली कर्मचारी रेगुलेशन की पॉलिसी लागू करने, पुरानी पेंशन बहाल करने, निजीकरण पर रोक लगाने ,ठेका प्रथा खत्म करने एक्स ग्रेशिया में लगाई गई शर्तों हटाने आदि मांगों को लेकर संघर्षरत हैं लेकिन सरकार उनकी मांगों की कोई सुनवाई नहीं कर रही है उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि बिजली कर्मचारियों की सभी मांगों को जल्द पूरा किया जाना चाहिए उन्होंने सरकार व निगम मैनेजमेंट को आगआह करते हुए कहा कि अभी भी समय है कर्मचारियों की मांगों को जल्द पूरा किया जाए नहीं तो कर्मचारी 23 तारीख को वार्ता समिति की बैठक रोहतक सर्व कर्मचारी संघ भवन में करके निर्णायक फैसला लेने पर मजबूर होंगे इस मौके पर महासचिव नरेश ने कहा कि कर्मचारियों द्वारा तन मन धन से खड़े किए गए विभाग को सरकार नीजी हाथों में सौपना चाहती है।

## अंधेरी जिंदगी को रोशनी देंगी रानी ढींगड़ा इन्सां की आंखें

**पानीपत.. कमाल हुसैन**
**हरियाणा के पानीपत के** कच्चा कैंप हरि बाग कालोनी निवासी 56 वर्षीय बहन रानी ढींगड़ा इन्सां आज भले ही दुनियां में न हों, परंतु उनकी आँखें दुनिया को देखती रहेंगी। डेरा सच्चा सौदा की ब्लाक कमेटी सदस्य ईश कुमार इन्सां ने बताया कि बहन रानी ढींगड़ा इन्सां मंगलवार को अपनी स्वांसों रूपी पूंजी पूर्ण कर कुल मालिक के चरणों में सचखंड जा विराजी। उन्होंने जीते जी ही संत डॉ. गुरमीत राम रहीम सिंह इन्सां की प्रेरणा पर चलते हुए नेत्रदान का



संकल्प लिया हुआ था।बहन के पति रमेश ढींगड़ा इन्सां (हरियाणा प्रदेश 85 मेमबर कमेटी सदस्य) ने रानी ढींगड़ा इन्सां की अंतिम इच्छा को पूरी करते हुए उनके नेत्रदान करने का निर्णय लिया। सामान्य अस्पताल से डॉ केतन भारद्वाज, डां सुरेंद्र शर्मा व जन सेवा दल की टीम उनके घर पहुंची तथा बहन रानी की आँखें सुरक्षित रख कर रोहतक पीजीआई भेजी।
जिनका उपयोग किसी नेत्रहीन को दृष्टि देने में किया जाएगा। इस मौके पर रानी ढींगड़ा के पति रमेश ढींगड़ा इन्सां,पुत्र आकाश इन्सां,राजू इन्सां के परिवार के सदस्य व पानीपत की साध संगत के साथ जन सेवा दल की टीम मौजूद रही।

## शहजादपुर कन्या विद्यालय में पुलिस ने किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बालाः पुलिस** अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निदेर्शानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ के नेतृत्व में उनकी टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/ छात्राओं/ महिलाओं/शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा,



साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ के नेतृत्व में उनकी टीम ने महिला सुरक्षा/ साईबर अपराध बारे जानकारी दी व डायल 112 एप्प बारे छात्र/ छात्राओं महिलाओं/ शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र/ छात्राओं/ महिलाओं/ शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/महिलाओं /शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें।

## दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में करियर गाइडेंस पर लगी कार्यशाला

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**
**दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक** स्कूल में इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने सेमिनार करवाया- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में करियर गाइडेंस पर लगी कार्यशाला- दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल, डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता के दिशा-निर्देशन में ग्लिटर डेन में दसवीं, ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के लिए एक करियर गाइडेंस सत्र का आयोजन किया। इस अवसर पर डायरेक्टर व प्रिंसिपल डॉक्टर सपना गुप्ता कहा कि इस वर्कशाप का उद्देश्य विद्यार्थियों के आत्मविश्वास को



बढ़ाना है। इससे वह जीवन में किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त कर सकेंगे। आज किसी भी क्षेत्र में रोजगार के अवसरों की कमी नहीं है। अगर समय रहते विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास व संचार कौशल में सुधार किया जाए तो उनके लिए रोजगार हासिल करना आसान हो जाता है। इसी उद्देश्य से हमारे विद्यालय में समय-समय पर इस प्रकार की कार्यशालाओं का आयोजन हो रहा है, ताकि विद्यार्थी को शिक्षा के साथ संचार कौशल में पारंगत किया जा सकें। समसामयिक समय में ढेर सारे करियर विकल्प उपलब्ध होने के कारण, करियर परामर्श सत्र की भूमिका अपरिहार्य हो जाती है। सत्र का संचालन आईसीएआई सदस्यों की एक टीम- इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया द्वारा किया गया। रिसोर्स पर्सन (प्रवक्ता) सीए जगदीश धमीजा, चेयरमैन, पानीपत चार्टर्ड अकाउंटेंट ब्रांच आईसीएआई और वक्ता सीए अरुशी थी। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चाहे छात्र कोई भी करियर को विकल्प के रूप में चयन करें। उसका गहन ज्ञान होना चाहिए, ऐसा न हो कि वह ऐसे करियर में पहुँच जाए जो उसके लिए नहीं बना है। छात्रों को रुचि व कौशल के हिसाब से कोर्स का चुनाव करना चाहिए। सीए को एक अच्छे और अनुकूल विकल्प के रूप में सभी आवश्यक जानकारी के साथ छात्रों के सामने पेश किया गया। इसके साथ ही उन्होंने चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने में कुछ भ्रांतियों के बारे में स्टूडेंट्स को अवगत करवाया। साथ ही उन भ्रांतियों का निवारण भी बताया। स्टूडेंट्स को चार्टर्ड अकाउंटेंट के पाठ्यक्रम में हुए बदलाव और नए जोड़े गए टॉपिक्स के बारे में विस्तार से बताया। चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने के बाद में क्या करें और क्या ना करें? इसके बारे में स्टूडेंट्स को समझाया। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स ने अपनी जानकारी बढ़ाने के लिए प्रश्न पूछे। इस कार्यक्रम से चार्टर्ड अकाउंटेंट के लिए स्टूडेंट्स का रुझान बढ़ा।

## दिव्यांशु ने 103 डिग्री बुखार में भी किया जनसभा को संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**
**करनाल लोकसभा** क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा ने 103 डिग्री बुखार होने के बावजूद समालखा में देर रात जनसभा को संबोधित किया। समालखा नगर पालिका की वाइस चेयरपर्सन के प्रतिनिधि एवं पूर्व पार्षद सुभाष शर्मा द्वारा आयोजित इस जनसभा में समालखा पंजाबी सभा के पूर्व प्रधान एवं पूर्व पार्षद श्याम सुंदर बरेजा ने कांग्रेस प्रत्याशी दिव्यांशु बुद्धि राजा को पगड़ी व गद्दा भेंट कर उन्हें सहयोग का आश्वासन दिया। इस मौके पर



की पार्षद व पूर्व पार्षदों ने कांग्रेस प्रत्याशी का समर्थन किया। इस मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए दिव्यांशु बुद्धि राजा ने भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल पर निशाना साधते हुए कहा कि जो मनोहर लाल पहले कहता था कि वह फार्म भरकर पूरे प्रदेश में प्रचार करेंगे मेरा चुनाव यहां की जनता लड़ेंगी।

## संपादकीय

# जैव विविधता पर संकट के बादल

**जीव-जंतु** तथा पेड़-पौधे भी मनुष्यों की ही भांति ही धरती के अभिन्न अंग हैं लेकिन मनुष्य ने अपने निहित स्वार्थों तथा विकास के नाम पर न केवल वन्यजीवों के प्राकृतिक आवासों को बेदर्दी से उजाड़ने में बड़ी भूमिका निभाई है बल्कि वनस्पतियों का भी तेजी से सफाया किया है। धरती पर अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए मनुष्य को प्रकृति प्रदत्त उन सभी चीजों का आपसी संतुलन बनाए रखने की जरूरत होती है, जो उसे प्राकृतिक रूप से मिलती हैं। इसी को पारिस्थितिकी तंत्र या इको सिस्टम भी कहा जाता है लेकिन चिंतनीय स्थिति यह है कि धरती पर अब वन्य जीवों तथा दुर्लभ वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों का जीवनचक्र संकट में है। वन्यजीवों की असंख्य प्रजातियां या तो लुप्त हो चुकी हैं या लुप्त होने के कगार पर हैं। पर्यावरणीय संकट के चलते जहां दुनियाभर में जीवों की अनेक प्रजातियों के लुप्त होने से वन्य जीवों की विविधता का बड़े स्तर पर सफाया हुआ है, वहीं हजारों प्रजातियों के अस्तित्व पर भी संकट के बादल मंडरा रहा है। यही स्थिति वनस्पतियों के मामले में भी है। वन्य जीव-जंतु और उनकी विविधता धरती पर अरबों वर्षों से हो रहे जीवन के सतत विकास की प्रक्रिया का आधार रहे हैं। वन्य जीवन में ऐसी वनस्पति और जीव-जंतु सम्मिलित होते हैं, जिनका पालन-पोषण मनुष्यों द्वारा नहीं किया जाता। आज मानवीय क्रियाकलापों तथा अतिक्रमण के अलावा प्रदूषित वातावरण और प्रकृति के बदलते मिजाज के कारण भी दुनियाभर में जीव-जंतुओं तथा वनस्पतियों की अनेक प्रजातियों के अस्तित्व पर संकट के बादल मंडरा रहे हैं। इस संबंध में ह्यप्रदूषण मुक्त सांसेंह्न किताब में विस्तार से उल्लेख किया गया है कि विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण किस प्रकार असंतुलित होता है। दरअसल विभिन्न वनस्पतियों और जीव-जंतुओं की संख्या में कमी आने से समग्र पर्यावरण जिस प्रकार असंतुलित हो रहा है, वह पूरी दुनिया के लिए चिंता का विषय बना है। पर्यावरण के इसी असंतुलन का परिणाम पूरी दुनिया पिछले कुछ दशकों से गंभीर पर्यावरणीय समस्याओं और प्राकृतिक आपदाओं के रूप में देख और भुगत भी रही है। लगभग हर देश में कुछ ऐसे जीव-जंतु और पेड़-पौधे पाए जाते हैं, जो उस देश की जलवायु की विशेष पहचान होते हैं लेकिन जंगलों की अंधाधुंध कटाई तथा अन्य मानवीय गतिविधियों के चलते जीव-जंतुओं के आशियाने लगातार बड़े पैमाने पर उजड़ रहे हैं। वनस्पतियों की कई प्रजातियों का भी अस्तित्व मिट रहा है। हालांकि जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों की विविधता से ही पृथ्वी का प्राकृतिक सौन्दर्य है, इसलिए भी लुप्तप्रायः पौधों और जीव-जंतुओं की अनेक प्रजातियों की उनके प्राकृतिक निवास स्थान के साथ रक्षा करना पर्यावरण संतुलन के लिए भी बेहद जरूरी है। इसीलिए पृथ्वी पर मौजूद जीव-जंतुओं तथा पेड़-पौधों के बीच संतुलन बनाए रखने के लिए तथा जैव विविधता के मुद्दों के बारे में लोगों में जागरुकता और समझ बढ़ाने के लिए प्रतिवर्ष 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है। 20 दिसम्बर, 2000 को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा प्रस्ताव पारित करके इसे मनाने की शुरूआत की गई थी। इस प्रस्ताव पर 193 देशों द्वारा हस्ताक्षर किए गए थे। दरअसल 22 मई, 1992 को नैरोबी एक्ट में जैव विविधता पर अभिसमय के पाठ को स्वीकार किया गया था।

# भारतीय मसालों की प्रतिष्ठा धूमिल करने की कोशिशें

**डॉ. रामानुज पाठक**

> “मसाला बोर्ड (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार हेतु प्रमुख संगठन है। यह मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 द्वारा स्थापित किया गया था।भारत में कुछ राज्य ऐसे हैं जो उन मसालों का उत्पादन करते हैं जिनका राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में बहुत अधिक मूल्य है। सबसे अच्छा उदाहरण 'कश्मीरी केसर' है जो दुनिया का सबसे अच्छा केसर है। कश्मीरी केसर को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग का दर्जा मिला है।यह सुखद आश्चर्य है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) द्वारा सूचीबद्ध 109 मसाला की किस्मों में से लगभग 75 का उत्पादन करता है”

**मसाले बीज, फल**, छाल, राइजोम और पौधों के अन्य भागों से प्राप्त सुगंधित खाद्य उत्पाद प्राप्त होते हैं।उनका उपयोग भोजन के संरक्षण और दवाओं, रंगों एवं इत्र के रूप में किया जाता है।मसालों को हजारों वर्षों से व्यापार की वस्तुओं के रूप में अत्यधिक महत्त्व दिया गया है।

विशेष रूप से महामारी की अवधि के दौरान मसालों को स्वास्थ्य पूरक के रूप में मान्यता देने के कारण मसालों की मांग में जबरदस्त वृद्धि हुई है।

इसे हल्दी, अदरक, जीरा, मिर्च आदि जैसे मसालों के बढ़ते निर्यात से स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।भारत में मसालों के उपयोग का पता प्राचीन काल से लगाया जा सकता है, जिसके प्रमाण सिंधु घाटी सभ्यता से मिलते हैं।इन प्रारंभिक सभ्यताओं में भी मसालों का उपयोग पाक और औषधीय प्रयोजनों के लिए किया जाता था।सिल्क रोड सहित प्राचीन व्यापार मार्गों पर भारत की रणनीतिक स्थिति ने अन्य सभ्यताओं के साथ मसालों के आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान की।

भारत की आर्थिक समृद्धि में योगदान देने वाले काली मिर्च, इलायची और दालचीनी जैसे मसालों की अत्यधिक मांग थी।मसाले सदियों से पारंपरिक भारतीय चिकित्सा, आयुर्वेद का अभिन्न अंग रहे हैं। माना जाता है कि कई मसालों में औषधीय गुण होते हैं और उनका उपयोग विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए किया जाता था।भारत मसालों का विश्व में सबसे बड़ा उत्पादक, उपभोक्ता और निर्यातक देश है।

बदलती जलवायु के कारण उष्णकटिबंधीय से उपोष्णकटिबंधीय, उपोष्णकटिबंधीय से समशीतोष्ण तक लगभग सभी जलवायु के मसालों का भारत में उत्पादन किया जाता है।वास्तव में भारत के लगभग सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में किसी-न-किसी मसाले का उत्पादन किया जाता है।

संसदीय अधिनियम के तहत कुल 52 मसालों को मसाला बोर्ड के दायरे में लाया गया है।

मसाला बोर्ड (वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय) भारतीय मसालों के विकास और विश्वव्यापी प्रचार हेतु प्रमुख संगठन है।

यह मसाला बोर्ड अधिनियम, 1986 द्वारा स्थापित किया गया था।भारत में कुछ राज्य ऐसे हैं जो उन मसालों का उत्पादन करते हैं जिनका राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाजारों में बहुत अधिक मूल्य है। सबसे




अच्छा उदाहरण 'कश्मीरी केसर' है जो दुनिया का सबसे अच्छा केसर है।

कश्मीरी केसर को भौगोलिक संकेत (जीआई) टैग का दर्जा मिला है।यह सुखद आश्चर्य है कि भारत अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ)

द्वारा सूचीबद्ध 109 मसाला की किस्मों में से लगभग 75 का उत्पादन करता है।सबसे अधिक उत्पादित और निर्यात किए जाने वाले मसाले काली मिर्च, इलायची, मिर्च, अदरक, हल्दी, धनिया, जीरा, अजवाइन, सौंफ, मेथी, लहसुन, जायफल और जावित्री करी पाउडर, मसाला तेल और ओलियोरेसिन हैं। इन मसालों में से मिर्च, जीरा, हल्दी, अदरक और धनिया कुल उत्पादन का लगभग 76 फीसदहिस्सा बनाते हैं।भारत में सबसे बड़े मसाला उत्पादक राज्य मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, महाराष्ट्र, असम, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और केरल हैं।आज, भारत अपनी विविध जलवायु और भूगोल के कारण विभिन्न प्रकार के मसालों के उत्पादन के लिए जाना जाता है। काली मिर्च, इलायची, दालचीनी, लौंग, हल्दी, जीरा और धनिया जैसे मसालों की खेती देश के विभिन्न क्षेत्रों में की जाती है।भारतीय मसालों ने न केवल देश की पाक परंपराओं को आकार दिया है बल्कि वैश्विक व्यंजनों पर भी महत्वपूर्ण प्रभाव छोड़ा है। भारतीय मसालों का उपयोग अंतरराष्ट्रीय खाना पकाने में व्यापक है, जो पाक प्रथाओं के वैश्वीकरण में योगदान देता है।फेडरेशन ऑफ इंडियन स्पाइस स्टेकहोल्डर्स (एफआईएस) दो निजी कंपनियों(एम डी एच और एवरेस्ट) को निशाना बनाकर भारतीय मसालों की प्रतिष्ठा को धूमिल करने के प्रयासों के खिलाफ सामने आया है। फेडरेशन के अध्यक्ष ने कहा कि हम उपभोक्ताओं और सभी संबंधित पक्षों को आश्वस्त करना चाहते हैं कि एथिलीन ऑक्साइड

यानी ईटीओ कोई कीटनाशक नहीं है। एथिलीन ऑक्साइड एक कीटाणुनाशक एजेंट है जिसका उपयोग खाद्य उत्पादों में सूक्ष्म जीव(माइक्रोबियल तत्वों), मसालों और साल्मोनेला, ई. कोलाई आदि जैसे घातक रोगजनकों को शामिल करने या कम करने के लिए किया जाता है।वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, प्रति वर्ष 3.67 अरब अमेरिकी डॉलर के निर्यात के साथ वर्ष 2023/2024में भारत का मसाला निर्यात 4.25अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गया जो वैश्विक मसाला निर्यात का 12फीसद है।भारतीय मसाले विश्व स्तर पर चर्चा का एक गर्म विषय बन गए हैं, जिनकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उच्च प्रतिष्ठा और लोकप्रियता है। भारतीय मसाले अपनी बेहतर गुणवत्ता, सुगंध, स्वाद और औषधीय महत्व के कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंचे दाम पर बिकते हैं। लेकिन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) और मसालों और मसाला उत्पादों पर इसके उपयोग के संबंध में अब कई रपटें हैं।एथिलीन ऑक्साइड के अत्यधिक उपयोग के आरोपों पर विशेषज्ञों द्वारा तर्कपूर्ण जवाब प्रस्तुत किए गए हैं।विशेषज्ञों का कहना है कि सरकार, मसाला बोर्ड, मसाला संघों और नियामक निकायों को इस मुद्दे पर गलतफहमियों को दूर करने के लिए मिलकर काम करना चाहिए और यह सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास करने चाहिए कि भारतीय मसालों का निर्यात और प्रतिष्ठा प्रभावित न हो। उनका कहना है कि एथिलीन ऑक्साइड का इस्तेमाल पिछले 45 सालों से मसालों को स्टरलाइज(निर्जर्मीकरण) करने के लिए किया जा रहा है। भारतीय निर्यातकों ने उन देशों के मानदंडों का सख्ती से पालन किया है। कुछ लोग और तथाकथित देश गलत जानकारी के साथ ऐसे मुद्दे फैलाकर एफएसएसआई और सरकार पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है यह मुद्दा इतना चर्चा में है कि इससे घरेलू बाजार में भी हमारे अपने मसालों के उत्पादन को लेकर डर पैदा हो गया है। विशेषज्ञ कहते हैं, ईटीओ का उपयोग गर्मी के प्रति संवेदनशील मेडिकल डिस्पोजल जैसे सीरिंज, कैथेटर आदि को स्टरलाइज करने के लिए भी किया जाता है। विश्व स्तर पर उपयोग किए जाने वाले लगभग 50 फीसद डिस्पोजेबल चिकित्सा उपकरणों को एथीलीन ऑक्साइड द्वारा निष्फल किया जाता है। इसे सबसे संवेदनशील रोगियों के मामले में भी उपयोग के लिए अनुमोदित किया गया है।एथीलीन ऑक्साइड एक रंगहीन गैस है, जिसका उपयोग कई रोजमर्रा के उत्पादों के निर्माण में किया जाता है। यह गैस इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए बैटरी बनाने, प्राकृतिक गैस और उसके डेरिवेटिव(व्युत्पन्न) को परिष्कृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इसका उपयोग तेल और गैस कुओं के खनन (ड्रिलिंग) में भी किया जाता है। भाप और विकिरण द्वारा नसबंदी प्रक्रिया की तुलना में, एथीलीन ऑक्साइड (ईटीओ) द्वारा नसबंदी प्रक्रिया को संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा, सिंगापुर और कई अन्य देशों में अनुमोदित किया गया है क्योंकि यह उत्पादन के लिए सुरक्षित है और रोगजनकों और जीवाणु संदूषण से मुक्त है।मसालों में एथिलीन ऑक्साइड की मात्रा भिन्न भिन्न देशों में अलग अलग है।भारत सरकार के वित्त सचिव के अनुसार अमेरिकन स्पाइस ट्रेड एसोसिएशन (एएसटीए) ने ईटीओ पर प्रकाशित अपने श्वेत पत्र में कहा है कि अधिकांश मसाले विकासशील देशों में उगाए जाते हैं जहां स्वच्छता और खाद्य प्रबंधन प्रथाएं अमेरिका में अपेक्षित स्तर पर नहीं हैं। कच्चे मसालों में साल्मोनेला और ई. कोली सहित रोगजनक हो सकते हैं, जो गंभीर बीमारी का कारण बन सकते हैं।

एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) इन तत्वों को हटाने के साथ-साथ बैक्टीरिया भार, यीस्ट और मोल्ड, कोलीफॉर्म और अन्य रोगजनकों को कम करने में अत्यधिक प्रभावी है, और इसका उपयोग मसालों को स्टरलाइज करने के लिए भी पहचाना जाता है।एथिलीन ऑक्साइड का मुद्दा भारतीय मसालों पर प्रतिबंध की वजह है। एथिलीन ऑक्साइड एक रसायन है जिसका उपयोग मसालों में कीटाणुरोधी पदार्थ के रूप में किया जाता है, परंतु एक निश्चित सीमा से अधिक उपयोग करने पर इसे कैंसरकारी माना जाता है।हालाँकि एथिलीन ऑक्साइड संदूषण को रोकने के प्रयास किये जा रहे है।

## कविता

### तेरे लिए

क्या फायदा ऐसी जिंदगी पर
मेरी मेहनत की कमाई से मैं
तेरे लिए ही कुछ न खरीद सकूँ।
क्या कायदा ऐसे प्यार पर
तेरी खुशी के खातिर मैं
अपने प्यार का न इजहार करूँ।

मेरी हर ख्वाईश को इशारों से समझा
इतना गैरत नही मैं कि
तेरी उदासी को नजरअंदाज करूँ।
जिन्दगी के सारे गम दूर हुए बस तेरे,
साथ निभाने से
ऐसे हसीन पल को क्यो न मैं याद करूँ।

अच्छी लगती है तेरी प्यार भरी तकरार
कभी तुम मुझसे बरबस ही रूठा करो
और मैं तुम्हे प्यार से मनाया करूँ।
आगोस में तेरे जिया हूँ सुकून भरे पल
मैं राही धूप का, तुम मेरी तरु बनी
इस चाहत को क्यों न आत्मसात करूँ।

नासमझ है वे लोग, तुम्हे कम आँकते है
अनमोल उपहार है तू मेरे लिए
ऐसे प्रियतम के लिए जीवन कुर्बान करूँ।
जिंदगी जिंदादिल है मेरी
साथ है तेरा हमसफर के लिए,
क्यों न मैं अपने भाग्य पर इतराया करू।

**श्याम कुमार**

# विज्ञापन में करियर विकल्प

**विजय गर्ग**

**व्यवसाय** में विज्ञापन एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। आजकल मार्केटिंग पूरी तरह से विज्ञापनों पर निर्भर हो गई है। विज्ञापन ग्राहकों को कंपनी द्वारा पेश किए गए उत्पादों को खरीदने के लिए मनाने की कला है। यह जनसंचार की अवधारणाओं में से एक है। विज्ञापन क्षेत्र में करियर ग्लैमरस होने के साथ-साथ काफी प्रतिस्पर्धी भी है क्योंकि हर दिन अधिक से अधिक एजेंसियां खुल रही हैं। विज्ञापन के विभिन्न माध्यम हैं जैसे इंटरनेट, टीवी, रेडियो, पत्रिकाएँ, समाचार पत्र और होर्डिंग्स। यह मांग पैदा करने में एक प्रमुख भूमिका निभाता है; विपणन प्रणाली को बढ़ावा देना और आर्थिक विकास को बढ़ाना। विज्ञापन में नौकरी के अवसर और करियर की संभावनाएँ विज्ञापन जगत में अपना करियर बनाने के लिए कई विकल्प हैं। आपके कौशल के आधार पर इस उद्योग में स्टार्टअप के लिए आपके पास कई विकल्प हैं। नौकरी पेशा को मुख्यतः दो प्रकारों में वर्गीकृत किया गया है: रचनात्मक नौकरियाँ: रचनात्मक नौकरियों में विभिन्न पेशे शामिल होते हैं। ये ऐसे काम हैं जो पूरी तरह से रचनात्मकता पर निर्भर हैं। कॉपीराइटर: कॉपीराइटर की मुख्य भूमिका विज्ञापन लिखना और विज्ञापनों के विजुअलाइजेशन के लिए रचनात्मक नारे, शब्द और ऑडियो स्क्रिप्ट बनाना है। एक विज्ञापन कॉपीराइटर को अत्यधिक रचनात्मक और कल्पनाशील होना चाहिए। अच्छे लेखन कौशल की भी आवश्यकता है। इसके अलावा, सभी विज्ञापन तकनीकों में गहरी रुचि रखें। कॉपीराइटर का काम अलग-अलग क्लाइंट के हिसाब से अलग-अलग होता है, क्लाइंट की मांग के अनुसार उन्हें उस विषय पर काम करना होता है। कॉपीराइटर बनने के लिए आपको संचार, अंग्रेजी या पत्रकारिता में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होगी। भारत में एक कॉपीराइटर का औसत वार्षिक वेतन लगभग 2,98,315 रुपये है। ग्राफि क डिजाइनर: ग्राफि क डिजाइनर का मुख्य उद्देश्य विज्ञापनों के लिए डिजाइन तैयार करना है। डिजाइन इस तरह से है कि यह क्लाइंट के संदेश को उच्च दृश्य प्रभाव के साथ दर्शकों तक पहुंचाता है। आजकल अधिकांश डिजाइनिंग कार्य विभिन्न ग्राफि क डिजाइनिंग प्रोग्रामों की सहायता से कंप्यूटर पर किया जाता है। एक ग्राफिक डिजाइनर में मजबूत कंप्यूटर स्किल के साथ-साथ मजबूत विजुअल सेंस भी होना चाहिए। इसके अलावा, ग्राफिक्स और टाइपोग्राफी में रुचि आवश्यक है। ग्राफिक डिजाइनरों को क्वार्क एक्सप्रेस, फ्रीहैंड, इलस्ट्रेटर, फोटोशॉप, 3डी स्टूडियो मैक्स, एक्रोबैट, डायरेक्टर, ड्रीमवीवर और फ्लैश जैसे विभिन्न कार्यक्रमों का उपयोग करने में सक्षम होना चाहिए। एक पेशेवर ग्राफिक डिजाइनर बनने के लिए ललित कला, ग्राफिक कला या अन्य दृश्य कला से संबंधित विषयों में स्नातक की डिग्री आवश्यक है। भारत में ग्राफिक डिजाइनर का औसत वार्षिक वेतन लगभग 6,00,000 रुपये है।

## विचार

# क्रोध, युद्ध केवल उन्माद और लोलुपता का परिणाम

**संजीव**

**युद्ध** और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और 30 हजार से ज्यादा फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती जा रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है' रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है' रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 1 वर्ष से ज्यादा समय से युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है' यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं। रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बबार्दी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है' मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं। यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## व्यंग्य

# शहर में झूठ का पता

**डॉ. सुरेश**

**आए दिन** हर कोई घर-जमीन गांव सब छोड़-छाड़ कर या बेच-बांचकर शहर की ओर कदम बढ़ाता है। पता नहीं शहर में ऐसा कौन सा चुंबक होता है जो लोहे के बदले इंसान को अपनी ओर खींचता है। शहर की चमचमाती सड़कों को देख चमचमाने का कीड़ा बड़ा उछल-कूद करता है। छोटे-छोटे गांवों में शहरी लालच की बड़ी अट्टालिका का निर्माण बिना ईट, सीमेंट, रेत और पानी के हो जाता है। वह क्या है न कि सच्चाई का डाकिया शहर में झूठ का पता कभी नहीं ढूँढ़ सकता। फिर एक दिन इसके-उसके मुँह हमें एक ही बात सुनने को मिलती है- डाकिया ही चल बसा शहर ढूँढ़ते-ढूँढ़ते। सच कहें तो शहर कुछ लोगों को शह देता है तो कुछ लोगों को हर लेता है। हमारे गांव में फलां पिछड़ा बाबू रहा करते थे। आजकल शहर में विकास बाबू बनकर हमारे बीच धाक जमा रहे हैं। उन्हीं का नाम ले लेकर गांव में कइयों का जीना हराम हो गया है। मैंने निर्णय किया कि विकास बाबू के यहां जाकर दो-चार दिन ठहरूँगा और अपनी योग्य कोई नौकरी तलाश करूँगा। किंतु जैसे ही मैं शहर पहुंचा वहां विकास बाबू को देखकर मेरे पैरों तले जमीन खिसक गई। गांव में खुद को सॉफ्टवेयर कंपनी का कर्मचारी बताने वाले विकास बाबू के कर्म और आचार में बड़ा अंतर दिखाई दिया। वे सॉफ्टवेयर कंपनी में नहीं किसी अपार्टमेंट के वॉचमैन की नौकरी करते थे। पूछने पर बताया कि गांव में खुद की जमीन जायदाद होने के बावजूद वह सम्मान नहीं मिल पा रहा था जो सम्मान शहर में आकर झूठ बोलकर मिल रहा है। आज मेरी झूठमूठ की सॉफ्टवेयर की नौकरी से सचमुच की खूबसूरत अप्सरा जैसी पत्नी, लाखों का दहेज, चार चक्का गाड़ी और ऊपर से इज्जत अलग मिल रही है। मैंने पूछा कि क्या तुम्हें झूठ के पदार्फाश होने का डर नहीं है? इस पर उन्होंने किसी दार्शनिक की तरह जवाब दिया - कैसा झूठ?

कहां का झूठ? यहाँ हर कोई झूठ में जी रहा है। गांव की सच्चाई छोड़ लोग शहर के झूठ की ओर दौड़ रहे हैं। शहर में रहने वाले अपनी सच्चाई छोड़कर महानगरों की झूठी चकाचौंध के पीछे-पीछे दौड़े जा रहे हैं। महानगर में रहने वाले अमेरिका, इंग्लैंड की झूठी दुनिया में जाना चाहते हैं।

# लोकसभा चुनाव में मुद्दों की बजाय आरोप प्रत्यारोप पर जोर

**राजेश माहेश्वरी**

**लोकसभा** चुनाव की लहर पूरे देश में चल रही है। पांच चरणों का मतदान भी हो चुका है। लेकिन अभी तक कोई ऐसा मुद्दा सामने नहीं आया, जिसे लेकर ये चुनाव लड़ा जा रहा हो। राजनीतिक दल और नेता एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप, विवादित बयान देकर चुनावी रैलियों और सभाओं में तालियां पिटवा रहे हैं। राजनीतिक दलों के चुनावी वादों और गारंटी से भरे भाषण आकाशवाणी, टीवी चैनल के माध्यम से जनमानस के मन को लुभाने की कोशिशों में जुटे हैं। लेकिन इनमें ये गारंटी व वादे किस तरीके से पूरे किए जायेंगे, बेरोजगारी, महंगाई कैसे काबू में होगी इसका खुलासा कोई भी पार्टी नहीं कर रही है। आज गरीब पहले से भी ज्यादा गरीब हो रहा है उसे अमीर के समकक्ष कैसे लाया जाएगा। इसका जिक्र कहीं नहीं है, सिर्फ सीटों की संख्या कितनी जीतना होगी ये बता कर जरूरी मुद्दों से भटकाने की कोशिश है। चुनाव आते ही सभी राजनीतिक दल लुभावने वादों से जनता को रिझाने में लगे हैं मगर जिन मुद्दों को चुनाव विमर्श में आना चाहिए वे गायब हैं। सबसे पहला मुद्दा शिक्षा का होना चाहिए। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह नागरिक स्वास्थ्य का भी मुद्दा बनाएं। आज भी स्वच्छ पेयजल हर जगह उपलब्ध नहीं है। कृषि क्षेत्र जल संकट से जूझ रहा है। पर्यावरण सुरक्षा की भी बात होनी चाहिए। बढ़ते प्रदूषण पर कोई भी राजनीतिक दल बात नहीं करता। सबसे अहम मुद्दा बेरोजगारी का तो है ही। मतदाताओं को भी चाहिए कि उचित मुद्दों पर बात करने वाले दलों को ही अपना वोट दें। आजादी के बाद देश में हुए पहले चुनाव में से लेकर ताजा आम चुनाव तक चुनाव आते ही राजनीतिक दल जनसाधारण का ध्यान वास्तविक मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसे-ऐसे मुद्दे लाते हैं जो मतदाताओं को भ्रमित करते हैं। देश के आम चुनाव में चुनावी मुद्दे जनसाधारण की समस्याएं होनी चाहिए, जो उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करते हैं। आज के मेधावी युवा देश से विदेश में पलायन कर रहे हैं। मुद्दा यह होना चाहिए कि उनका पलायन रोका जाए। उन्हें रोजगार दिया जाए। देश का आर्थिक विकास के साथ आम आदमी की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति हो।

## न्यूज फ्लैश

### मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस कैंप का हुआ समापन

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। एसके** मार्शल आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा की ओर से बेटियों के प्रति बढ़ रही दिन-प्रतिदिन छेड़छाड़ को देखते हुए बेटियों की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे दो दिवसीय निशुल्क मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस कैंप का आज समापन हो गया। जैन गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल रेलवे रोड करनाल के प्रांगण में आयोजित इस कैंप का मुख्य उद्देश्य बेटियों को अपनी सुरक्षा के लिए आत्मनिर्भर बनाना रहा, ताकि वह बुरे वक्त में शरारती तत्वों से मुकाबला कर सकें और निडर होकर समाज में रह सकें।जैन गर्ल सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल कोमल लाठर ने मास्टर सतीश कुमार राणा का बेटियों की सुरक्षा के लिए कैंप लगाने पर धन्यवाद व्यक्त किया। इस मौके पर वॉइस प्रिंसिपल आंचल गोयल, कोर्डिनेटर शकुंतला, रजनी, वर्षा, कोच मिथुन कुमार मौजूद रहे। कैंप में 400 बेटियों ने भाग लिया और अपनी सुरक्षा के लिए मार्शल आर्ट सेल्फ डिफेंस की ट्रेनिंग प्राप्त की।

### अपस्टॉक्स ने बीमा वितरण क्षेत्र में किया प्रवेश

**गाजियाबाद:** भारत के प्रमुख धन प्रबंधन प्लेटफॉर्म में से एक, अपस्टॉक्स ने आज बीमा वितरण व्यवसाय में प्रवेश की घोषणा की। अपस्टॉक्स को पारंपरिक रूप से स्टॉक, एफएंडओ और म्यूचुअल फंड में अपनी पेशकशों के लिए जाना जाता है, लेकिन बीमा की शुरूआत इसके एक व्यापक धन-सृजन प्लेटफॉर्म के रूप में विकसित होने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। फिलहाल अपस्टॉक्स, स्टॉक, आईपीओ, एफएंडओ, कमॉडिटी, करेंसी, फिक्स्ड डिपॉजिट, पी2पी लेंडिंग, सरकारी बॉन्ड, टी-बिल, एनसीडी, सोना, बीमा और बहुत कुछ सहित वित्तीय समाधानों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए वन-स्टॉप-शॉप है।इस लॉन्च के साथ, कंपनी का लक्ष्य है, अपने उपयोगकताओं को उनकी आवश्यकताओं के अनुरूप बीमा खरीदने का एक सरल, पारदर्शी और जरूरत के अनुरूप अनुभव प्रदान कर भारत के बीमा परिदृश्य में क्रांति लाना। फिलहाल, अपस्टॉक्स अपने प्लेटफॉर्म पर टर्म लाइफ इंश्योरेंस की पेशकश कर रहा है और जल्द ही स्वास्थ्य, मोटर और यात्रा बीमा शुरू करने की योजना बना रहा है। एचडीएफसी लाइफ, अपस्टॉक्स के साथ साझेदारी करने वाली और प्लेटफॉर्म पर अपनी टर्म इंश्योरेंस योजनाएं पेश करने वाली पहली बीमा कंपनियों में से एक है। अपस्टॉक्स की सह-संस्थापक कविता सुब्रमणियन ने कहा, हम मानते हैं कि बीमा क्षेत्र का काम मुश्किल होता है। ग्राहकों के पास बहुत से सवाल होते हैं कि कौन सा प्लान ठीक है, किसी प्लान को चुनने के लिए सही मानदंड क्या होना चाहिए, कितना बीमा कवर पर्याप्त होगा आदि। अपस्टॉक्स में हम इन चुनौतियों को समझते हैं और हम अपने ग्राहकों को बिना किसी परेशानी के इन सभी का जवाब पाने में मदद करने के लिए समर्पित हैं। हम अपने प्लेटफॉर्म पर बीमा के लॉन्च के साथ अपने प्लेटफॉर्म को सरल, सुरक्षित, तेज और सहज बनाने की दिशा में लगातार प्रयास कर रहे हैं और हम अपने उपयोगकताओं को सुरक्षित वित्तीय भविष्य के लिए उनकी संपत्ति को प्रभावी ढंग से प्रबंधित करने में मदद कर रहे हैं और इसे पूरा करने के लिए, हमें अपने पहले बीमा भागीदार के रूप में एचडीएफसी लाइफ को पाकर खुशी हो रही है।"



### वी ने हरियाणा में अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए पेश किया ईसिम

**गुरुग्राम।** जाने-माने दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने आज हरियाणा में अपने प्रीपेड उपभोक्ताओं के लिए ईसिम सर्विसेज का विस्तार किया है। यह लाखों भारतीयों को सहज, तेज एवं पर्यावरण के अनुकूल कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने की दिशा में उल्लेखनीय कदम है। कम्पेटिबल स्मार्टफोन पर ईसिम, वी के प्रीपेड उपभोक्ताओं के बेहतर सुविधा एवं प्रत्यास्थता देगा। ईसिम एक ही डिवाइस में कई प्रोफाइल्स को सपोर्ट करता है, इससे यूजर प्राइमरी सिम को निकाले बिना दूसरे सिम कार्ड का इस्तेमाल आसानी से कर सकता है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि ईसिम स्थायित्व की दिशा में बड़ा कदम है और नई तकनीकों के सुगम अडॉप्शन और तीव्र कनेक्टिविटी में योगदान देगा। इस लॉन्च के साथ वी के सभी उपभोक्ता, पोस्टपेड एवं प्रीपेड, अब अपने हैण्डसेट (प्राइमरी डिवाइसेज) पर ईसिम फीचर का लाभ उठा सकेंगे। दीपक राव, क्लस्टर बिजनेस हैड- पजांब, हिमाचल प्रदेश एवं जम्मू-कश्मीर, वोडाफोन आइडिया ने कहा, वी में हम ऐसी सेवाएं और पेशकश लेकर आते हैं जो उपभोक्ताओं को सुविधाजनक और पैसावसूल सेवाएं प्रदान करें। ईसिम टेक्नोलॉजी के माध्यम से हम उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करने तथा आधुनिक तकनीकों के द्वारा स्थायी भविष्य के निर्माण में योगदान देने के लिए प्रयासरत हैं। अपने फोन के लिए वी ईसिम कैसे पाएं: ईसिम एक्टिवेट करने के लिए रजिस्टर्ड ईमेल आईडी होना जरूरी है।

# मनोहर लाल ने सरकारी सेवाओं को ऑनलाइन कर बनाई अलग पहचान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत /कमाल हुसैन**

**उत्तराखंड के मुख्यमंत्री** और भाजपा के स्टार प्रचारक पुष्कर सिंह धामी भाजपा जिला कार्यालय में पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से रूबरू हुऐ इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट और पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज मौजूद रहे` इसके बाद मुख्यमंत्री धामी ने एमजेआर परिसर में उत्तराखंड प्रकोष्ठ और पूर्वांचल प्रकोष्ठ के सम्मेलन को संबोधित कियो यहाँ पहुँचने पर दोनों संगठनों की ओर से उनका भव्य स्वागत किया गया` पत्रकारों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि विकास के मामले में उत्तर भारत में हरियाणा अलग पहचान रखता है हरियाणा की पवित्र भूमि पर प्राचीन काल से ही ऐतिहासिक निर्णय होते रहे हैं` भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और लोकसभा चुनाव 2024 भी एक धर्मयुद्ध की तरह है जिसमें एक तरफ अधर्म और धर्म के बीच लड़ाई लड़ी जा रही है` प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी धर्म की लड़ाई लड़ते हुए भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने के लिए काम कर रहे हैं` इसलिए सभी लोगों को लोकतंत्र के इस महायज्ञ में कमल के निशान पर मतदान कर अपनी आहुति जरूर देनी चाहिए` केंद्र सरकार ने जहाँ कश्मीर से धारा 370 को हटाया, राम मन्दिर का निर्माण करवाया, तीन तलाक पर रोक लगा कर मुस्लिम बहनों को बड़ी राहत दिलाई, नागरिकता संशोधन अधिनियम लागू किया और दुश्मनों के सभी हमलों का मुंह तोड़ जवाब दियो मातृशक्ति का मान सम्मान बढ़ाने के लिए संसद में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिया, गरीब कल्याण, आयुष्मान और सुशासन स्थापित किया तथा अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुए समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति का कल्याण किया उन्होंने कहा कि इन सभी कल्याणकारी नीतियों के कारण देश में इस समय भारतीय जनता पार्टी की लहर चल रही है और लोगों में काफी उत्साह और जोश साफ दिखाई देता है मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एमजेआर परिसर में आयोजित उत्तराखंड प्रकोष्ठ और पूर्वांचल प्रकोष्ठ की ओर से आयोजित सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हरियाणा के विकास में उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश और पूर्वांचल के लोगों का बहुत बड़ा योगदान है और हरियाणा ने भी इन लोगों को भरपूर प्यार दिया है करनाल लोकसभा क्षेत्र ने 2019 के लोकसभा चुनाव में भारत में जीत के मामले में दूसरा स्थान प्राप्त किया थो यदि उत्तराखंड, पूर्वांचल और उत्तरप्रदेश व बिहार से हरियाणा में आए हुए मतदाता पूर्ण मतदान में भाजपा का पूर्ण सहयोग करेंगे।



## भाविप की श्री राधा कृष्ण शाखा ने पक्षियों के लिए बांटे कसोरे



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। भारत विकास** परिषद की श्री राधा कृष्ण शाखा की दूसरी जनरल मीटिंग लोकमत परिष्कर व पक्षियों को दाना पानी प्रकल्प अंसल टाउन करनाल में सचिव देवेन्द्र रोहिल्ला के निवास स्थान पर हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा के अध्यक्ष उमेश तनेजा ने की। शाखा की ओर से पक्षियों के लिए कसोरे वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि इस तपती गर्मी में सभी को अपने घर की छत पर पक्षियों के लिए पानी के कसोरे रखने चाहिएं। इसमें महिला संयोजिका अनिता, उपाध्यक्ष अनिल अरोड़ा, प्रमोद नागपाल, सदस्य दलबीर, प्रेम, तरुण शर्मा व नीरू शर्मा, बलराम शर्मा व मनीषा शर्मा, अमित रोहिल्ला व संगीता रोहिल्ला, जितेन्द्र रोहिल्ला व नीति रोहिल्ला, दीपक रोहिल्ला, उर्मिला, संतोष व बच्चों में सृष्टि रोहिला, सारिका रोहिला, अंशुमन, चिराग, यशिका, पुष्यमित्र, अथर्व, जैसवी, गुलशन आदि उपस्थित रहे। इस प्रकल्प के प्रमुख प्रियंका काठपाल, राकेश अरोड़ा व अनिल अरोड़ा रहे।

## पूर्व सरपंच व पत्रकार राकेश त्यागी के पिता का निधन

**गन्नौर। खेड़ी तगा** गांव के पूर्व सरपंच व पत्रकार राकेश त्यागी के पिता देवदत त्यागी के निधन पर शहर के गणमान्य लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए भगवान से उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की। विधायक निर्मल चौधरी ने कहा कि देवदत त्यागी ने बहुत ही नेक दिल इंसान थे। उनकी कार्यशैली की हर कोई सराहना करता था। उनके द्वारा किए गए कार्य व उनकी कार्यशैली से उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। स्वर्गीय देवदत त्यागी के परिजन हरिप्रकाश त्यागी, सुभाष नम्बरदार, श्रीनिवास त्यागी, प्रमोद त्यागी, एडवोकेट यशवीर त्यागी आदि ने उनके द्वारा किए कार्य की सराहना की।

## हिट-एंड-रन में मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को मिलेगा मुआवजा

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपतः उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार** ने कहा कि हिट-एंड-रन दुर्घटना में व्यक्ति की मृत्यु होने पर पीड़ित परिवार को हिट-एंड-रन दुर्घटना मुआवजा स्कीम-2022 के तहत दो लाख रुपए का मुआवजा दिया जाएगा। इसके लिए पीड़ित परिवार को जिस व्यक्ति की मृत्यु हुई है उसकी पोस्टमार्टम रिर्पाट संबंधित एसडीएम कार्यालय में जमा करवानी होगी। उन्होंने सभी एसडीएम को निर्देश दिए कि इस संबंध में आपको पास जो भी आवेदन आए उसपर तुरंत कार्यवाही करते हुए पीड़ित परिवार को दो लाख का मुआवजा दिलाने का कार्य करें। उपायुक्त डॉ0 मनोज कुमार ने लघु सचिवालय में आयोजित जिला सडक सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला के किसी क्षेत्र में हिट-एंड-रन दुर्घटना होती है तो संबंधित एसएचओ तुरंत 07 दिन के अंदर इसकी रिपोर्ट संबंधित एसडीएम को भेजे ताकि एसडीएम मुआवजा के लिए इसकी रिपोर्ट क्लेम कमीशन को भेज सके। इसके अलावा उन्होंने आरटीए को निर्देश दिए कि हर महीने होने वाली सडक सुरक्षा कमेटी की बैठक में इन सभी केसों को प्रस्तुत करें ताकि पीड़ित परिवार को मुआवजा मिल सके। उन्होंने आरटीए विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सुरक्षित स्कूल वाहन पॉलिसी में निर्धारित मानकों व मापदंडों की अवेहलना करने वाले स्कूली वाहनों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि सभी स्कूल संचालकों को पत्र भेजे कि वे पॉलिसी के तहत स्कूली वाहनों और चालकों से सभी मापदंडों को पूरा करवाएं। उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों को विद्यार्थियों की सुरक्षा के लिए तय नियमों की पालना हर हाल में करनी होगी, अवहेलना पर कोई माफी नहीं है। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि इस कार्य में किसी प्रकार की ढिलाई सहन नहीं की जाएगी, इसलिए निरंतर स्कूली वाहनों की चैंकिग करें।




## कलाकारों ने वोट डालने के लिए किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिला सूचना** एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग का विशेष प्रचार वाहन 25 मई को वोट डालने का संदेश करनाल विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों के हजारों मतदाताओं के घर-घर तक पहुंचाया जा रहा है। इन गांवों में विभाग के कलाकार सुमेर पाल, गुलाब सिंह सहित अन्य कलाकारों ने नुक्कड़ नाटक और गीतों के माध्यम से मतदाताओं को 25 मई के दिन अपने मत का प्रयोग अवश्य करने का संदेश दिया। इसके साथ ही इन कलाकारों ने वोट की महत्ता के बारे में जानकारी दी है। यह कलाकार निरंतर 24 मई तक प्रचार-प्रसार करते रहेंगे। जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी डॉ. नरेन्द्र सिंह ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त उत्तम सिंह के मार्गदर्शन में सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से विशेष प्रचार वाहन तैयार किया है। विशेष प्रचार वाहन द्वारा इंद्री विधानसभा क्षेत्र के कुंजपुरा, बड़ा गांव, घीड़, चोरा, चोरपुरा, ब्याना, बदरपुर, कलसौरा, गढ़ी बीरबल गांवों को कवर किया गया।

## एक लोकसभा में सर्वाधिक कमल खिलने का रिकॉर्ड हरियाणा से बनेगा: मनोहर

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पूर्व मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने करनाल लोकसभा क्षेत्र में सघन जनसम्पर्क किया। करनाल लोकसभा से भाजपा उम्मीदवार होने के नाते उन्होंने स्वयं के लिए जनता से वोट देने की अपील की। जनसम्पर्क के दौरान मनोहर लाल ने कहा कि देश का आम चुनाव मोदीमय होने से विपक्ष मुद्दाविहीन हो गया है। देशभर में भाजपा और उसके सहयोगी दलों के उम्मीदावरों के पक्ष में भारी मतदान हो रहा है, जिससे विपक्ष सदमे में चला गया है। इंडी गठबन्धन के लोग चुनावी प्रचार को छोडकर अब एनडीए की सीटों की गिनती में व्यस्त हो गए हैं।

उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि हो सकता है कि एनडीए के सीटों की गिनती में व्यस्त होने से विपक्ष का चार जून तक का समय आसानी से कट जाए। चुनावी जीत को लेकर आश्वस्त मनोहर लाल ने जनता के बीच जीत से अधिक रिकॉर्ड जीत की बात कही। उन्होंने कहा कि एक बार फिर से हरियाणा राज्य की सभी दस सीटों पर कमल खिलेगा। चार जून को पीएम मोदी को तीसरी बार बनाने के लिए हमारे राज्य के परिवार वासियों की ओर से उन्हें दस फूल प्राप्त होगा। लेकिन वे इतने भर से संतुष्ट नहीं हैं, उन्हें हरियाणा से कमल खिलने का रिकॉर्ड बनाना है। उन्होंने कहा कि देशभर में किसी एक लोकसभा क्षेत्र से सर्वाधिक कमल खिलने का रिकॉर्ड हरियाणा से बनना चाहिए। पिछली बार गुजरात के पास यह रिकॉर्ड था और हरियाणा दूसरे पायदान पर रह गया था। लेकिन इस बार ऐसा नहीं होगा। गुजरात की बजाय हरियाणा के किसी एक लोकसभा में सर्वाधिक कमल खिलने का रिकॉर्ड बनेगा।

**बूथ जीतने का फूंका मंत्र**

पूर्व मुख्यमंत्री ने जनसम्पर्क के दौरान अपने कार्यकताओं और समर्थकों के बीच चुनावी जीत के लिए बूथ जीतने का मंत्र फूंका। हम बूथ जीतते हैं तो चुनाव जीतते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी मजबूत है कि बूथ लेवल और उससे भी बढकर पन्ना प्रमुख तक संगठन है।



## पोलिंग पार्टियों के लिए होंगे पूर्ण इंतजाम: डॉ वीरेंद्र

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**लोक** सभा 2024 के आम चुनाव को लेकर उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारीयो से लोक सभा चुनाव को निष्पक्ष व शांति पूर्ण करने को लेकर मंगलवार को ज़िला सचीवालय मे समीक्षा बैठक कर चुनाव सम्बन्धित दिशा निर्देश दिए।। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव को लेकर बूथों पर बिजली पानी से संबंधित जानकारियां ली व और दुरस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की चुनाव में ड्यूटी देने वाले कर्मचारियों को किसी प्रकार की समस्या का सामना ना करना पड़े ऐसी व्यवस्था की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव को देखते हुए दमकल विभाग द्वारा गाडियां की लोकाशन व एंबुलेंस के बारे में अपडेट लिया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने साढ़े आठ हजार कर्मचारियों के लिए खाने की समय पर सप्लाई का ध्यान देने व गुणवत्ता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा की दो दिन के भोजन में किसी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नही होगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि वे कर्मचारियों की हर समस्या का समाधान किया जाएगा लेकिन चुनाव में किसी भी तरह की कोताही बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से एक-एक करके तैयारी की समस्या के संबंध में जानकारी ली। इस मौके पर एडीसी डॉक्टर पंकज यादव ,एसडीएम मनदीप सिंह, एसडीएम इसराना ज्योति मित्तल,एसडीएम समालखा अमित कुमार,सीटीएम टीनू पोसवाल , सीएमओ जयंत चौधरी,डीएफएससी आदित्य कौशिक, जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी सीईओ गौरव कुमार जिला, जीएम रोडवेज कुलदीप जांगड़ा, आरटीए ,तहसीलदार, बिजली विभाग के एससी धर्मवीर, निर्वाचन सुदेश राणा,डीडीपीओ विशाल पराशर के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।




## निफा सदस्यों ने वोट करने के लिए किया प्रेरित

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। नेशनल इंटीग्रेटेड** फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्टस (निफा) के सदस्यों ने आज वोटर जागरूकता अभियान के तहत अटल पार्क में सैर व योगा करने वाले नागरिकों को वोट करने के लिए प्रेरित किया। हाथों में मतदान जागरूकता के नारे लिखी तख्तियाँ लेकर निकले निफा सदस्यों ने सभी नागरिकों से अपने मत का प्रयोग करने व औरों को भी प्रेरित करने के लिए निवेदन किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से तैयार मैं हूँ लोकतंत्र प्रहरी सेल्फी बूथ पर सैकड़ों की तादाद में सैर करने व योगा करने आये नागरिकों ने अपनी अपनी फोटो ली और लोकतंत्र के इस पर्व को कामयाब करने का संकल्प लिया। सेल्फी बूथ पर फोटो लेने वाले व मतदान करने का संकल्प लेने वाले सभी नागरिकों को एक-एक बैज लगाकर सम्मानित किया गया। निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नु ने कहा कि विगत चुनावों में करनाल में प्रदेश का सबसे कम मतदान हुआ था व विशेष रूप से शहरी मतदाताओं को उदासीनता चिंता का विषय थी। इस बार करनाल के लोग घर से निकलकर मतदान केंद्र पर जाएं व अपनी पसंद के उम्मीदवार को वोट देकर लोकतंत्र को मजबूत करें। निफा संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, सह सचिव जसविंदर सिंह बेदी, उप प्रधान परमजीत सिंह आहूजा, वरिष्ठ सलाहकार परमिंदर पाल सिंह ने भी मतदान को हर व्यक्ति का कर्तव्य बताया व सभी से परिवार सहित मतदान करने की अपील की। महिला विंग से वीर पाल कौर ने भी जागरूकता अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई व पार्क में आयी महिलाओं को विशेष रूप से सेल्फी बूथ पर आने के लिए प्रोत्साहित किया। निफा की जिला कार्यकारिणी से राजीव नटराज, गौरव पुनिया, हितेश गुप्ता, मनिंदर सिंह, अरविंद संधू, कपिल शर्मा, मुकुल गुप्ता, लोकेश व गुलशन ने आज के जागरूकता अभियान में भागीदारी करते हुए अटल पार्क में आने वाले लोगों को अपने मत का उपयोग करने व शत प्रतिशत मतदान को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया।




## भाजपा ने युवाओं और किसानों के साथ किया धोखा : शरद

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। पुरानी सब्जी मंडी** में एनसीपी और इंडियन नैशनल लोकदल के संयुक्त लोकसभा उम्मीदवार वीरेंद्र मराठा के समर्थन में पहुंचे एनसीपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पंवार ने भाजपा पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कहा कि पिछले 10 सालों में हमने नरेंद्र मोदी का राज देखा। पीएम नरेंद्र मोदी ने वायदे तो किए थे, लेकिन उनको पूरा नहीं किया गया और लोगों के साथ धोखा किया।

जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने किसानों और युवाओं के साथ बहुत ही गलत किया। किसान दिल्ली जाना चाहते थे, लेकिन सरकार ने किसानों का रास्ता रोका। किसान भी एक साल तक संघर्ष करते रहे और अंत में किसानों की जीत हुई और सरकार को झुकना पड़ा।

शरद पंवार ने कहा कि जब देश आजाद नहीं हुआ था तो उस वक्त देश के हर कौने से देश के लोग अंग्रेजों के खिलाफ खड़े थे। देश को आजादी दिलाने के लिए कई लोगों ने अपनी जान दे दी और अपने जीवन को देश पर न्यौछावर कर दिया और 1947 में यह देश आजाद हो गया। आजादी के बाद देश के प्रधानमंत्रियों ने देश को आगे ले जाने की कोशिश की, लेकिन आज हम क्या देख रहे है कि देश में नरेंद्र मोदी की सरकार क्या कर रही है। उन्होंने कहा कि दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली में शिक्षा के क्षेत्र में सराहनीय काम किया, दिल्ली को चलाने में भी अच्छा काम किया, लेकिन आज दिल्ली के मुख्यमंत्री को जेल में डालने का काम किया गया। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल को जमानत दी और बाहर आकर प्रचार करने का अधिकार दिया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ तानाशाही की है और इस तानाशाही सरकार को उखाड ?ा होगा। जनसभा को संबोधित करते हुए अभय चौटाला ने कहा कि 10 साल तक बीजेपी का राज रहा और उससे पहले बीजेपी का राज रहा। लोगों ने कांग्रेस से परेशान होकर बीजेपी को सत्ता दी। भाजपा ने अपने वादे पूरे करने की बजाए लोगों पर इस देश के सामने इस तरह के फैसले लिए, जिससे आम आदमी परेशान हो गया। आज हर व्यक्ति की इच्छा है कि भाजपा सत्ता से बाहर हो जाए। उन्होंने कहा कि बीजेपी 10 की 10 सीटों पर कमल खिलाने की बात कहते हैं, लेकिन लोगों का फैसला है कि भाजपा की जमानत जब्त करवानी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने देश का धन दूसरे देश के बैंक में जमा करवाया हुआ है और उस पैसे को वापस लेकर आएंगे। किसानों से भी एमएसपी का वायदा किया था, लेकिन एमएसपी की बजाए तीन कानून किसानों के विरोध में बना दिए गए थे।



## एप्पल विजन प्रो का इस्तेमाल कर दुनिया की पहली लाइव बैरिएट्रिक सर्जरी की

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** प्रिस्टीन केयर ने मोहक बैरिएट्रिक्स एंड रोबोटिक्स के सहयोग से एप्पल विजन प्रो का इस्तेमाल कर दुनिया की पहली लाइव बैरिएट्रिक सर्जरी की। स्लीव गैस्ट्रिक बाईपास और सिंगल एनास्टोमोसिस ड्यूडेनल इलियल (एसएडीआई) प्रक्रिया के समावेश वाली यह अभूतपूर्व प्रक्रिया देश के अग्रणी बैरिएट्रिक एवं रोबोटिक सर्जनों में शुमार डॉ. मोहित भंडारी ने अंजाम दी। एप्पल विजन प्रो जैसे उन्नत संवर्धित वास्तविकता (एआर) उपकरण का इस्तेमाल, मेडिकल टेक्नोलॉजी और सर्जिकल सटीकता में मील का पत्थर साबित हुआ। ऑब्सट्रक्टिव स्लीप एपनिया और हाई ब्लड प्रेशर से ग्रस्त, 155 किलो वजन वाले 45 वर्षीय मरीज पर यह सर्जरी 40 मिनट में की गई। प्रिस्टीन केयर के सह-संस्थापक डॉ. वैभव कपूर ने कहा, प्रिस्टीन केयर में हम अपने मरीजों को उच्च मानक की देखभाल प्रदान कराने के लिए मेडिकल इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है। एप्पल विजन प्रो का बैरिएट्रिक सर्जरी में सफल एकीकरण सर्जिकल प्रक्रिया में क्रांतीकारी बदलाव की ओर हमारे सफर में एक महत्वपूर्ण माइल्स्टोन साबित हुआ। हमें गर्व है कि हम इस तकनीकी उन्नति में सबसे आगे है, जो सटीकता को बढ़ाने, नतीजों में सुधार लाने के साथ स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नया मानक स्थापित करने का वादा करती है।

एप्पल विजन प्रो ने जो बहुत ज्यादा गहन और इंटरैक्टिव 3डी वातावरण प्रदान किया, उससे डॉ. भंडारी और उनकी टीम को अभूतपूर्व स्पष्टता के साथ जटिल शारीरिक संरचनाओं की कल्पना करने में मदद मिली। इस तकनीक ने स्लीव गैस्ट्रिक बाईपास और एसएडीआई प्रक्रिया को क्रियान्वित करने के साथ-साथ जोखिम कम करने और मरीज के नतीजों में सुधार लाने में ज्यादा सटीकता प्रदान की।

## न्यूज फ्लैश

### कई रूटों पर बसों की कमी बनी रही, जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ा

**सोनीपत।** चुनाव की तारीख नजदीक आते ही रोडवेज बसों को प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजा जाने लगा है। सोमवार को कई रूटों पर बसों की कमी बनी रही। जिसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है। बस अड्डे पर हालात यह रहे कि खानपुर रूट पर जाने वाले यात्रियों को बस के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। करीब तीन घंटे के इंतजार के बाद बस आई तो वह बूथ पर लगते ही यात्रियों से खचाखच भर गई। विद्यार्थियों को बस के दरवाजे पर खड़े होकर जान जोखिम में डालकर सफर करने पर मजबूर होना पड़ा। जिला प्रशासन चुनावी तैयारियों में जुटा हुआ है। प्रशासन की तरफ से रोडवेज विभाग से तीन बसें मांगी गई थी। पिछले कई दिनों से बसों को प्रशासनिक ड्यूटी में भेजा गया है। शनिवार व रविवार को अवकाश होने की वजह से यात्रियों को अधिक परेशानियों का सामना नही करना पड़ा। सोमवार को सोनीपत बस अड्डे पर यात्रियों की भीड़ अधिक हो गई। प्रशासनिक ड्यूटी में बसें भेजे जाने से खानपुर रूट पर दोपहर को बसों के दो समय खाली गए। जिससे रूट पर यात्रियों की भीड़ अधिक हो गई। यात्री रोडवेज अधिकारियों के पास जाकर बसें चलाने की मांग करते रहे। यात्रियों ने कहा कि वह 11.30 बजे से बसों का इंतजार कर रहे हैं। सोनीपत बस अड्डे से खानपुर रूट पर 2.30 बजे बस लगाई गई। जबकि 12.30 बजे और 1.30 बजे जाने वाली बसों के फेरे नहीं भेजे गए। भीषण गर्मी में बसों का इंतजार करते हुए हालत पतली हो गई है। सोनीपत बस अड्डे से बड़ौत रूट पर जाने वाली बस के लिए भी यात्रियों को लंबा इंतजार करना पड़ा। मौजूदा समय में सोनीपत बस डिपो में 140 से अधिक बसें मौजूद है। हालांकि रोडवेज विभाग को परिचालकों की कमी खल रही है। जिसके कारण बसों का संचालन करने में दिक्कत झेलनी पड़ रही है। रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि खानपुर कलां, गन्नौर व उमेदगढ़ रूट पर चलने वाली तीन बसों को प्रशासनिक ड्यूटी पर भेजा गया है। जिस कारण यह समस्या बनी है।

### गर्मी ने लोगों को किया बेहाल, नागरिक अस्पताल में दो हजार से ज्यादा हुए ओपीडी रजिस्ट्रेशन

**सोनीपत: उत्तर** भारत में गर्मी का प्रकोप देखने को मिल रहा है। गर्मी ने लोगों को घरों के अंदर रहने पर मजबूर कर दिया है। मौसम की मार आमजन पर देखने को मिल रही है। नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर मरीजों की लंबी लाइनें देखने को मिल रही है। अस्पताल की ओपीडी में मरीजों को उपचार के लिए घंटों अपनी नंबर का इंतजार करने पर मजबूर होना पड़ रहा है। अस्पताल में बुखार, खांसी के मरीजों के साथ बच्चों की ओपीडी बढ़ गई है। चिकित्सक घर से निकलने से पहले जरूरी दिशा-निर्देश अपनाने की सलाह दे रही है। ताकि बच्चों व बड़ों को गर्मी से बचाया जा सके।
बता दें कि भीषण गर्मी से इंसान, पशु और पक्षी सभी परेशान हो रहे है। दिल्ली एनसीआर समेत पूरे उत्तर भारत में आसमान से आग बरस रही है। सुबह 9 बजे से इतनी तेज धूप पड़ती है कि लगता है झुलस ही जाएंगे। ऐसे में गर्मी से बचना तो विशेष सावधानी बरतें। तेज गर्मी आपको और आपके परिवार को बीमार कर सकती है। गर्मी में खासतौर से खान-पान का ख्याल रखने की जरूरत है। नागरिक अस्पताल सोनीपत में गर्मी के मौसम के चलते बीमार होने वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। अस्पताल में मौजूदा समय में ओपीडी रजिस्ट्रेशन 2000 हजार से ज्यादा सोमवार को देखने को मिली। मरीजों की लंबी कतारें रजिस्ट्रेशन काउंटर व ओपीडी में बाहर लंबी लाइनों में खड़े नजर आए। ज्यादातर मरीजों में बुखार, खांसी, जुकाम के मरीज मिले।
**बच्चों की ओपीडी संख्या बढ़ी, चिकित्सक चिंतित-** नागरिक अस्पताल में रजिस्ट्रेशन कांउटर के बाहर मरीजों की संख्या काफी है। जबकि ओपीडी में छोटे बच्चों की संख्या में इजाफा हुआ है। अस्पताल में बच्चों की ओपीडी संख्या जहां पहले 100-120 प्रतिदिन होती थी। गत सप्ताह व सोमवार को बच्चों की ओपीडी में बढ़ौतरी देखने को मिली। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार को बच्चों की ओपीडी संख्या 180 के करीब पहुंच गई। जिससे चिकित्सकों में चिंता देखने को मिल रही है। चिकित्सक बच्चों की देखभल के लिए जरूररी बातों को खंयाल रखने की सलाह दे रहे है। साथ ही आमजन को ध्यानपूर्वक धूप में निकलने की सलाह दे रहे है।
**भीषण गर्मी और लू से कैसे करें बचाव और किन बातों का रखें ख्याल-**
भरपूर पानी पिएं- गर्मी से बचने का एक सबसे आसान उपाय है कि आप भरपूर पानी पिएं। इससे शरीर गर्मी से लड़ने में सक्षम होगा। तेज धूप में निकलने से पहले 1 गिलास पानी पीकर निकलें। शरीर हाइड्रेट रहेगा और पानी की कमी नहीं होगी और धूप का असर भी कम होगा। घर की बाहर और बालकनी में पशु पक्षियों के लिए भी पानी जरूर रखें।
**खुद को कवर करके निकलें-** सर्दी ही नहीं गर्मी से बचने के लिए भी खुद को कवर करके रखें। तेज धूप में सीधे निकलने से बचें। सिर को टोपी या किसी दुपट्टे से कवर करके रखें। हेडगियर का इस्तेमाल करें। अगर धूप में ज्यादा देर के लिए जा रहे हैं तो छाता लेकर जाएं। फुल स्लीव्स के सूती कपड़े पहनें।

# लोकसभा चुनाव करवाने के लिए पूरी तरह तैयार अम्बाला: डीसी

## डीसी ने की अम्बाला लोकसभा चुनाव की अंतिम तैयारियों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए अम्बाला जिला प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। चुनाव को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सभी अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए चुनाव करवाएं। इस संबंध में उन्होंने चुनाव में लगे सभी नोडल आफिसर के साथ समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
बैठक के दौरान डीसी डॉ. शालीन ने सर्वप्रथम चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की जानकारी ली और पीओ, एपीओ, माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर आफिसर व जोनल मजिस्ट्रेट की संख्या और अतिरिक्त स्टॉफ को लेकर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने



कहा कि सभी ड्यूटी के लिए अतिरिक्त स्टॉफ की व्यवस्था की गई है ताकि चुनाव के दिन किसी तरह की कोई परेशानी न आए। उन्होंने मैटिरियल मैनेजमेंट में लगे स्टॉफ से किट बैग के संबंध में निर्देश दिए। जिस पर संबंधित नोडल अधिकारी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियो को दिए जाने वाले किट बैग तैयार कर लिए गए हैं और उनमें सभी आवश्यक सामग्री डाली गई है।
डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि चुनाव में जो भी वाहन उपयोग में लाए जाएंगे, उन सभी में जीपीएस लगाया जाएगा और इसका डिस्प्ले कंट्रोल रूम में भी दिखाई देगा। उन्होंने ट्रांसपोर्ट के नोडल अधिकारी से वाहनों के संबंध में जानकारी ली और निर्देश दिए कि 23 मई तक सभी स्थानों पर वाहन पहुंच जाए, ताकि पूरी चुनाव प्रक्रिया को सुचारू रूप से चलाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनाव के दिन सभी 927 पोलिंग बूथ पर वेब कॉस्टिंग होगी। इसकी व्यवस्था कर ली गई है।
डीसी डॉ. शालीन ने कहा कि स्वीप एक्टिविटी के तहत 25 मई को मतदान के दिन तक अधिक से अधिक मतदाताओं को जागरूक करें।

**निष्पक्ष**
▶▶ अधिकारी व कर्मचारी तत्परता से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए चुनाव करवाएं

समाचार पत्रों व अन्य संचार माध्यमों से प्रचार करें ताकि मतदाता अपने मत का प्रयोग करने के लिए घरों से निकलें। इस अभियान में कॉलेज व यूनिवर्सिटी के छात्रों को शामिल किया जाए।
डीसी डॉ. शालीन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान पूरे जिले में कानून व्यवस्था पर पैनी नजर बनाकर रखें।

## पानी की किल्लत से दयालबाग निवासी परेशान



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** अंबाला छावनी के महेश नगर क्षेत्र में पानी की किल्लत से लोग परेशान हो रहे हैं। जिसके चलते दयालबाग के लोगों ने प्रदर्शन किया और सरकार व प्रशासन को जमकर कोसा। स्थानीय निवासियों का कहना था कि पिछले 3 दिनों से क्षेत्र में पानी नहीं आ रहा है।
उन्होंने कहा कि गर्मी के दिन हैं और ऐसे में पानी की जरूरत ज्यादा होती है। यहां तो स्थिति विपरीत है, लोगों का कहना था कि पीने के पानी के लिए उन्हें कैंपर व टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं। जबकि वह सरकार को भारी भरकम टैक्स देते हैं। बीती सुबह लोग हाथों में बाल्टियां लिए इकट्ठे हुए और प्रदर्शन करने लगे। उन्होंने बताया कि कई बार वह संबंधित विभाग के चक्कर लगा चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी समस्या का समाधान नहीं हुआ। अब वह अपनी इस समस्या को लेकर विधायक व पूर्व मंत्री अनिल विज के पास भी जाएंगे। लोगों ने यह भी बताया कि उन्हें अपने खर्चे से पानी के टैंकर मंगाने पड़ रहे हैं लेकिन प्रशासन की तरफ से कोई मदद नहीं की जा रही है।

## फैक्टरी से सामान व जरूरी पार्ट चोरी, मुकदमा दर्ज

**सोनीपत: कुंडली** थाना क्षेत्र में फैक्टरी से पार्टस बिम व अन्य सामान के चोरी होने का मामला सामने आया है। कंपनी संचालक ने मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कर लिया था। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। प्रशांत विहार रोहणी दिल्ली निवासी अंकुश बसंल ने बताया कि उसने श्रुति वार्प निटींग कंपनी नियर नीलकंठ धर्मकांटा पर फैक्टरी लगा रखी है। कई दिन पहले उसकी फैक्टरी से मशीन पार्ट बिम व अन्य सामान चोरी हुआ मिला। कंपनी में कार्यरत सुशील मास्टर पर सामान चोरी करने का आरोप लगा है।

## राजकीय कन्या विद्यालय में पुलिस ने किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**
**अम्बाला:** पुलिस अधीक्षक अम्बाला जशनदीप सिहँ के निर्देशानुसार अम्बाला पुलिस द्वारा हरियाणा उदय सामुदायिक पुलिसिंग कार्यक्रम के माध्यम से महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ के नेतृत्व में उनकी टीम ने राजकीय कन्या वरिष्ट माध्यमिक विद्यालय शहजादपुर में पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/ महिलाओं/शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचाव व यातायात के नियमों की पालना बारे जागरूक किया। इस कार्यक्रम में महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ के नेतृत्व में उनकी टीम ने महिला



सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी व डायल 112 एप्प बारे छात्र/छात्राओं/महिलाओं/ शिक्षको को विस्तृत जानकारी देकर मौका पर ही डायल 112 एप्प डाउनलोड करवा कर रजिस्ट्रेशन करवाया। पुलिस की पाठशालाह्लह्ल कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र/छात्राओं/ महिलाओं/शिक्षको को महिला सुरक्षा, महिला विरूद्ध अपराधों की रोकथाम, आत्म सुरक्षा, साईबर अपराध से बचने, अपने व दूसरों के अमूल्य जीवन की सुरक्षा के लिए यातायात के नियमों की पालना करने

**अवगत कराया**
▶▶ महिला प्रबन्धक थाना नारायणगढ के नेतृत्व में उनकी टीम ने महिला सुरक्षा/साईबर अपराध बारे जानकारी दी

बारे जागरूक किया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अम्बाला ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं कि वह हरियाणा उदय कार्यक्रम पुलिस की पाठशाला के माध्यम से छात्र/छात्राओं/
महिलाओं /शिक्षको को डायल 112 एप्प, ट्रिप मॉनिटरिंग सर्विस व यातायात के नियमों की जानकारी देकर उन्हें जागरूक करें।

## दोस्तों के साथ नहर पर नहाने गया युवक डूबा, मौत

**सोनीपत**
**कुंडली** थाना क्षेत्र के गांव नाहरी के पास दोस्तों के साथ नहर में नहाने आया युवक डूब गया। युवक का शव गांव नाहरी के पास से ही बरामद किया गया है। बारोटा चौकी पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।
उत्तर प्रदेश के जिला बदायूं के गांव सिरासौल फिलहाल दिल्ली के नरेला स्थित गांव बांकनेर निवासी छोटेलाल ने बताया कि उनके पास दो बेटे व एक बेटी है। उसका बेटा कौशल उर्फ कल्लू उर्फ प्रिंस (18) अपने दोस्त ब्रजेश, रोहित व दीपक के साथ नहर पर नहाने के लिए आया था। वह सभी गांव नाहरी के पास नहा रहे थे। उसे ब्रजेश, रोहित व दीपक ने बताया कि वह कौशल के साथ नाहरी नहर में अखाड़े के पास करियर चैनल लिंक (सीएलसी) नहर में नहा रहे थे। कौशल दूसरी तरफ से छलांग लगाकर अखाड़े की तरफ निकल रहा था। वह तीनों नहाकर बाहर आ गए थे। कौशल ने छलांग लगा दी। कौशल अखाड़े की तरफ नहीं निकला तो उन्हें डूबने की आशंका हुई। उन्होंने नहर में नहा रहे अन्य लोगों की मदद से कौशल को तलाश किया, लेकिन वह नहीं मिल सका। उसके बाद पुलिस व परिजनों को सूचना दी गई। कौशल के पिता छोटेलाल ने

## एनसीसी आर्मी विंग ने आतंक विरोधी क्विज प्रतियोगिता का किया आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र:** श्रीमद्भागवदगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, कुरुक्षेत्र के एनसीसी आर्मी विंग के कैडेट्स के द्वारा आज आतंकवादी विरोधी क्विज कंपटीशन का किया गयाआयोजन। इस कंपटीशन में चार टीम ने भाग लिया। प्रथम टीम में जीवराज शर्मा और अभि पौड, द्वितीय टीम में कुशल पाल और आयुष ,तृतीय टीम में प्रियांशु और समीर और चौथी टीम में केशव और नमन ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में प्रथम




टीम के जीवराज शर्मा और अभि पौड ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।और इन्हें शील्ड देकर सम्मानित किया गया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने क्रेडिट्स का मार्गदर्शन करते हुए बताया कि भारत में हर साल 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है. इसे राष्ट्रीय सद्भाव को बढ़ावा देने, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों आदि के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है.

**जागरूक किया**
▶▶ युवाओं को आतंकवाद और मानव जीवन पर पड़े गलत प्रभाव की जानकारी देते हुए मनाया जाता है

इस दिन समाज के के लोगों के बीच एक मैसेज भेजने की कोशिश की जाती है कि कैसे आतंकवाद देश को नुकसान पहुंचाता है । यह दिन आतंकवादियों द्वारा की गई हिंसा के बारे में जागरूक करता है, युवाओं को आतंकवाद और मानव जीवन पर पड़े इसके गलत प्रभाव की जानकारी देते हुए मनाया जाता है. इस कार्यक्रम में विद्यालय के आचार्य अनिल मदन ,एनसीसी अधिकारी जयदीप मेहता और विकास कुमार उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों द्वारा सेल्फी के माध्यम से पुरस्कार जीतने का सुनहरा अवसर

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र** चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने कहा कि लोकतंत्र के इस महापर्व लोकसभा चुनाव में एक-एक वोट का बहुत बड़ा महत्व है। ऐसे में आगामी 25 मई को लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए प्रदेश के नागरिक पूरे उत्साह के साथ अपने मत का प्रयोग करें। इस पर्व को और भी अधिक उत्साह जनक बनाने के लिए विद्यार्थियों के लिए पुरस्कार जीतने का भी एक सुनहरा अवसर उपलब्ध करवाया गया है। जो विद्यार्थी अपने माता-पिता, दादा-दादी तथा सगे संबंधियों को वोट डालने के लिए प्रेरित करेंगे तथा वोट डालने के बाद



नीली स्याही लगी उंगली के साथ सेल्फी अपलोड करेंगे, उन्हें पुरस्कार जीतने का मौका मिलेगा। चुनाव तहसीलदार सरला कौशिक ने कहा कि जिला स्तर पर प्रथम स्थान पाने वाले विजेता को 10 हजार, द्वितीय स्थान पाने वाले को 5 हजार तथा तृतीय स्थान पाने वाले विजेता को 2500 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। इसके अलावा, जिला स्तर पर सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करवाने वाले स्कूल को 25 हजार रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया है कि वे सेल्फी लेकर चुनाव आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करें तथा यह पुरस्कार पाएं और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना सहयोग दें। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए वोटर हेल्पलाइन नंबर 1950 पर भी फोन करके जानकारी ली जा सकती है।

## घर में चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपित गिरफ्तार

**सोनीपत: कुंडली** थाना पुलिस ने घ्घर से चोरी करने की वारदात में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित प्रीतम व पकंज निवासी खटकड़ का है। पुलिस ने आरोपितों को अदालत में पेश किया। जहां से उन्हें तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। गांव सेरसा निवासी श्री निवास ने गत 19 मई को पुलिस से शिकयत देकर बताया कि वह सब खाना-खाकर सो गए। अगले दिन सुबह उठकर देखा तो अलमारी से किसी ने रुपये निकाल लिए। वहीं सामान की जांच की तो रुपये व जेवरात गायब मिले।

## विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशे से दूर रहने की ली शपथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र/शाहबाद :** आज तड़के हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा साइकिल पर सवार होकर नशे के विरुद्ध जागरूकता अभियान के साथ निकले। वे आज खानेवाल खालसा वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शाहाबाद में पहुंचे हुए थे। विद्यालय के प्राचार्य गुरमीत सिंह की अध्यक्षता और उपस्थिति में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 316वां जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंच का संचालन शिक्षक संजय बठला ने किया। नशे के विरुद्ध जागरूकता कार्यक्रम में विद्यार्थियों एवं



शिक्षकों ने भाग लिया। हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों बारे विस्तारपूर्वक बताते हुए कहा कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 2016 से भारत में ड्रग फ्री मिशन चलाया गया है। हरियाणा सरकार भी हरियाणा प्रान्त को ड्रग फ्री करने के उद्देश्य से काम कर रही है और यही कारण है कि 25 अगस्त 2020 को हरियाणा में हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो का गठन किया गया है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार द्वारा वर्ष 1985 में नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटांस एक्ट बनाया था जो सम्पूर्ण भारत में

**नशे से दूर**
▶▶ सहायता करना भी दंडनीय अपराध है। इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अपराध संज्ञेय और अजमानतीय है

लागू है। इस अधिनियम के अंतर्गत अफीम चरस हेरोइन स्मैक चिट्टा, एलएसडी, नशे की गोलियां और नशे के इंजेक्शन आदि रखना, सेवन करना, क्रय और विक्रय करना प्रतिबंधित है। इतना ही नहीं इस कार्य में किसी की सहायता करना भी दंडनीय अपराध है। इस अधिनियम के अंतर्गत आने वाले अपराध संज्ञेय और अजमानतीय है।

## अनुष्ठान में श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर श्रीमद् भागवत कथा श्रवण की

### भगवान का दर्शन होते ही राजा बलि ने अपना सर्वस्व भगवान को अर्पण किया, इसी यज्ञ से उन्हें परमात्मा की कृपा मिली

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**
**कुरुक्षेत्र :** शिवशक्ति जनकल्याण सेवा समिति, बिशनगढ़ द्वारा झांसा रोड स्थित गांव बिशनगढ़ में मंगलवार को शिवशक्ति महायज्ञ अनुष्ठान श्रद्धालुओं ने आहुतियां देकर श्रीमद् भागवत कथा श्रवण की। जानकारी देते हुए आयोजन समिति अध्यक्ष पंडित राजेश मौदगिल, मुख्य यजमान सुरेश सैनी व नरेश सैनी और व्यवस्थापक रघुवीर सैनी ने बताया कि यज्ञाचार्यो द्वारा दुर्गा सप्तशति मंत्रों सहित रुद्राष्टाध्यायी एवंश्रीसूक्त,पुरुषसूक्त तथा अनेकानेक सिद्ध एवं मनोकामना पूर्ण करने वाले मंत्रों का उच्चारण किया गया।वहीं,श्रीमदभागवत कथा में



कथावाचक शुभम द्विवेदी चित्रकूट ने भगवान श्रीकृष्ण की सुंदर लीलाओं किया। द्विवेदी ने बताया कि जीवन के प्रत्येक कार्य में यज्ञ आवश्यक है। भगवान श्रीकृष्ण भी यज्ञ को पूर्ण करने के लिए रणछोड बन जाते हैं और यज्ञ से ही राजा बलि को भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ। भगवान का दर्शन होते ही राजा बलि ने अपना सर्वस्व भगवान को अर्पण किया। इसी यज्ञ से उन्हें परमात्मा की कृपा मिली। महाआरती में नमो नमो संगठन के प्रदेशाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा बारना,जिलाध्यक्ष अंकुश गुप्ता,अमन शर्मा,वंदन जैन,दिनेश जिंदल,बालकृष्ण शर्मा,पृथ्वी शर्मा,गोपाल शर्मा,शिवप्रकाश, योगेश,खलींदाराम, रजत सैनी,कमलजीत,अनिकेत सैनी,रमेश चंद्र शास्त्री,राहुल राणा,रामपाल फौजी,पुष्पेन्द्र अत्री,हरीश शर्मा,रणधीर गुर्जर, महेंद्र शास्त्री,मुकेश शर्मा,चंद्रभान कौशिक,हरिचंद सतविंदर सैनी,गुरमेल सैनी, सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु,ब्राह्मण,संत और महिलाएं शामिल हुई।

**नमो नमो**
▶▶ यज्ञ को पूर्ण करने के लिए रणछोड बन जाते हैं और यज्ञ से ही राजा बलि को भगवान का दर्शन प्राप्त हुआ

## बीड़ बबरान धाम में ग्यारस के कीर्तन व बारस के भंडारे में विभिन्न क्षेत्रों से उमड़े श्रद्धालु

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** महाभारतकालीन बीड़ बबरान धाम में ग्यारस पर भजन-कीर्तन व बारस के अवसर पर अटूट भंडारे का आयोजन किया गया। इन आयोजनों में विभिन्न क्षेत्रों से सैकड़ों श्रद्धालुओं ने हिस्सा लेकर श्याम बाबा के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। ग्यारस की रात्रि को कीर्तन के दौरान पुजारी महाराज विनय शर्मा व अन्य कई गायकों ने भजनों के माध्यम से श्याम बाबा व पवनपुत्र हनुमान की महिमा का गुणगान किया। श्याम बाबा की महिमा सुनकर उपस्थित श्रद्धालु झूमने लगे और पूरा बीड़ बबरान धाम जय श्री श्याम, जय श्याम बाबा व जय बीड़ बबरान धाम के उदघोष से



गुंजायमान हो उठा। बारस के पावन अवसर पर श्याम बाबा की विधिवत पूजा व आराधना के उपरांत अटूट भंडारे की शुरूआत की गई। इस भंडारे में श्रद्धालुओं का कोई पारावार नहीं रहा। इन आयोजनों के दौरान बीड़ बबरान धाम के महंत पंडित विनोद शर्मा ने कहा कि इस धाम में सच्चे मन से आराधना करने वाले इंसान पर श्याम बाबा की विशेष अनुकंपा होती है। श्रद्धालुओं के बिगड़े काम सहज ही बन जाते हैं। उन्होंने बताया कि बीड़ बबरान धाम महाभारतकालीन है और यहां पर उस समय के बहुत से साक्ष्य आसानी से देखे जा सकते हैं।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हुआ: नायब सिंह सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मुख्यमंत्री और** करनाल विधानसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को जिले के गांव जुंडला में भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा द्वारा आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित किया। रैली में पहुंचने पर जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश की भाजपा सरकार की उलब्धियां गिनवाई और आने वाली 25 मई को भाजपा के समर्थन में भारी मतदान करने की अपील की।



नायब सिंह सैनी ने रैली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि आज भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सुरक्षित है। पिछले दस सालों में भारत का रुतबा दुनिया में बढ़ा और वह दुनिया का सबसे लोकप्रिय और नंबर वन देश बनकर उभरा है। इस बार नरेंद्र मोदी ने एक संकल्प लिया है कि 2024 में जब हम तीसरी बार चुनकर आएंगे तो देश में 70 साल से ऊपर के सभी बुजुर्गों के इलाज का खर्चा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा, चाहे वह किसी भी वर्ग से हों। हर घर के बिजली का बिल जीरो करने और देश के 80 करोड़ लोगों को राशन देने की व्यवस्था सरकार करेगी और गरीबों के लिए तीन करोड़ और मकान बनाकर दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबी के खिलाफ लड़ाई लड़ी है। उनके नेतृत्व में देश का विकास हुआ है। उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने 60 साल के शासनकाल के दौरान देश के लिए कोई काम नहीं किया। कांग्रेस के लोगों ने देश को लूटने का काम किया। देश को गरीबी की ओर धकेला है। कांग्रेस को सिर्फ अपने वोट बैंक की चिंता रही, देश की नहीं। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस ने गरीबी हटाने का सिर्फ नारा दिया, लेकिन इस दिशा में कोई काम नहीं किया। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि मनोहर लाल ने साढ़े 9 सालों तक सेवा की है। अनेकों योजनाएं चलाकर प्रदेश की जनता को लाभ देने का काम किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोरोना महामारी में निशुल्क करोड़ों लोगों को वैक्सीन लगाई। इसके अलावा विदेशों में भी सहायता भेजी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने 10 वर्ष के कार्यकाल में देश की जनता के लिए राष्ट्रहित में अनेकों निर्णय लिए।

# सुरक्षा और विकास की गारंटी हैं पीएम मोदी : सुमन सैनी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास भाजपा सरकार की प्राथमिकता है और सरकार उसी के आधार पर कार्य कर रही है। पिछले 10 सालों में देश में आए परिवर्तन को हर व्यक्ति महसूस कर रहा है। दुनिया में भारत का सम्मान बढ़ा है।



सुमन सैनी मंगलवार को करनाल में आयोजित कई कार्यक्रमों में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल को भारी मतों से जीत दिलाने और नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। उन्होंने करनाल विधानसभा से मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के लिए वोट की अपील की और कहा कि करनाल में विकास को गति देने के लिए नायब सैनी को जिताएं। कार्यक्रमों में पहुंचने पर सुमन सैनी का जोरदार स्वागत किया और लोगों ने भारतीय जनता पार्टी का साथ देने का वादा किया। सुमन सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत बनाने के संकल्प में केंद्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं काफी सहायक बनी हैं, जिसका भव्य रूप आज हम सभी को देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश मोदी के साथ खड़ा है। मोदी सुरक्षा और विकास की गारंटी है। उन्होंने राम मंदिर बनवाया, कांग्रेस के समय लगाए गए 370 जैसे कानून से मोदी ने मुक्ति दिलाई। पिछले साढ़े 9 सालों में मनोहर लाल की नीतियों और योजनाओं से पूरे प्रदेश की जनता लाभान्वित हुई है।

## न्यूज फ्लैश

### हाथ जोड़ बोले-गोली जिसके भी आदेश से चली हो, मैं गृहमंत्री था, मैं जिम्मेदारी लेता हूं

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। हरियाणा के पूर्व** गृहमंत्री अनिल विज को सुबह गांव पंजोखरा में किसानों ने घेर लिया। उन्होंने भाजपा मुर्दाबाद के नारे लगाए और विज पर सवालों की बौछार कर दी। विज उनके सवालों के जवाब भी नहीं दे सके। किसान कहते रहे कि बॉर्डर पर गोलियां चलाई गई आंसू गैस और वाटर कैनन का इस्तेमाल किया और किसान शहीद हुए। इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? किसानों के बीच फंसे अनिल विज केवल वहां से निकलने की कोशिश कर रहे थे। उन्होंने इतना ही कहा कि मैं उस वक्त होम मिनिस्टर था और मैं अपनी जिम्मेदारी से भाग नहीं सकता था। इसके बाद जैसे ही विज ने कहा कि अब मैं जाऊं तो किसानों ने विज को फिर रोक लिया और दोबारा से सवाल पर सवाल दागे। दरअसल, विज अंबाला से पार्टी उम्मीदवार बंतो कटारिया के लिए वोट मांगने पहुंचे थे। जब लोगों को पता चला तो उन्होंने विज के काफिले को घेर लिया और नारेबाजी शुरू कर दी। लोगों के जमा होने के कारण गाड़ी में बैठे विज भी उतर आए। उनके उतरते ही लोगों ने उन्हें घेर लिया और सवाल करने शुरू कर दिए। इस बीच विज लोगों के सामने हाथ जोड़े नजर आए। लोगों के सवालों के बीच विज ने कहा मैं 6 बार का विधायक रह चुका हूं। यह तब ही संभव हुआ जब आप लोगों ने प्यार दिया। आपने रोका तो मैं रुक गया, दूसरे नेताओं की तरह भागा तो नहीं। क्योंकि आप और हम एक ही हैं। हमारे मुद्दे अलग-अलग हो सकते हैं, लेकिन हम हैं एक ही। इसके बाद भी लोगों ने विज पर सवाल दागने नहीं छोड़े। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान किसानों पर गोलियां चलाई गईं। इसके लिए आप पर एफआइआर होनी चाहिए कि नहीं? इस पर विज बोले करवाओ एफआइआर, मैंने तो नहीं चलाई गोली, और न ही मैंने चलवाई। बस मैं होम मिनिस्टर था।

### नेशटल केडेबरी कंपनी के डिस्टीब्यूटी की गली में खड़ी इको कार चोरी, मामला दर्ज

**गन्नौर। दीप नगर में** अग्रवाल अस्पताल के गली में खड़ी नशले कंपनी के डिस्टीब्यूटर की इको कार चोरी हो गई। चोरी की शिकायत गाड़ी के मालिक गांव घसौली निवासी शिव नन्दन ने बताया कि उसने अपनी इको कार को 19 मई को गली के बाहर गली में खड़ा किया था। सुबह देखा तो गली में इको कार गायब मिली। शिकायत में बताया कि इको कार की तलाश आसपास के गांवो व शहर में की लेकिन कोई पता नही चला। उसके बाद पुलिस में चोरी का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने चोरी का मामला दर्जकर कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने शिकायत के बाद मामला दर्जकर गाड़ी की तलाश शुरू कर दी।

### प्राथमिक स्कूल से गैस सिलेंडर चोरी

**गन्नौर। भाखपुर के** राजकीय प्राथमिक स्कूल से चोर रसोई घर का ताला तोड़ कर सिलेंडर चोरी कर ले गए। स्कूल के हैड टीचर ने इसकी शिकायत थाना गन्नौर में दी। शिकायत में हैड टीचर राजेश कुमार ने बताया कि 20 मई को उन्हें रसोई घर से सिलेंडर चोरी होने की सूचना मिली थी। उन्होंने जांच की तो रसोई घर का ताला टूटा हुआ था। पुलिस ने हैड टीचर की शिकायत पर मामला दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

### ग्रीन बेल्ट में लगी आग सीएनजी पंप तक पहुंची, दमकल ने पाया काबू

**गन्नौर। बड़ी औद्योगिक** क्षेत्र में मंगलवार को जीटी रोड के साथ लगती ग्रीन बेल्ट में आग लग गई। देखते ही देखते आग ग्रीन बेल्ट के साथ लगते हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीएनजी/पेट्रोल पंप के पास पहुंच गई।



पेट्रोल पंप के कारिंदो ने पहले फायर सिलेंडरों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन आग को लगातार बढ़ता देख उन्होंने दमकल विभाग व एचएसआइआइडीसी बड़ी के अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। प्राप्त जानकारी अनुसार बड़ी औद्योगिक क्षेत्र फेस 1 में जीटी रोड के साथ लगती ग्रीन बेल्ट में अज्ञात कारणों के चलते आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पेड़ पौधों को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया जिससे आग ज्यादा फैल गई। आग को ज्यादा बढ़ता देख ग्रीन बेल्ट के साथ लगते हिंदुस्तान पेट्रोलियम के सीएनजी/पेट्रोल पंप के कारिंदों ने आग का काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन पत्ती, घास और कूड़ा होने के कारण आग बढ़ती चली

# पंजोखरा साहिब के पास किसानों ने विज को रोका

टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार

**अम्बाला:** अंबाला छावनी विधानसभा के क्षेत्र पंजोखरा में पूर्व गृहमंत्री व छावनी से विधायक अनिल विज भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार करने पहुंचे। यहां पर किसानों ने उन्हें रोका। जिसके बाद विज ने अपनी गाड़ी रूकवाई और गाड़ी से उतर वो किसानों के बीच उनकी बात सुनने के लिए पहुंच गए। उनसे एक के बाद एक प्रश्न करने शुरू कर दिए। जिसके बाद विज भी किसानों को समझाते नजर आए। किसानों ने विज से पूछा कि किसान शांति से दिल्ली जा रहे थे, बैरिकेडिंग लगाकर उन्हें क्यों रोका गया, उन पर गोलियां क्यों चलवाईं गईं। इस पर विज ने कहा कि उस समय मैं गृहमंत्री था,



मैं अपनी जिम्मदारी लेता हूं। लेकिन अब मैं सिर्फ विधायक हूं, मैं भाग नहीं सकता हूं। इसके बाद किसानों ने कहा कि आंसू गैस के गोले छोड़े गए, पानी की बौछारें मारी गईं। आज आपकी सरकार है, एक भी बंदे को चंडीगढ़ जाना हो या अस्पताल जाना हो रास्ता क्यों नहीं खोल दिया जाता है। विज ने कहा कि मैं तो अब सिर्फ एमएलए हूं। मैं तो आपके काम करने के वास्ते एमएलए हूं। उन्होंने यह भी कहा कि क्या आप मानते हैं कि मैंने काम किए हैं। इस पर किसानों ने कहा यह बात मानते हैं कि आपने काम किए हैं। इसके बाद एक किसान ने गांव में गोहर निर्माण को लेकर सवाल उठाया तो विज ने कहा कि मेरे संज्ञान में नहीं हैं। आगे विज ने कहा कि आपने रोका मैं भागा तो नहीं। दूसरे नेताओं की तरह मैं भागा तो नहीं, आप हम एक ही हैं। हमारे मुद्दे अलग-अलग हो सकते हैं, मगर हम एक हैं। किसानों ने कहा कि आप भाजपा छोड़कर आजाद खड़े हो जाओ हम सब आपको वोट देकर जीता देंगे। लोग आपको बहुत पसंद करते हैं लेकिन अगर आप हमसे वोट चाहते हैं तो आप भाजपा छोड़कर हमारे पास आएं। वहीं, किसानों ने गांव के एक गोहर को पक्का बनाने की भी मांग पूर्व मंत्री अनिल विज के समक्ष की। शंभू बार्डर खोलने, विरोध के दौरान जेल में डाले गए युवाओं को छोड़ने आदि मांग रखी।

# मतदाता जागरूकता संदेश को जन-जन तक पहुंचाए: नागर

टीम एक्शन इंडिया

**गन्नौर। मतदाता जागरुकता** की मुहिम में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं चुनावी भागीदारी (स्वीप) कार्यक्रम बेहद महत्वूपर्ण है। इस कार्य में प्रशासन ही नहीं बल्कि हर वर्ग की भागीदारी अहम है। दुकानदार भी अपने डिब्बों पर मतदाता जागरूकता संदेश का स्टीकर लगवाएं ताकि जन-जन तक 25 मई को मतदान का संदेश प्रभावी ढंग से पहुंचाया जा सके। यह बात सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम डा. निर्मल नागर ने शहर के विभिन्न सामान विक्रेताओं से अपील करते हुए कही।



डा. नागर ने कहा कि पुस्तक विक्रेता भी पुस्तकों व कापियों पर मतदाता जागरुकता अभियान के स्टीकर चस्पा करें। साथ ही अपने संस्थानों में मतदान से संबंधित जागरुकता बैनर व फ्लैक्स भी लगवाएं।

# बेटा बना कपूत, मां की कस्सी मारकर हत्या



टीम एक्शन इंडिया
खरखौदा/
सोनीपत/सोमपाल सैनी

**खरखौदा के गढ़ी** सिसाना गाँव में मंगलवार के दिन मोहित नाम का युवक जो जिला सोनीपत मे किराए पर रहता है। उसने अपनी माँ राजबाला उम्र करीब 65 साल, जो करीब दो साल से गाँव गढ़ी सिसाना में ही अकेली रहती थी। उसकी गर्दन पर कस्सी से हमला कर मौत के घाट उतार दिया। आपको बता दे कि मिली जानकारी के अनुसार राजबाला पत्नी सवर्गीय ईश्वर का शव उसके घर के आंगन में ही पड़ा हुआ है। महिला के इकलोते बेटे मोहित ने वारदात को अंजाम दिया है।

# संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का दौरा किया

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**लोकसभा चुनाव** को शांतिपूर्ण माहौल में सपन्न करवाने को लेकर करनाल लोकसभा की पुलिस पर्यवेक्षक कुसुम पुनिया आईपीएस ने सोमवार को इसराना विधानसभा के अंतर्गत संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान वे नौल्था, मांडी, इसराना व लाखु बुआना में बूथ पर पहुंची। यहा उन्होंने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर सुरक्षा के विभिन्न बिंदूओं पर बातचित कर निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि चुनाव को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व भयमुक्त माहौल में संपन करवाने के लिए पुलिस



द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किये गए है। संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सभी मतदान केंद्र सीसीटीवी कैमरे से लैस होंगे। मतदान केंद्र में अनाधिकृत व्यक्ति के प्रवेश पर पाबंदी रहेंगी। उन्होंने आमजन से कहा कि चुनाव के दौरान कोई दबंगई करता है या अन्य तरिके से व्यवधान उत्तपन करता है तो उसकी सूचना उनके मोबाइल नंबर 7419600112 पर दे। इस दौरान उन्होंने मतदाताओं से शत प्रतिशत मतदान करने की भी अपील की। पुलिस पर्यवेक्षक कुसुम पुनिया ने उपस्थित पुलिस अधिकारियों से कहा कि मतदान संवैधानिक अधिकार है। इस अधिकार के प्रयोग में किसी मतदाता को कोई परेशानी नही होनी चाहिए। इसका ध्यान रखा जाए।

**जायजा लिया**

▶▶ संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया

# आतंकवाद विरोधी दिवस पर जवानों को शपथ दिलाई

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत/कमाल हुसैन

**आतंकवाद विरोधी** दिवस पर पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा मंगलवार को लघु सचिवालय में स्थित पुलिस विभाग के सभागार में कार्यक्रम का आयोजन कर पुलिस अधिकारियों व पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाई। इस दौरान आतंक के विरूद्ध सतर्क रहकर कार्रवाई करने के लिए प्रेरित किया। उप पुलिस अधीक्षक श्री सतीश कुमार गौतम ने जवानों को शपथ दिलाई। उप पुलिस अधीक्षक श्री सतीश कुमार गौतम ने जवानों को प्रेरित करते हुए कहा कि 21 मई को आतंकवादी विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिवस



को राष्ट्रीय एकता और सद्भाव को बढ़ावा देने, आतंकवाद को कम करने और सभी जातियों, पंथों आदि के लोगों के बीच एकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से मनाया जाता है। इस दिन लोगों के बीच एक संदेश देने का प्रयास किया जाता है कि कैसे आतंकवाद देश को नुकसान पहुंचा रहा है। यह दिन आतंकवादियों द्वारा की गई हिंसा के बारे में हमें जागरूक करने के साथ-साथ युवाओं को आतंकवाद और मानव जीवन पर पड़नें वाले इसके गलत प्रभाव की जानकारी देते हुए मनाया जाता है। पुलिस जवानों को शपथ दिलाई गई की आतंकवाद को किसी भी रूप में किसी भी परिस्थितियों में स्वीकार नही किया जाएगा। अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में विश्वास रखते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। पुलिसकर्मियों को आतंकवाद से लड़ने व इसके खात्मे के लिए हर संभव प्रयास करने व मानव जाति के सभी वर्गो के बीच शांति,सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की शपथ दिलाई। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साथ साथ जिला के सभी थाना, चौकियों व क्राइम युनिट में भी जवानों को शपथ दिलवा आतंकवादी विरोधी दिवस को मनाया गया।

# साहित्यकार कृष्ण कुमार निर्माण को मिला साहित्य रत्न सम्मान

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। कृष्ण कुमार** निर्माण, जो कि शिक्षा विभाग में राजपत्रित अधिकारी के रूप में कार्यरत हैं, को वैदिक संस्था, दिल्ली द्वारा उनकी साहित्य सेवाओं के लिए साहित्य रत्न सम्मान से नवाजा गया है।ज्ञात रहे कि कृष्ण कुमार निर्माण की साँझा काव्य संग्रह के रूप में जहाँ पाँच पुस्तकें प्रकाशित हो चुकी हैं, वहीं एकल संग्रह के रूप में उनकी पुस्तक प्रसंगवश एक गद्य संग्रह है। कविता के बहाने, हिंदी कविताओं का काव्य संग्रह है और बखत बखत के बोल हरियाणवी लघु कविता काव्य संग्रह है। कृष्ण कुमार निर्माण निरंतर देश-विदेश की पत्र-पत्रिकाओं में प्रकाशित हो रहे हैं। साहित्य रत्न सम्मान मिलने पर उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें साहित्य के प्रति और अधिक कार्य करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने बताया कि उनका एक हिंदी काव्य संग्रह शब्द बोलते हैं और बखत बखत की बात हरियाणवी गजल संग्रह बहुत ही जल्दी आने वाला है। इसके अलावा भी निर्माण को कई सम्मानों से पहले भी नवाजा गया है। वे देश के विभिन्न हिस्सों में कवि सम्मेलनों की शोभा बढ़ाते रहते हैं।

# मतदान प्रतिशत बढ़ाने की दिशा में आयोग की सकारात्मक पहल

टीम एक्शन इंडिया
पानीपत, कमाल हुसैन

**आगामी 25 मई** को होने वाले लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय हरियाणा की ओर से सकारात्मक पहल की गई है, जिसमें स्कूल के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट डालने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी पोर्टल पर अपलोड करनी होगी। जिला स्तर पर ड्रॉ के माध्यम से प्रथम, द्वितीय व तृतीय विजेताओं को क्रमशः 10 हजार रुपए, 5 हजार रुपए और 2500 सौ




रुपए का नकद इनाम दिया जाएगा। डीसी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार दहिया ने जिला के सभी मतदाताओं से बढ़-चढकर मतदान करने की अपील करते हुए लोकतंत्र के महापर्व में अपनी आहुति डालने का आह्वान किया है। उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत जिले के जिस स्कूल के विद्यार्थी सबसे अधिक सेल्फी अपलोड करेंगे, उस स्कूल को भी 25 हजार रुपए का विशेष पुरस्कार दिया जाएगा। सेल्फी अपलोड करने के लिए सीईओ हरियाणा डॉटजीओवीडॉटइन/ पोर्टल पर एक लिंक बनाया गया है, जो कि मतदान के दिन यानी शनिवार, 25 मई को खुलेगा। लिंक प्रातः 7 बजे से मतदान के साथ ही सेल्फी अपलोड करने के लिए एक्टिवेट हो जाएगा, जिस पर रात्रि 8 बजे तक सेल्फी अपलोड की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल का उद्देश्य न केवल इस बार मतदान प्रतिशत बढ़ाना है बल्कि स्कूली बच्चे, जो भावी मतदाता बनेंगे, उन्हें अभी से मतदान के अधिकार के प्रति जागरूक करते हुए सजग करना है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में एक-एक वोट का महत्व होता है, इसलिए यह पहल शुरू की गई है ताकि हर मतदाता अपना वोट अवश्य दे। स्वीप कार्यक्रम के नोडल अधिकारी एवं एडीसी डॉ पंकज यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के प्रति मतदाताओं को आकर्षित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने चुनाव का पर्व-देश का गर्व शीर्ष वाक्य दिया है। हरियाणा में भी इस पर्व को अनूठे तरीके से मनाने की पहल की गई है और मतदाताओं को चुनाव मेला देखण जावांगे, सारे वोट डाल के आवांगे जैसे अनेक स्लोगनों के माध्यम से जागरूक किया जा रहा है। इसी को लेकर मंगलवार को राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जीटी रोड स्थित स्कूल परिसर में स्वीप कार्यक्रम के कैंपनर डॉक्टर हितेश चंद्र ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि वह अपने अभिभावकों को ज्यादा से ज्यादा मतदान करने के लिए भी अपील करें।

# प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से शरीर बनता है निरोगी : दिनेश गुलाटी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। योग गुरु दिनेश** गुलाटी के निर्देशन में मेरा मिशन स्वस्थ भारत द्वारा संचालित श्री कृष्ण मंदिर सेक्टर-14 योग कक्षा में साधकों को योगाभ्यास, प्राणायाम, ध्यान साधना और सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। दिनेश गुलाटी ने कक्षा में नियमित रूप से योग करने वाले साधकों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योग में नियमितता का बहुत महत्व है और जो साधक निरंतर योगाभ्यास करते हैं, वह हमेशा स्वस्थ रहते हैं। आज के सत्र में डॉ.मनोज मित्तल ने विशेष रूप से शिरकत की



और साधकों को सही खानपान की जानकारी दी। इस कक्षा के योग शिक्षक बरखा जिंदल, नवीन जिंदल, वीना सेठ, वीना गोयल, ईशा धवन, ऋतु गर्ग, ज्ञान घई ने मौजूद रहकर साधकों को योगाभ्यास करने की विधियां समझाइ। दिनेश गुलाटी ने कहा कि निरंतर प्रतिदिन सूर्य नमस्कार करने से भी शरीर निरोगी बनता है, क्योंकि सूर्य नमस्कार योग आसनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास है।

# प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जन आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: आदर्श नगर** के अग्रवाल भवन में आदर्श नगर मंडल के प्रबुद्ध नागरिकों द्वारा भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रत्याशी प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में जन आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन आदर्श नगर ग्रीन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वाधान में आदर्श नगर विधानसभा सांस्कृतिक प्रकोष्ठ संयोजक अरुणोदय गुप्ता व पूर्व निगम पार्षद गरिमा गुप्ता द्वारा किया गया। इस बैठक में आदर्श नगर मंडल क्षेत्र के विभिन्न आरडब्ल्यूए, सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों व क्षेत्र के प्रबुद्धजनों, माताओं, बहनों और युवाओं द्वारा प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में उनका अभिनन्दन किया गया। इस समर्थन बैठक में उपस्थित गणमान्यों ने श्री खंडेलवाल के उज्जवल और विकसित विचारों की प्रशंसा की और उनकी विजय के लिए समर्थन जताया।

बैठक में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष व राज्य सभा सांसद नरेश बंसल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। आदर्श नगर ग्रीन रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, मजलिस पार्क रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन, भाजपा आदर्श नगर मंडल, श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल, श्री आर्य समाज पब्लिक स्कूल, अग्रवाल सभा, मजलिस पार्क, अग्रवाल सभा आदर्श नगर, वरिष्ठ नागरिक मंच, गंगा जल सेवा समिति, श्री साईं सेवा सदन, श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर, श्री शिव मंदिर विस्तार, आरडब्ल्यूए सराय पीपल थला, आरडब्ल्यूए पंचवटी, आरडब्ल्यूए केवल पार्क एक्सटेंशन, आरडब्ल्यूए जी ब्लॉक, भडौला, स्थानीय जीएम आदि संस्थाओं के पदाधिकारी, तथा बड़ी संख्या में आदर्श नगर, मजलिस पार्क, आदर्श नगर विस्तार, पंचवटी, इंदिरा नगर, भडौला, संत रविदास नगर क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिक, बुजुर्ग, महिलाएं तथा युवा बंधु बहनो ने उपस्थित होकर एक स्वर में नरेंद्र मोदी के और प्रवीण खंडेलवाल के समर्थन में मतदान करके उन्हें विजई बनाने का संकल्प किया। इस अवसर पर प्रवीण खंडेलवाल ने सभी समर्थकों का आभार व्यक्त किया और सभी से देश के विकास और प्रगति में योगदान देने हेतु आगामी 25 मई को भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की।



**अरुणोदय गुप्ता:** मैं कार्यक्रम में हुए सभी गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं और लोगों से अपील करता हूं कि आप सभी भाजपा के समर्थन में वोट करें। जिससे की देश में विकास की गति जारी रहे।

# वजीरपुर में भाजपा के समर्थन में जनसभाएं आयोजित




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के वजीरपुर विधानसभा** क्षेत्र के विभिन्न इलाको में जनसभाओं का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राज्यसभा सदस्य राकेश सिन्हा उपस्थित रहे। इस मौके पर वक्ताओं ने लोगों से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों का ज़िक्र किया। इस अवसर पर वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक महेन्द्र नागपाल, पूर्व निगम पार्षद ममता ढीका ने भी अपने विचार रखे। पूर्व विधायक डॉ नागपाल ने कहा कि आगामी दिनों में 70 वर्ष की आयु को 5 लाख का बीमा होगा। घर का 70 वर्ष का हर परिवार का सदस्य इसका लाभार्थी बन जाएगा। इस सभा की अध्यक्षता अमन ढिक्का ने की।

# अप्रर्याप्त पैसे अप्रर्याप्त चारा कैसे चले गौशालाएं: संघ

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली पंचायत संघ** प्रमुख थान सिंह यादव और दिल्ली ओबीसी के अध्यक्ष जगदीश यादव ने दिल्ली में बढ़ती गर्मी व लू को देखते हुए दिल्ली देहात के गांवों में बनी गौशाला व देहात के वन्यजीवों की सुरक्षा के लिए गांवों का दौरा किया। जिसमें दिल्ली देहात नजफगढ़ क्षेत्र में बनी गौशाला में जाने पर पता लगा की सरकार ने उनका करोड़ो का फंड रिलीज नहीं किया है। जिसके कारण उनको गायों की देखभाल करने में दिक्कत आ रही है।



**40 रूपए में कैसे भरेगा गौ माता का पेट:** वहीं दूसरी ओर लगभग 5000 गायों की मौजूदगी बताई गई, जो ज्यादा है। जिसमें बताया कि दिल्ली नगर निगम व दिल्ली सरकार मिलकर प्रत्येक पशु पर 40 रूपये प्रतिदिन उनके चारे के लिए देती है। जो पर्याप्त नहीं है, और समय पर नहीं देते है। इस अवसर पर गोपाल गौ सदन हरेवली के प्रमोद सहरावत और हरे कृष्णा गौशाला के कृष्ण यादव ने कहा की नगर निगम व दिल्ली सरकार द्वारा करोड़ो में रोकी रकम तुरंत रीलिज करनी चाहिए।

**संघ की मांग पशुधन में बढ़ोतरी कर 40 से डेढ़ सौ रूपए हो:** यादव ने मांग की कि इनकी सेवा करने के लिए प्रत्येक पशुधन पर डेढ़ सौ रुपए प्रतिदिन इनको मिलने चाहिए। पंचायत संघ प्रमुख का मानना है की गौशाला की जगह यह पशुओं की जेल ज्यादा लगती है। क्योंकि उनके लिए आवंटित चारे या धन की व्यवस्था सरकार नहीं कर पा रही है। वहीं वन्य जीव नीलगाय, रोंज जैसे वन्य जीव भी गांवों के नजदीक खाने और पानी की तलाश में आ रहे हैं। दिल्ली के घटते जंगल और घटती फसल को देखते हुए उनको रहने और खाने की पर्याप्त सुविधा नहीं है।

इसलिए दिल्ली सरकार गाय, गांव, गरीब, ग्रामीणों की अनदेखी न करें, दिल्ली का विकास तभी संभव है। पिछड़ा आयोग के चेयरमैन जगदीश यादव ने दिल्ली सरकार को इनके लिए जिम्मेदार ठहराया है और कहा की यह सरकार दिल्ली देहात व गांवों के साथ-साथ वन्य जीवो के साथ भी कुठाराघात कर रही है।

# शालामार गांव: जागृति पूर्वांचल महिला मंच ने जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन में आयोजित की सभा






**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: दिल्ली के** शालामार गांव के सैनी धर्मशाला में जागृति पूर्वांचल महिला मंच के द्वारा चांदनी चौक लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल के समर्थन में महिलाओं की सभा का आयोजन किया गया। इस मौके पर बहुताय की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर प्रत्याशी जेपी अग्रवाल की पुत्रवधु के अलावा दिल्ली प्रदेश महिला कांग्रेस की अध्यक्ष पुष्पा सिंह, रविता पाल जिला महिला कांग्रेस की अध्यक्ष, सिद्धार्थ राव, बालेराम, जीवनाथ झा, बीके अग्रवाल, जेएस नेयोल, नरेश गुप्ता, डॉ. ईश्वर, हरिराम सैनी, विजय तोमर, सुमित प्रकाश, सरफुदीन, संजीव सैनी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस अवसर पर सिद्धार्थ राव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है, इसलिए आप सभी कांग्रेस का साथ दें और देश में विकास पाये। तो वहीं बालेराम ने कहा कि आज जो आप देश में विकास देख रहे है, इसका श्रेय कांग्रेस को ही जाता है, क्योंकि कांग्रेस जो कहती है, वह करके दिखाती है। मैं कार्यक्रम में आये हुए गणमान्य लोगों का धन्यवाद करता हूं। इस मौके पर कई अन्य गणमान्य लोगों ने भी विचार रखें।

# राष्ट्र हित में परिवार सहित करें मतदान: पम्मा व राकेश यादव

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: फेडरेशन ऑफ** सदर बाजार ट्रेड्स एसोसिएशन की ओर की ओर से दिल्ली में लोकसभा चुनाव के 25 मई को होने वाले मतदान के लिए व्यापारियों को जागरूक करने के लिए फेडरेशन के चेयरमैन परमजीत सिंह की अध्यक्षता में कुतुब रोड़ से 12 टूटी चौक तक एक मार्च निकाला। जिसमें फेडरेशन के वॉइस चेयरमैन पवन खंडेलवाल कार्यवाहक अध्यक्ष चौधरी योगेंद्र सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, भारत भूषण गोगिया, दीपक मित्तल, महासचिव राजेंद्र शर्मा, सतपाल सिंह मांगा, कमल कुमार कन्हैया, लाल रुघवानी की कमल अग्रवाल, व्यापारी नेता मुकेश गुप्ता, हरजीत सिंह छाबड़ा, गोपाल ग्रोवर, भारत भराड़ा सहित अनेक व्यापारी संस्थाओं के अध्यक्ष महामंत्री अपने हाथों में बैनर लेकर जिस पर लोकतंत्र का करें सम्मान परिवार समेत करे मतदान, देश के विकास में दे अपना योगदान हर हाल में करना अपना मतदान, आपका मतदान लोकतत्र की जान लिखा था उनको लेकर साथ चल रहे थे और फेडरेशन की और से प्रोत्साहित सामग्री पेपर बांट कर सभी से अपील कर रहे थे। इस अवसर पर परमजीत सिंह पम्मा व राकेश यादव ने कहा कि मतदान लोकतंत्र की एक शक्ति है जिसे बचाना हर नागरिक का फर्ज है।

# मॉडल टाउन: जरूरतमंदो का पेट भरने के लिए सालो से चल रही है जनता की रसोई





**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: मॉडल** टाउन विधानसभा क्षेत्र के मॉडल टाउन क्षेत्र में स्थित पार्ट थर्ड में जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा जनता की रसोई लगभग पिछले 6 सालों से प्रत्येक रविवार को जरूरतमंदो के पेट की आग को शांत करने के लिए निरंतर रूप से प्रयासरत है।

**असहायों व निर्धनों के पेट की आग बुझाने का काम कर रही है ट्रस्ट:** आपको बतादें कि पिछले 6 साल से जय हिंद चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निरंतर रूप से रसोई का संचालन किया जा रहा है। गरीबों व असहाय लोगों के पेट भरने के लिए शुल्क मात्र 10 रूपये लिए जाते है, जिससे लोगों का पेट भी भर सके और यह भी महसूस न होने पाए की वह निर्धन या गरीब है जिसके लिए दस रूपये का शुल्क रखा गया है जिसके बदले में हर बार नए-नए स्वादिष्ट व्यंजन प्यार के साथ परोसे जाते है।

**हर रविवार बढ़ती ही रहती है लोगों की संख्या:** उल्लेखनीए है कि वैसे तो हर रविवार को लोगों की संख्या बढ़ती ही जाती है और इस रविवार को लगभग चौदह सौ लोगों ने रसोई में खाना खाकर अपने पेट की भूख को शांत कर आत्मा की तृप्ति की।

**कई लोग रहे उपस्थित:** इस दौरान संस्था के प्रधान विजय मेहता सहित संजय सहगल, संजीव शर्मा, रमेश जैन, शिव शंकर नरूला, संजय जैन, बृजकिशोर गुप्ता, अतुल अरोड़ा, आनंद दादू, आशीष गुप्ता, अजय शर्मा, केसी जोशी, प्रेम अग्रवाल, एसबी गोयल, मुकेश शर्मा एलआईसी, एससी जिंदल, जवाहर गोयल, विनोद बंसल सहित ट्रस्ट के कई पदाधिकारी लोग मौजूद रहे। इस मौके पर ट्रस्ट के प्रधान विजय मेहता ने बताया कि उनकी ट्रस्ट पिछले 6 साल से भूखे व असहाए लोगों की थोडी सी मदद हो जाए इसके लिए प्रत्येक रविवार को रसोई चला रही है, जिसमें मात्र 10 रूपए में भूखे गरीबों का पेट भरने का काम कर रहीं है।

# त्रीनगर विधानसभा क्षेत्र: भाजपा सरकार में राजनीति का स्तर सबसे नीचे गिरा: जेपी अग्रवाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्ली: चांदनी चौक** लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल को लेकर पूरे लोकसभा क्षेत्र में एक ही आवाज गूंज रही है कि 25 मई भाजपा गई, बीजेपी नहीं, सिर्फ जेपी।

प्रचार के दौरान जयप्रकाश अग्रवाल को लोग सिर आंखो पर बैठा न सिर्फ उनका भव्य अभिनंदन स्वागत कर रहे हैं बल्कि उन्हें भारी बहुमत से जिताने का वायदा भी कर रहे है।




**त्रीनगर में अपना जनसंपर्क अभियान किया:** जयप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार की नीतियों से आज देश का हर नागरिक परेशान है इतना ही नहीं मोदी सरकार के शासन में राजनीति का स्तर सबसे ज्यादा गिर चुका है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रोरोल बांड़ में हजारों लाखों करोड़ रुपए का घपला हुआ यह किसी से छुपा नहीं है। मोदी सरकार की मंशा अगले कार्यकाल में संविधान को बदलकर देश में तानाशाही वाला कानून लागू करने की है जिसे हम सभी को मिलकर नाकाम करना है। अग्रवाल ने लोगों से समर्थन देने की अपील करते हुए उन्हें वोट देने और भारी बहुमत से जिताने का आग्रह किया।

**कार्यक्रम में कई लोग रहे मौजूद:** जयप्रकाश अग्रवाल ने सुबह त्रीनगर में कन्हैया नगर मेट्रो स्टेशन से पदयात्रा शुरू कर लोगों से मुलाकात की। आम आदमी पार्टी के पूर्व विधायक जितेंद्र सिंह तोमर, पूर्व विधायक कांग्रेस अनिल भारद्वाज, विधायक प्रत्याशी कमलकांत शर्मा, चतर सिंह, जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज यादव, क्षेत्रीय नेता पुरुषोत्तम अग्रवाल सहित क्षेत्र के आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ अग्रवाल ने गणेश पुरा, वर्धमान वाटिका, देवा राम पार्क, लेखू नगर, जुड़बाग गांव, जय माता मार्केट आदि इलाकों में पदयात्रा कर लोगों से संपर्क साधा।

साथ ही साथ उन्होंने लॉरेंस रोड़, शकूरपुर गांव, फिरनी रोड़ श्रीनगर कॉलोनी राजा पार्क व महेंद्रा पार्क में पदयात्रा कर लोगों से वोट देने की अपील की।

जयप्रकाश अग्रवाल ने पुरानी दिल्ली के हमदर्द चौक एंव चमेलियन रोड़ में मीटिंग कर लोगों से चुनावी चर्चा की।

मीटिंग में आम आदमी पार्टी व कांग्रेस पार्टी के क्षेत्रीय नेताओं व कार्यकर्ताओं सहित इलाके के गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।


# 23 मई को पीएम नरेंद्र मोदी पाली गांव से साधेंगे दक्षिणी हरियाणा

**रैली**

**महेंद्रगढ़ जिला में होने वाली प्रधानमंत्री मोदी की रैली की तैयारियां जोरों पर**







**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
अंबाला और सोनीपत लोकसभा के बाद अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महेंद्रगढ़ के पाली गांव में रैली कर दक्षिण हरियाणा को साधेंगे। नरेन्द्र मोदी 23 मई को भिवानी-महेंद्रगढ़ से लोकसभा प्रत्याशी धर्मबीर सिंह के समर्थन में बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। गांव पाली से प्रधानमंत्री की यह रैली पूरे दक्षिणी हरियाणा को साधने का काम करेगी। बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दक्षिणी हरियाणा में चुनाव से पहले भी रेवाड़ी जिला में एम्स और गुरुग्राम में द्वारका एक्सप्रेस-वे के उद्घाटन अवसर पर भी एक महीने के अंदर दो-दो रैलियां कर चुके हैं। प्रधानमंत्री मोदी की यह रैली दक्षिणी हरियाणा में भाजपा प्रत्याशियों की जीत को बड़ी जीत में बदलने का काम करेगी। पीएम मोदी के अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी तथा उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी भी रैलियां करके माहौल को एकतरफा करेंगे। भाजपा प्रदेश मीडिया प्रभारी अरविंद सैनी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 23 मई को महेंद्रगढ़ जिला के गांव पाली में चौधरी धर्मबीर सिंह के समर्थन में रैली करेंगे। प्रधानमंत्री मोदी की रैली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि इसी तरह रक्षामंत्री राजनाथ सिंह और केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी भी भिवानी-महेंद्रगढ़, रोहतक और करनाल लोकसभा में हुंकार भरेंगे।

अरविंद सैनी ने बताया कि 22 मई को केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी रोहतक लोकसभा प्रत्याशी डा. अरविंद शर्मा के समर्थन में ग्रेन मार्केट कोसली में 3.30 बजे एक बड़ी जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री सैनी ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी इसी दिन तीन रैलियां करेंगे। रक्षा मंत्री की पहली रैली 11 बजे करनाल लोकसभा के घरौंडा में होगी। यहां रक्षामंत्री पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल के समर्थन में जनता से वोटों की अपील करेंगे। अरविंद सैनी ने बताया कि राजनाथ सिंह की दूसरी रैली 2 बजे कुरूक्षेत्र लोकसभा से प्रत्याशी नवीन जिंदल के समर्थन में कलायत में होगी।

# एसडीएम ने मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर लिया सुरक्षा का जायजा

**निरीक्षण**

**एसडीएम ने सुरक्षा , ईवीएम परिवहन मार्ग, सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल का निरीक्षण किया।**



**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले की टोहाना विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने मंगलवार को भोडिया खेड़ा के राजकीय महिला महाविद्यालय में बनाये गए मतगणना केंद्र और स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से स्ट्रांग रूम के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच हेतु नियंत्रण कक्ष पहुंचकर फुटेज का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं को दुरूस्त रखने के निर्देश दिये।

स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने सुरक्षा के इंतजाम, ईवीएम परिवहन मार्ग, सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईवीएम मशीन ले जाने वाले रास्ते की सीसीटीवी रिकार्डिंग की जाये। मतदान उपरांत राजनीतिक दलों द्वारा लगाये जाने वाले टेंट की भी जानकारी ली।एसडीएम ने संबंधित अधिकारियों को मतगणना स्थल पर सभी तैयारियां पूर्ण करने के दिशा-निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर पुलिस कर्मचारियों की दिलाई शपथ

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर डीएसपी मुख्यालय जयपाल सिंह ने मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अधिकारियों व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि आतंकवाद एक ऐसी समस्या है, जिससे कई देश बरसों से जंग लड़ने के बाद भी उससे पूरी तरह निजात पाने में विफल रहे हैं।

आतंकवाद जैसी इस भयानक समस्या से निपटने के लिए भारत द्वारा 21 मई का दिन राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में यह उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि इस दिन की आधिकारिक घोषणा 21 मई 1991 को भारत के सातवें प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या के बाद की गई थी, जो लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (लिट्टे) के एक आतंकवादी अभियान के दौरान तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में मारे गए थे। स्वर्गीय राजीव गांधी की हत्या के बाद तत्कालीन सरकार द्वारा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाने का फैसला लिया गया।

डीएसपी मुख्यालय जयपाल सिंह ने शपथ दिलाते हुए कहा कि हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठा पूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं। इसके अलावा 21 मई को आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में फतेहाबाद पुलिस अधीक्षक कार्यालय के साथ-साथ जिले के सभी थानों व चौकिों में मनाया गया है।

### सिरसा: पोल डे डैशबोर्ड का ट्रायल रन सफल

**टीम एक्शन इंडिया/सिरसा**
मतदान व मतदान से एक दिन पहले की रियल टाइम इंफोर्मेशन मुख्य निर्वाचन अधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी व सहायक निर्वाचन अधिकारी तक बिना किसी विलंब के पहुंचाने के लिए विकसित किए गए पोल डे डैशबोर्ड का मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एनआईसी कक्ष में ट्रायल रन किया गया।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आर.के. सिंह के निदेर्शानुसार डीआईओ सिकंदर ने ट्रायल रन के दौरान सभी तकनीकी पहलुओं की बारीकी से जांच की। उन्होंने बताया कि पोल डैश बोर्ड मोबाइल ऐप के माध्यम से सेक्टर ऑफिसर मतदान केंद्र पर मतदान आरंभ होने से मतदान के समाप्त होने तक की सारी गतिविधियों को अपडेट करेंगे। इससे पोल डैशबोर्ड वेब पोर्टल पर आम नागरिक भी हर पल की अपडेट ले सकेंगे। उन्होंने बताया कि यह ऐप रियल टाइम इंफोर्मेशन देने के लिए विकसित किया गया। डैशबोर्ड चुनाव प्रक्रिया में सभी अधिकारियों के लिए एक केंद्रीयकृत उपकरण के रूप में सहायता करेगा। उन्होंने बताया कि मतदान के दिन आम नागरिकों को पल-पल की जानकारी पोल डैश बोर्ड वेब पोर्टल के माध्यम से मिल सकेगी।

### आधा किलो अफीम के साथ धरे गए तीन व्यक्ति

**हिसार**
नशे के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हांसी पुलिस के एएनसी स्टाफ टीम ने मंगलवार को आधा किलो अफीम सहित तीन व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान हांसी की बोगा राम कालोनी निवासी रिंकू, प्रेम नगर निवासी परमजीत व हांसी की अग्रसेन कालोनी निवासी बलराम के रुप में हुई है।

एएनसी स्टाफ में तैनात सहायक उप निरीक्षक मुकेश कुमार ने मंगलवार को बताया कि एएनसी टीम को सूचना मिली थी कि एक मोटरसाइकिल पर तीन व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर रामायण गांव की तरफ जा रहे है। सूचना के आधार पर एएनसी टीम ने तुरंत रामायण गांव रोड पर नाकाबंदी करके शक के आधार पर मोटरसाइकिल को रुकवाया। मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट बरवाला के तहसीलदार विजय कुमार के सामने तलाशी ली गई तो आरोपियों के पास 500 ग्राम अफीम बरामद हुई। इस पर एएनसी की टीम 500 ग्राम अफीम व मोटरसाइकिल को कब्जे में लेकर आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ थाना सदर हांसी में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया।

## नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा

**टीम एक्शन इंडिया/जींद**
एडीजे चंद्रहास की अदालत ने मंगलवार को नाबालिग लड़की से दुष्कम करने, अवैध रूप से हिरासत में रखने के जुर्म में दोषी को 20 वर्ष कैद की सजा सुनाई है। इसके अलावा अदालत ने दोषी को 31 हजार जुमार्ना भी लगाया है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार 14 फरवरी 2023 को उचाना थाना क्षेत्र के तहत एक गांव के व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि कोई उसकी 13 वर्षीय बेटी को बहला फुसला कर ले गया है। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। उचाना के एएसआई नीर द्वार जांच के दौरान लड़की को बरामद कर लिया गया था।

# चंडीगढ़: कांग्रेसियों को एससी-बीसी समाज पर भरोसा नहीं: ज्ञानचंद गुप्ता

**अभियान**

**व्यक्तियों के विकास को देती है प्राथमिकता ग्रामीण बोले- 10 साल में इलाके का हुआ भरपूर विकास,**



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष ज्ञान चंद गुप्ता ने मंगलवार को पंचकूला विधान सभा क्षेत्र के बतौड़, खंगेसरा, कुंडी, बीड़ घग्गर समेत अनेक गांवों में पहुंच भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के लिए वोट मांगे। इस दौरान उन्होंने डोर-टु-डोर अभियान के साथ-साथ ग्रामीणों के छोटे-छोटे समूहों में व्यक्तिगत बातचीत भी की। बतौड़ के लोगों ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इस क्षेत्र ने विकास की नई कहानी गढ़ी है। इसलिए यहां के लोग पूरी तरह से भाजपा की नीतियों के साथ हैं। ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस नेता खुलेआम एससी-बीसी आरक्षण को मुसलमानों में बांटने की बात करने लगे हैं। कांग्रेस पिछड़े वर्गों का भरोसा खो चुकी है और हार के डर से अल्पसंख्यकों की राजनीति कर रही है। गुप्ता ने कहा कि भाजपा सदा से समाज के सभी वर्गों का साथ लेकर चली है, लेकिन विकास की धारा में पीछे रह चुके लोगों के लिए भाजपा विशेष रूप से वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि भाजपा का वैचारिक अधिष्ठान पं. दीन दयाल के अंत्योदय पर आधारित है। यह विचार पंक्ति में सबसे पीछे खड़े व्यक्तियों को विकास में प्राथमिकता देने की बात करता है।ज्ञान चंद गुप्ता ने कहा कि इंडी एलायंस ने भारत को दशकों पीछे धकेला है, देश उन्हें नकार चुका है। देश भूला नहीं है, जब दुनिया तेजी से विकास कर रही थी, तब कांग्रेस भ्रष्टाचार और घोटालों के कीर्तिमान गढ़ रही थी। दुनिया के सभी देश आगे बढ़ रहे थे, लेकिन कांग्रेस पार्टी युवा पीढ़ी को पीछे धकेलने में लगी थी। कांग्रेस ने 60 साल तक गरीबी हटाओ के नारे लगाती रही, किन्तु गरीबी हटने की दिशा में कुछ भी नहीं किया। देश जानता है ये मोदी है जिसने भारत को दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाया, 10 साल में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकाला और दशकों पुरानी धारा 370 जैसी पुरानी समस्याओं का समाधान किया। कश्मीर में आतंकवाद अब आखिरी सांस ले रहा है। मोदी ने ही पाकिस्तान को मुहतोड़ जवाब दिया, नक्सलवाद की कमर तोड़ी और भ्रष्टाचार पर लगाम लगाई। मोदी एक गरीब का बेटे है, जिसने गरीबों की सुख-दुख की चिंता की है।

# कश्मीर में शिवसेना का बढता जनाधार, दर्जनों ने थामा पार्टी का दामन

**टीम एक्शन इंडिया/श्रीनगर**
शिवसेना(यूबीटी) जम्मू-कश्मीर ईकाई की नीतियों व विचारों से प्रभावित दर्जनों लोगों ने आज घाटी में पार्टी की सदस्यता ली गई।

पार्टी प्रदेश प्रमुख मनीश साहनी के निदेर्शानुसार श्रीनगर के अहमद? नगर इलाके में , सैंटर कश्मीर इंचार्ज मोहम्मद रमजान डार की अध्यक्षता में आयोजित एक कार्यक्रम में महिलाओं समेत करीब दो दर्जन स्थानीय लोगों ने पार्टी का दामन थामा। मोहम्मद रमजान डार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश ईकाई की नीतियों व? विचारो से प्रभावित होकर कश्मीर में पार्टी के जनाधार में तेजी से बढ़ौतरी हो रहा है। प्रदेश ईकाई द्वारा



जम्मू-कश्मीर के संसाधनों, सरकारी नौकरियों व शिक्षा संस्थाओं में प्रवेश का पहला हक भूपुत्रो का संकल्प भी आम लोगों को प्रभावित कर रहा है। इसके साथ ही लगातार जनता के बीच जाकर जन मुद्दों पर आवाज बुलंद की जा रही है ।इस मौके पर मोहम्मद रमजान डार ने पार्टी में शामिल हुए फैयाज अहमद गनी, नजीर अहमद मीर, इरफान अहमद गनी, इनायत अहमद डार, मोहम्मद लतीफ खान, फारूक अहमद, मंजूर अहमद, हबीबुल शाह, अब्दुल रशीद, मोहम्मद सलीम, मोहम्मद अशरफ डार, सारा बेगम, गुलशन बेगम, अफरूजा बेगम, हमीदा बेगम आदि सदस्यों शिव बंधन व निशान के साथ स्वागत किया।

## खिलाडियों ने हरियाणा फुटबॉल यूथ लीग अंडर-17 में दिखाया जलवा

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
खेल विभाग द्वारा भूना में संचालित की जा रही रिहायशी फुटबॉल अकेडमी के खिलाड़ियों ने हरियाणा फुटबॉल यूथ लीग अंडर-17 में अपना प्रतिभा का जलवा दिखाते हुए प्रथम स्थान हासिल किया है। मंगलवार को वापिस भूना पहुंचने पर विजेता खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया।

खेल विभाग की रिहायशी फुटबॉल अकेडमी के इंचार्ज जूनियर फुटबॉल प्रशिक्षक जसमेर ने बताया कि गुरूग्राम में आयोजित इस प्रतियोगिता में फतेहाबाद, गुरूग्राम, जींद, हिसार, करनाल, चरखी दादरी व फरीदाबाद के फुटबॉल युवा क्लबों ने भाग लिया।

# सीएम सैनी व डा. पूनिया ने खिलाड़ियों को हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार से नवाजा



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ**
हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने मंगलवार को रोहतक में राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस मौके पर हरियाणा लोकसभा चुनाव प्रभारी सतीश पूनिया भी उपस्थित रहे।

यहां मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि भारत माता का मस्तक पूरे विश्व में ऊंचा करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित करना और उनसे संवाद करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। इस मौके पर श्री सैनी ने कहा कि राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश को खेलों में मिलने वाले 50 फीसदी मेडल हरियाणा के खिलाड़ियों ने जीते हैं। हरियाणा सरकार ने युवाओं के लिए ऐसी खेल नीति बनाई है, जिससे गांव से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर खेलों में खिलाड़ी अपना कौशल दिखाकर मेडल जीत रहे हैं।

सीएम नायब सैनी ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी 2036 में भारत में ओलंपिक खेल करवाने की योजना बना रहे हैं। इससे प्रदेश के खिलाड़ियों को और मजबूती मिलेगी। सीएम सैनी ने हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार कार्यक्रम में कहा कि ओलंपिक और पैरा ओलंपिक में मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों को सरकार नौकरियों के साथ-साथ 4.50 करोड़ से 6 करोड़ रुपये तक नकद पुरस्कार देती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार भविष्य में खिलाड़ियों के लिए और भी अधिक बेहतर करेगी।

**हरियाणा के खिलाड़ी ह्यनायाबह्न हैं : डॉ. सतीश पूनिया**
रोहतक में आयोजित हरियाणा खेल गौरव पुरस्कार समारोह में हरियाणा भाजपा के लोकसभा चुनाव प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने मंगलवार को कहा कि हरियाणा के खिलाड़ी प्रदेश की शान हैं। यह हरियाणा की ताकत है। देश में जवानों के बाद दूसरी शान खिलाड़ी ही हैं। आज यहां प्रदेश की शान हमारे सामने बैठी है। इन खिलाड़ियों ने दुनिया में हरियाणा का नाम चमकाया और देश के तिरंगे की शान बढ़ाई है।

# राह ग्रुप फाउंडेशन ने शत प्रतिशत मतदान के लिए किया प्रेरित

**अभियान**

**राह ग्रुप फाउंडेशन के सदस्यों ने शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया।**

**शिक्षित व संपन्न हरियाणा की पहचान, सौ फीसदी हो मतदान**
**शिक्षित और जिम्मेवार हरियाणा की यही पहचान,**
**हर कोई करेगा, यहां जिम्मेवारी से मतदान।**



हिसार स्थित गुजरी महल में फोटोशूट के माध्यम से शत प्रतिशत मतदान का संदेश देते राह ग्रुप फाउंडेशन के पदाधिकारी व सदस्यगण

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राह ग्रुप फाउंडेशन की ओर से लोकसभा चुनावों में हरियाणा प्रदेश में सौ फीसदी मतदान अभियान को प्रेरित करने की कड़ी में अलग-अलग शहरों में हरियाणवी परिधान पहन कर जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें हिसार, फतेहाबाद, टोहाना, कलायत, हांसी व बहल में रविवार को अभियान की शुरूआत राह संस्था के राष्ट्रीय चेयरमैन नरेश सेलपाड़, हरियाणा संस्कृति प्रभारी राजकुमार श्योराण व इवेंट कॉर्डिनेटर श्रवण कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से की। इसी प्रकार लक्ष्य पब्लिक स्कूल धांसू, हिन्दू सीनियर सेकेंडरी स्कूल बहबलपुर, सुप्रीम पब्लिक स्कूल बहबलपुर, जीनियस हाई स्कूल खेड़ी बर्की,एस.आर.इंटरनेशनल स्कूल हरिकोट, गुजरी महल व टाऊन पार्क में राह ग्रुप फाउंडेशन के सदस्यों ने हरियाणा प्रदेश में शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरुकता अभियान चलाया। इसी प्रकार इन स्कूलों में विद्यार्थियों को मतदान प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी गई।

--------

18 साल के छोरा-छोरी,
या सौ साल का ताऊ-ताई,
वोट जरूर गैरण जावा गैं,
सबनै कसम सै खाई।

---------

शिक्षित और जिम्मेवार हरियाणा की यही पहचान,
हर कोई करेगा, यहां जिम्मेदारी से मतदान।

# अशोक मंगालीवाला ने बैठक करके अपनी विचारधारा व योजनाओं को किया साझा

**बैठक**

**- जनता के हितों के लिए कार्य करना ही जीवन का मूल उद्देश्य : अशोक मंगालीवाला**



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 21 मई (महेंद्र गोयल) :**
कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व जनसेवक अशोक मंगालीवाला ने विभिन्न बैठकों में हिस्सा लेकर अपनी विचारधारा, कार्यशैली व समाज हित से जुड़ी योजनाओं को साझा किया। हिसार में आयोजित बैठकों के दौरान गणमान्य लोगों से मुलाकात करते हुए मंगालीवाला ने कहा कि अपनी जन्मभूमि हिसार को अपनी कर्मभूमि बनाकर जनता के हितों के लिए कार्य करना ही उनके जीवन का मूल उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि 30 वर्षों से अधिक समय तक विदेशों में रहकर खूब धन, यश व समृद्धि हासिल करने के बाद ब्रह्मर्षि गुरवानंद महाराज के आदेशानुसार हिसार की सेवा व विकास के लिए कार्य किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में दौरा करते हुए उन्होंने देखा कि जनसमस्याओं का अंबार लगा हुआ है। उन्होंने कहा कि अधिकतर जगह सफाई व्यवस्था का बुरा हाल है। सडकें जर्जर हो चुकी हैं। इतना ही नहीं गांवों में लोग पेयजल व खेती के पानी के लिए तरस रहे हैं। उन्हें पर्याप्त बिजली की आपूर्ति भी नहीं की जाती। इसके साथ-साथ जनता बेरोजगारी, महंगाई व भ्रष्टाचार जैसी समस्याओं से भी जूझ रही है। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निदान करके जनता को राहत दिलवाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है।

मंगालीवाला ने कहा कि किसानों, मजदूरों, व्यापारी व नौकरीपेशा सहित हर वर्ग की बेहतरी के लिए पुख्ता योजनाएं हैं। किसानों को फसल के बढि?ा दाम दिलवाना, विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाकर एवं उचित शैक्षिक वातावरण तैयार करके कमजोर वर्ग के बच्चों हेतु सुविधाएं जुटाना उनकी प्राथमिकता में शामिल है। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित शौचालय बनवाने एवं जर्जर पड़े स्थलों, विद्यालयों व सार्वजनिक उद्यानों के रख-रखाव और सौंदर्यीकरण की व्यवस्था की जाएगी। इतना ही नहीं पिछड़ी बस्तियों की साफ-सफाई, नालियों, सीवर व पेयजल से जुड़ी दिक्कतों से भी छुटकारा दिलवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसी भांति हिसारवासियों के लिए आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना भी उनका उद्देश्य है।

# सत्संग में गया था परिवार, मकान से लाखों की नकदी व गहने चोरी

**टीम एक्शन इंडिया/फतेहाबाद**
जिले के भूना क्षेत्र के गांव नहला में चोरों ने एक मकान के ताले तोड़कर वहां से लाखों रुपये की नकदी व गहने चोरी कर लिए। घटना के समय परिवार के लोग सत्संग में गए हुए थे। वापस आकर जब उन्हें चोरी का पता चला तो उन्होंने इस बारे में पुलिस को सूचना दी। मंगलवार को सूचना मिलते ही भूना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच पड़ताल शुरू कर दी है।




पुलिस को दी शिकायत में भूना के गांव नहला निवासी रिन्कू ने कहा है कि उसके चाचा मीरा सिंह के घर पर सत्संग था। इसके चलते घर के सभी सदस्य सुबह करीब साढ़े 10 बजे सत्संग में चले गए थे। पीछे से उनके घर पर कोई नहीं था और घर के मेन गेट व अंदर कमरों पर ताले लगे हुए थे। जब वह सत्संग से वापस आया तो देखा कि मेन गेट का ताला लगा हुआ था, जबकि अंदर कमरे का ताला टूटा पड़ा था। जब वह कमरे में गया तो कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था।

उसने सामान की जांच की तो पाया कि अज्ञात चोर कमरे का ताला तोड़कर वहां से अलमारी के लॉकर में रखे सोने व चांदी के गहनों के अलावा 2 लाख 10 हजार रुपये की नकदी चोरी कर ले गए हैं। इस पर उन्होंने पहले आसपास तलाश की लेकिन जब चोरों के बारे में कुछ पता नहीं चला तो उसने पुलिस को शिकायत दर्ज करवाई। इस मामले में भूना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

ACTION INDIA

एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया ▸ नई दिल्ली ▸ 22 मई 2024 ▸ पृष्ठ 12 ▸ आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

# देश को बांटने के लिए हुआ है इंडिया गठबंधन: योगी

## चुनावी बिसातः उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बस्ती मंडल के तीनों जनपदों में किए 20 जनसभा

**चुनावी जनसभा**

**▸▸ सपा का दिल माफिया के साथ है,आम जनता के साथ नहीं। मंदिर का निर्माण होने से हिंदू जनमानस ने अपना खोया सम्मान वापस पाया**



**टीम एक्शन इंडिया**

**सन्त कबीरनगरः लोकस**भा चुनाव को लेकर चल रहे चुनाव प्रचार में और तेजी लाने के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बस्ती मण्डल के तीनों जनपदों में 20 जनसभा कर रहे हैं। सिद्धार्थ नगर भाजपा उम्मीदवार जगदम्बिका पाल के समर्थन में चुनावी जन सभा करने के बाद सन्तकबीरनगर के मेहदावल में चुनावी जन सभा कर प्रवीण निषाद के पक्ष में मतदान की अपील की। जनसभा को सम्बोधित करते हुए उन्होंने ने कहा कि समाजवादी पार्टी का दिल माफिया के साथ है,आम जनता के साथ नहीं।प्रभु श्री राम का भव्य मंदिर का निर्माण होने से हिंदू जनमानस ने अपना खोया सम्मान वापस पाया ।जो लोग भारत में रहकर पाकिस्तान के नारे लगाते हैं ,उन्हें पाकिस्तान चले जाना चाहिए वहां जाने पर पता चलेगा कि वहां कितनी महंगाई और भुखमरी है जब एक रोटी के लिए लड़ना पड़ेगा। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चार करोड़ गरीबों को आवास मिला है तो वहीं देश समृद्ध हुआ है। देश हर मोर्चे पर आगे बढ़ रहा है और विश्व पटल पर देश का नाम रोशन हो रहा है ।उन्होंने कहा कि महापुरुषों का सम्मान करना का किसी को सीखना है तो वह भारतीय जनता पार्टी की सरकार से सीखे। हम धर्म से लेकर समाज के क्षेत्र में काम करने वाले सभी लोगों का सम्मान करना जानते हैं ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का गठबंधन एक खतरनाक सोच के साथ हुआ है, इससे देश और जनता दोनों का भला नहीं होगा। कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई हुई है,जो देश को तोड़ने और बांटने के लिए काम कर रही है। वह देश का विकास नहीं कर सकती। देश में तीसरी बार नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री बनेंगे।

## भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसाएगी जनताः अखिलेश



**वोट मांगे**

**▸▸ देश में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। नौजवानों को रोजगार न देना पड़े इसलिए आए दिन पेपर लीक हो रहे हैं**

**टीम एक्शन इंडिया**

**आजमगढ़ः** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने केन्द्र और प्रदेश सरकर पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में बेरोजगारी, महंगाई चरम सीमा पर है। नौजवानों को रोजगार न देना पड़े इसलिए आए दिन पेपर लीक हो रहे हैं। इस लोकसभा चुनाव में जनता भाजपा को 140 सीटों के लिए तरसाएगी। सपा प्रमुख ने मंगलवार को लालगंज लोकसभा के सरायमीर बाजार के खरेवा मोड़ पर आयोजित चुनावी जनसभा में लालगंज लोकसभा में सपा प्रत्याशी दरोगा सरोज के पक्ष में जनता से वोट करने की अपील की है। जनसभा में कार्यकताओं ने हंगामा किया तो पुलिस ने लाठियां भांजकर किसी तरह से उन्हे शांत कराया। इसके बाद जनसभा को संबोधित करते हुए अखिलेश ने कहा कि जो भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मतदान होना शुरू हुआ है, आखिरी तक जब पूर्वांचल का चुनाव व सातवां चरण खत्म होगा तब भारतीय जनता पार्टी का सफाया हो जायेगा। इन्होंने किसान को संकट में डाल दिया। न किसान की आय दुगुनी हुई न उनकी पैदावार बढ़ाई। न पैदावार की कीमत दे पर रहे हैं। नौजवानों को बड़े पैमाने पर बेरोजगारी के हवाले छोड़ दिया। तीस लाख सरकारी नौकरियां दिल्ली में खाली है। उत्तर प्रदेश में हर परीक्षा रद्द हो गई। जानबूझकर पेपर लीक किया गया, जिससे नौकरी और आरक्षण न देना पड़े। नौकरी तो सबको मिलती लेकिन आरक्षण तो एक सीमित लोगों को मिलता। लेकिन इन्होंने जानबूझकर खिलवाड़ किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि इन्होंने नौजवानों की नौकरी नहीं छिनी बल्कि नौजवानों का एक तिहाई जीवन बर्बाद कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का नाम लिए बिना सपा प्रमुख ने कहा कि चार सौ पार इसलिए बोल रहे है कि 543 सीटें, चार सौ पार का मतलब 143 सीटें और जनता इन्हें 140 के लिए तरसाएगी। सभी लोग जानते हैं। आजमगढ़ में हवाई पट्टी नेताजी ने बनाई थी। उसके बाद बड़ा पिछली सरकार में मैंने किया था, इसको और आगे लेकर गए।

## बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार करने वाले किसी भी राम रहीम को नहीं छोड़ा जाताः ममता



**उम्मीदवार**

**▸▸ बीजेपी ने संदेशखाली आंदोलन के चेहरों में से एक रेखा पात्रा को बशीरहाट से उम्मीदवार बनाया है**

**टीम एक्शन इंडिया**

**कोलकाताः** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने संदेशखाली में खड़े होकर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा है कि बंगाल में बहन बेटियों के सम्मान से खिलवाड़ करने वाले किसी को भी नहीं छोड़ा जाता। चाहे वो राम हो या रहीम। बीजेपी ने संदेशखाली आंदोलन के चेहरों में से एक रेखा पात्रा को बशीरहाट से उम्मीदवार बनाया है। बीजेपी उम्मीदवार बनने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रेखा को फोन किया था। इसे लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पर निशाना साधा है। बशीरहाट लोकसभा क्षेत्र में प्रचार के पहले दिन ममता ने कहा, "संदेशखाली में जिस तरह से माताओं और बहनों का अपमान किया गया है, उससे मैं स्तब्ध हूं। प्रधानमंत्री पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा, "आपके कार्यकाल में भारत में सबसे ज्यादा महिलाओं पर अत्याचार हुआ। आपके उत्तर प्रदेश में...हमारे यहां एक-दो घटनाएं होती हैं तो हम कार्रवाई करते हैं। यूपी में एक्शन नहीं होता। लेकिन हम बंगाल में किसी को नहीं छोड़ते चाहे वो केष्टो मेष्टो, राम रहीम कोई भी हो।

## त्रालः सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश में चलाया अभियान

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुलवामाः** पुलवामा जिले के त्राल के जंगली इलाके में सुरक्षाबलों ने आतंकियों की तलाश में मंगलवार को अभियान चलाया है। यह अभियान जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की विशिष्ट सूचना मिलने के बाद शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि इलाके में तीन से चार से आतंकवादी छिपे हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि जिले के त्राल के जंगली इलाके में आतंकियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना मिलने के बाद पुलिस और अन्य सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर संयुक्त तलाशी अभियान शुरू किया।

## पुलिस महानिदेशक ने बदरीनाथ धाम पहुंच कर लिया सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा



**जायजा लिया**

**▸▸ श्रद्धालु अतिथि के समान है, हमें अतिथि देवो भवः की भावना के साथ यात्रियों की सुरक्षा एवं सहयोग करना चाहिए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**गोपेश्वरः** पुलिस महानिदेशक, उत्तराखंड अभिनव कुमार ने मंगलवार को बदरीनाथ धाम यात्रा और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। पुलिस महानिदेशक अभिनव ने कहा कि चारधाम यात्रा पर आने वाले प्रत्येक श्रद्धालु हमारे अतिथि के समान है, हमें अतिथि देवो भवः की भावना के साथ यात्रियों की सुरक्षा एवं सहयोग करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड पुलिस श्रद्धालुओं की यात्रा को सरल, सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए लगातार तत्पर है। कोई भी यात्री बिना रजिस्ट्रेशन और रजिस्ट्रेशन की तिथि से पूर्व यात्रा पर न आएं। उत्तराखंड पुलिस चारधाम यात्रा के लिए आ रहे सभी तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। धामों में भीड़ के अत्याधिक दबाव के कारण वाहनों को विभिन्न जगहों पर रोका जा रहा है। उन्होंने चारधाम यात्रा में सीजन ड्यूटी में नियुक्त जनपद और बाहरी जनपदों से आये पुलिस बल के ठहरने के लिए आवासीय बैरिक, बिजली, पानी, शौचालयों की व्यवस्थाओं का भैतिक निरीक्षण किया गया।

## देश में इंडिया गठबंधन की लहर है, तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे: तेजस्वी



**दावा**

**▸▸ सरकार बनी तो एक करोड़ नौकरियां दी जायेंगी और गरीब बहनों के खाते में एक लाख की राशि दी जायेगी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**बेतियाः** बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम व प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव ने मंगलवार को वाल्मीकीनगर लोकसभा क्षेत्र के मैनाटाड़ में कहा कि पूरे देश में इंडिया गठबंधन की लहर है। हम तीन सौ से ज्यादा सीटें जीतने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार बनी तो एक करोड़ नौकरियां दी जायेंगी और गरीब बहनों के खाते में एक लाख की राशि दी जायेगी। वे मैनाटाड़ में उम्मीदवार दीपक यादव के पक्ष में चुनावी सभाओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 साल में प्रधानमंत्री ने जनता को गुमराह किया है। भाजपा के शासन में लोकतंत्र खतरे में है। महंगाई, बेरोजगारी से जनता परेशान है। इसके खिलाफ एकजुट होने की जरूरत है। तेजस्वी ने कहा कि यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र बचाने का है। उन्होंने कहा कि हमने 190 से अधिक सभाएं की हैं और हमारा एक हेलीकॉप्टर भाजपा व जदयू नेताओं के 20 हेलीकॉप्टर पर भारी है।

उन्होंने कहा कि हम मुद्दों की बात करते हैं, जबकि पीएम मोदी बांटने और नफरत की राजनीति करते हैं।

तेजस्वी ने कहा कि एनडीए सरकार में न कारखाना खुले, न नौकरी मिली, न महंगाई कम हुई और न गरीबी खत्म हुई। उन्होंने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर 15 अगस्त को बेरोजगारी से आजादी दिलाएंगे और पूरे देश में एक करोड़ नौकरी देंगे। अग्निवीर योजना खत्म कर नियमित नियुक्ति करेंगे।वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता राजद जिलाध्यक्ष साहेब हुसैन अंसारी और संचालन अमर यादव ने किया।

## कांग्रेस के पुरखे भी आरक्षण विरोधी रहे : मायावती



**कांग्रेस निशाने पर**

**▸▸ कांग्रेस के पुरखे ने तो संविधान के खिलाफ जाकर काम किया। और आरक्षण का पूरा लाभ आप लोगों को नहीं दिया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**जौनपुरः** बसपा प्रमुख मायावती ने कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी के चेले चपाटे कहते हैं कि हम आरक्षण के खिलाफ नहीं हैं। हम संविधान के खिलाफ नहीं हैं। मायावती ने कहा कि इनके (कांग्रेस) पुरखे ने तो संविधान के खिलाफ जाकर काम किया। और आरक्षण का पूरा लाभ आप लोगों को नहीं दिया था। मायावती ने मंगलवार को जिले की दोनों लोकसभा सीटों को सवंसा गांव से जनसभा को संबोधित किया और पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी पार्टी अपने दम पर दमदारी से चुनाव लड़ रही है। हमारी ऐसी पार्टी है जो सर्वसमाज को भागीदारी देते हुए बनारस मंडल के सर्वसमाज को चुनाव लड़ने का मौका दिया है। आज इतनी भीड़ देखकर मुझे भरोसा हुआ है कि हम चुनाव जीत रहे हैं। विपक्षियों पर हमलावर होते हुए कहा कि कांग्रेस - भाजपा सहयोगी दल के बारे में कहना चाहूंगी कि आजादी के बाद शुरू से केंद्र व राज्य में भी ज्यादातर सत्ता कांग्रेस पार्टी के हाथों में केंद्रित रही है। अधिकांश मामले में रही गलत नीतियों एवं गलत कार्यप्रणाली की वजह से ही कांग्रेसे को सत्ता से बाहर होना पड़ा। यही स्थिति इनके सहयोगी पाटीयों की रही है। जब आजादी के बाद केंद्र व देश के ज्यादातर राज्यों में कांग्रेस पार्टी सत्ता में आयी तो उसकी पहली सरकार में डॉ. भीम राव आम्बेडकर लॉ मिनिस्टर थे। कांग्रेस के मुखिया ने पंडित जवाहर लाल नेहरू एन्ड कंपनी से यह कहा कि भारतीय संविधान में एससी, एसटी के लोगों को जो सरकारी नौकरी में आरक्षण दिया जा रहा है उनका पूरा लाभ नहीं मिल पा रहा है। इनको पूरा लाभ मिलना चाहिए। संविधान में आर्टिकल 340 की व्यवस्था है।

## संबित पात्रा ने भगवान जगन्नाथ से जुड़े वाक्य पर माफी मांगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**भुवनेश्वरः** पुरी से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार ने भगवान जगन्नाथ से जोड़कर गलती से दिए गए एक वक्तव्य के लिए माफी मांगी है। उन्होंने इस गलती के पश्चाताप के लिए 3 दिन का उपवास रखने का भी फैसला किया है। सोशल मीडिया पर उनका एक वक्तव्य वायरल होने के बाद देर रात पात्रा ने कहा कि आज महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी को लेकर उनसे जो भूल हुई है, उस विषय को लेकर उनका अंतर्मन अत्यंत पीड़ित है। वे महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी के चरणों में शीश झुकाकर क्षमायाचना करते हैं। अपनी इस भूल सुधार और पश्चाताप के लिए अगले 3 दिन वे उपवास पर रहेंगे। जय जगन्नाथ। उल्लेखनीय है कि संबित पात्रा मोदी को भगवान जगन्नाथ का भक्त बताते समय उल्टा बोल गए। उसका अर्थ यह निकला कि भगवान जगन्नाथ मोदी भक्त हैं। इसे विरोधी दलों ने मुद्दा बना दिया। कल दिन भर इसे लेकर बयानबाजी हुई। ओड़ीशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने भी इस विषय पर लंबा ट्वीट लिखा और इसे भगवान जगन्नाथ के अपमान और ओड़ीशा की अस्मिता से जोड़ने का प्रयास किया।

## विमान की चपेट में आने से 36 फ्लेमिंगो की हुई मौत



**टक्कर**

**▸▸ मौत की असली वजह का पता लगाने के लिए मृत पक्षियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया**

**टीम एक्शन इंडिया**

**मुंबईः** मुंबई के घाटकोपर में एमिरेट्स की एक फ्लाइट की चपेट में आने से कम से कम 36 फ्लेमिंगो की मौत हो गई। वहीं, विमान भी क्षतिग्रस्त हो गया। एक वन्यजीव कल्याण समूह के सदस्य ने मंगलवार को इस घटना की जानकारी दी।

**मृत पक्षियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजाः** रेस्किंग एसोसिएशन फॉर वाइल्डलाइफ वेलफेयर (आरएडब्ल्यूडब्ल्यू) के संस्थापक और वन विभाग में मानद वन्यजीव वार्डन पवन शर्मा ने बताया कि घाटकोपर में कुछ स्थानों पर मृत पक्षी देखे जाने के बारे में कई लोगों के फोन आ रहे थे। उन्होंने बताया कि मौत की असली वजह का पता लगाने के लिए मृत पक्षियों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

**सोमवार रात की घटना**

मुंबई आ रही एक एमिरेट्स फ्लाइट की टक्कर से 36 फ्लेमिंगो की मौत हो गई। ये घटना सोमवार रात की बताई जा रही है। वहीं इस टक्कर के बाद कई मरे हुए फ्लेमिंगो घाटकोपर इलाके में मिले। वहीं इस टक्कर की वजह से विमान को भी काफी नुकसान पहुंचा। हालांकि विमान ने एयरपोर्ट पर सुरक्षित लैंडिंग कर ली। फिलहाल, सभी यात्री सुरक्षित बताए जा रहे हैं। वन अधिकारियों और एनिमल एक्टिविस्ट ने मरे हुए फ्लेमिंगो बर्ड्स को हटाया है। : इस हादसे के कई वीडियो भी सामने आए हैं। बताया जा रहा है कि मृत फ्लेमिंगो मुंबई के कई अलग-अलग इलाकों से बरामद किए गए। स्थानीय लोगों ने फोन करके इसकी सूचना दी।

**समयसीमा** यात्री को घोड़ा-खच्चर, डंडी-कंडी में लाने वाला संचालक भी 60 मिनट इंतजार करेंगे, देर हुई तो यात्री बगैर वापस लौटेंगे

## यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिये 60 मिनट का समय निर्धारित



**दिशा-निर्देश**

**▸▸ घोड़े-खच्चरों की संख्या 800 पूर्ण होने के पश्चात घोड़े-खच्चर उसी अनुपात में जानकीचट्टी से भेजे जाएंगे**

**टीम एक्शन इंडिया**

**उत्तरकाशीः** उत्तराखंड चारधाम यात्रा पर लगातार बढ़ रहे दवाब के चलते जिला प्रशासन ने श्री यमुनोत्री धाम में श्रद्धालुओं को दर्शन के लिये 60 मिनट का समय निर्धारित कर दिया है। इसके दायरे में घोड़े-खच्चर और डंडी-कंडी संचालक भी आएंगे। वे भी प्रशासन की निर्धारित समयावधि का पालन करेंगे। इसके लिए जिला प्रशासन ने नयी एसओपी जारी कर दी है। जिला मजिस्ट्रेट डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने यमुनोत्री दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत आदेश जारी करते हुए सोमवार से श्री यमुनोत्री धाम में दर्शन करने वाले यात्रियों के लिए 60 मिनट का समय निर्धारित किया है। साथ ही जानकीचट्टी से यमुनोत्री तक घोड़े-खच्चर और डण्डी के आवागमन के लिए अधिकतम संख्या 60 मिनट की समयावधि निर्धारित की है। जिला मजिस्ट्रेट ने श्री यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर यात्रियों के आवागमन को सुगम, सुरक्षित एवं शान्तिपूर्वक ढंग से संपादित करने के लिए उप जिलाधिकारी, बड़कोट, पुलिस उपाधीक्षक, बड़कोट एवं अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, उत्तरकाशी की संयुक्त रिपोर्ट के आधार पर यमुनोत्री धाम पैदल यात्रा मार्ग संकरा होने के कारण भीड़ नियन्त्रण, जानमाल के खतरे और यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिगत के लिए नई एसओपी जारी कर दी है। इसके अनुसार यमुनोत्री मार्ग पर घोड़े-खच्चरों के आवागमन का समय प्रातः 4 बजे से सायं 5 बजे तक निर्धारित किया गया है। आदेशानुसार घोड़े-खच्चरों की संख्या 800 पूर्ण होने के पश्चात घोड़े-खच्चर उसी अनुपात में जानकीचट्टी से भेजे जाएंगे, जिस अनुपात में यमुनोत्री से वापस आएंगे।

## देश में मधुमक्खियों से शहद का कुल उत्पादन सवा लाख मैट्रिक टन से अधिक



**टीम एक्शन इंडिया**

**बीकानेरः** स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में विश्व मधुमक्खी दिवस के अवसर पर "खाद्य सुरक्षा एवं जैव विविधता के लिए मधुमक्खियां जरूरी" विषय पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कुलपति डॉ अरूण कुमार ने कहा कि खाद्य सुरक्षा और जैव विविधता को बनाए रखने में मधुमक्खी एक महत्वपूर्ण कड़ी है। उन्होंने कहा कि मधुमक्खी एक ऐसा सामाजिक कीट है जो ना सिर्फ शहद उत्पन्न करता है बल्कि इसके द्वारा रॉयल जैली, पराग कण, प्रोपोलिस, मोम आदि भी प्राप्त होता है। विदित है कि मधुमक्खी दिवस सम्पूर्ण विश्व में 20 मई को मधुमक्खी पालन के प्रथम अन्वेषक ऐन्टोन जानसा की जयंती पर वर्ष 2017 से प्रति वर्ष मनाया जा रहा है। कार्यक्रम में कृषि महाविद्यालय अधिष्ठाता डॉ पीके यादव ने मधुमक्खियों के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि दुनिया में मधुमक्खी ना हो तो मानव सभ्यता खतरे में पड़ जाएगी। इसी क्रम में प्रसार निदेशक डॉ सुभाष चंद्र ने मधुमक्खी पालन को उद्यमिता के रूप में अपनाने को लेकर कहा कि इसे स्वरोजगार के रूप में अपनाना चाहिए। इसमें जमीन की भी आवश्यता नहीं होती।

---

**फास्ट न्यूज**

### गढ़वाल में 23 जगह धधके जंगल

**टीम एक्शन इंडिया**

**देहरादूनः** प्रदेश में जंगल में आग की 23 घटनाएं हुई हैं। इसमें 22 गढ़वाल और एक वन्यजीव क्षेत्र की घटना है। कुमाऊं में एक भी घटना नहीं हुई। वहीं जंगल में आग लगाने के आरोप में वन विभाग ने अज्ञात में तीन मुकदमे दर्ज किए हैं। गर्मी तेज होने के साथ ही वनाग्नि की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। नरेंद्रनगर वन प्रभाग में 2, सिविल वन पंचायत क्षेत्र में 2, मसूरी वन प्रभाग में 8, सिविल वन पंचायत क्षेत्र में 4, भूमि संरक्षण कालसी वन प्रभाग में 2, लैंसडाउन वन प्रभाग में एक, भूमि संरक्षण लैंसडाउन वन प्रभाग में एक, रुद्रप्रयाग वन प्रभाग में 2 और केदारनाथ वन्य जीव वन पंचायत क्षेत्र में वनाग्नि की एक घटना हुई हैं। राज्य में इसे मिलाकर वनाग्नि की घटनाएं बढ़कर 1121 हो गई है। इससे 1520 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक जंगल में आग लगाने के आरोप में अज्ञात में तीन मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसे मिलाकर जंगल में आग लगाने के मामले बढ़कर 425 हो गए हैं

### भारतीय सीमा पार कर आई महिला पाकिस्तानी सेना के हवाले

**टीम एक्शन इंडिया**

**पुंछः** पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) की एक 45 वर्षीय महिला को हिरासत में लिए जाने के दो दिन बाद मंगलवार को पुंछ जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास पाकिस्तानी सेना को सौंप दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि वह अनजाने में भारतीय सीमा पार कर आई थी। अधिकारियों ने बताया कि पाकिस्तान के कोटली जिले के सखी नाथ गांव की मूल निवासी नसीम फातमा को भारतीय सेना ने शनिवार देर रात राजौरी जिले के नौशेरा सेक्टर के पुखेरनी गांव से हिरासत में लिया था।

### दुनिया के कई देश आतंकवाद से पीड़ित: एडीजीपी

**टीम एक्शन इंडिया**

**हिसारः** एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण ने कहा कि हमारा देश ही नही अपितु दुनिया के कई देशों के लोग पिछले कई दशक से आतंकवाद की समस्या से जूझ रहे हैं। एडीजीपी डॉ. एम. रवि किरण मंगलवार को हिसार रेंज एडीजीपी कार्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।